सूर्योदय : 5:57
सूर्यास्त : 5:55
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-115 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, सोमवार, 02 अक्टूबर 2023
16 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# तेलंगाना में भाजपा सरकार होनी चाहिए: पीएम मोदी

## पीएम ने तेलंगाना को दी 13,500 करोड़ रुपयों की सौगात

**विकास**
- फूंका चुनावी बिगुल
- हैदराबाद-रायचूर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई
- तेलंगाना की बहनें जानती हैं कि उनका भाई दिल्ली में है



**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में चुनावी बिगुल फूंक दिया है। रविवार 1 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महबूबनगर में 13500 करोड रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के आधारशिला रखी है। इस दौरान उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया है।

इस रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से युवाओं के लिए विकास के नए अवसर खुलेंगे। वही व्यापार को भी बड़े स्तर पर बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि देशभर में त्योहारों का मौसम शुरू हो गया है। राज्य में शुरू की गई विकास परियोजनाएं बिजनेस को भी बेहद बढ़ावा देगी। देश के कई अहम कॉरिडोर तेलंगाना से होकर ही निकलेंगे।

गोदरेज भाई की तेलंगाना में अगली कुछ महीनो में विधानसभा चुनाव होने हैं। अपनी तेलंगाना यात्रा से पहले शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक पर प्रधानमंत्री ने कहा था कि तेलंगाना के लोग बीआरएस के कमजोर शासन से थक चुके हैं। सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा था कि कांग्रेस के प्रति भी जनता को विश्वास है। नवरात्रि शुरू होने वाली है, लेकिन उससे पहले ही संसद में हमने महिला आरक्षण विधेयक पारित करके शक्ति की पूजा करने की भावना स्थापित की है। तेलंगाना की बहनें जानती हैं कि उनका भाई दिल्ली में है, जो लगातार उनका जीवन बेहतर करने की कोशिश कर रहा है। उज्ज्वला गैस से लेकर प्रधानमंत्री शौचालय योजना जैसी कई योजनाएं शुरू की हैं।

## पीएम ने किया श्रमदान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता कार्यक्रम के तहत श्रमदान किया। उनके साथ अंकित बैयनपुरिया ने भी साफ-सफाई की। इसका एक वीडियो पीएम ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर साझा किया है। पीएम ने कहा, 'आज,जब देश स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अंकित बैयनपुरिया और मैंने भी वही किया! स्वच्छता के अलावा, हमने इसमें फिटनेस और खुशहाली को भी शामिल किया है।

### पुलिस रेडियो विभाग स्थापना दिवस समारोह में बोले सीएम

# आज प्रदेश किसी पहचान का मोहताज नहीं है: योगी

**संबोधन**
- इतिहास साक्षी है विजेता वही रहा जिसको प्रशिक्षण और हथियार मिले
- प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर थानों की स्थापना की स्वीकृति दी जा चुकी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस रेडियो मुख्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर कहा कि वर्ष 1938 में हरिद्वार कुंभ में तीन हाथियों पर हैंडसेट लेकर शुरू हुई पुलिस संचार प्रणाली की यात्रा आज मोबाइल तक आ चुकी है।

उन्होंने कहा कि हमें अपने इतिहास को भी संरक्षित रखना है, पुराने उपकरणों एवं शस्त्रों को कबाड़ में भेजने के बजाय प्रत्येक पुलिस लाइन और पीएसी की वाहिनी में म्यूजियम की स्थापना कर रखा जाए। इसका अवलोकन आम जनता के साथ स्कूली बच्चे भी कर सकें। योगी ने बीते प्रयागराज महाकुंभ में पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा किए गये कार्यों को उत्कृष्ट बताते हुए कहा कि इतिहास साक्षी है कि जिस बल के पास प्रशिक्षण, उपकरण और हथियार होते हैं, वह हमेशा विजेता रहता है। हर राष्ट्र आधुनिक तकनीक और संसाधन में पिछड़ने न पाए, इसका ध्यान रखता है। पुलिस के पास आंतरिक सुरक्षा की बड़ी जिम्मेदारी है। पुलिस दूरसंचार प्रणाली सटीक सूचनाएं जुटाने और उसे समय पर सही स्थान तक पहुंचाने की अहम भूमिका निभाती है। प्रयागराज कुंभ में पुलिस व्यवस्था देश और दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय बन गयी थी। करीब 24 करोड़ श्रद्धालुओं ने बदलते यूपी की तस्वीर देखी और उत्तर प्रदेश में अच्छा माहौल होने का संदेश लेकर वापस गये। हम तकनीक से भाग नहीं सकते, उसे व्यवस्था का अंग बनाना ही पड़ेगा। वहीं डीजीपी विजय कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेश पुलिस नई तकनीक को अपना रही है। कानून-व्यवस्था प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है, जिसमें पुलिस रेडियो मुख्यालय सेतु का काम करता है। डीजी टेलीकॉम संजय एम. तरड़े ने पुलिस रेडियो मुख्यालय की उपलब्धियों पर प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर मुख्य सचिव डीएस मिश्रा, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे।

# भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

**योजना**
- पीएम मोदी की मौजूदगी में राजस्थान-छत्तीसगढ़ की चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन




**नई दिल्ली।** भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक रविवार को पार्टी मुख्यालय में हुई। इस दौरान मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ समेत आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर मंथन हुआ। बैठक में पिछली बैठकों के नतीजों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और कई अन्य केंद्रीय मंत्री केंद्रीय चुनाव समिति का हिस्सा हैं। यही समिति पार्टी उम्मीदवारों पर अंतिम फैसला लेती है। बैठक में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, वसुंधरा राजे, भूपेंद्र यादव और कैलाश चौधरी समेत अन्य भाजपा नेता भी शामिल हुए। इससे पहले भाजपा के शीर्ष नेताओं ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनावों की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों राज्यों में फिलहाल कांग्रेस सत्ता में है।

## मणिपुर स्टूडेंट्स मर्डर केस में 4 आरोपी अरेस्ट

**इंफाल।** पूर्वोत्तर राज्य में मणिपुर में जुलाई में लापता हुए दो किशोर छात्रों की हत्या के सिलसिले में सीबीआई ने सेना और मणिपुर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में चार लोगों को आज रविवार को हिरासत में लिया है। वहीं, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा आज एक बड़ी सफलता में, हमने राज्य में दो युवाओं के अपहरण और हत्या के लिए जिम्मेदार मुख्य अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। सिंह ने कहा कि सरकार मामले में दोषियों के लिए मौत की सजा समेत अधिकतम सजा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपी की पत्नी सहित चारों को एक विशेष उड़ान से राज्य के बाहर ले जाया गया है। सिंह ने प्रेसवार्ता में कहा, दो युवकों की हत्या के आरोप में सीबीआई ने चूराचांदपुर जिले के हेंगलेप इलाके से चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्हें विशेष विमान के जरिये राज्य से बाहर ले जाया गया है।

# विधायकी छोड़ अखिलेश लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव

**प्रत्याशी**
- मध्य प्रदेश में कांग्रेस के साथ गठबंधन का किया एलान



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि नवरात्र में सपा वीआईपी मानी जाने वाली लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर देगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में हम कांग्रेस के साथ गठबंधन करके मैदान में उतरना चाहते हैं। इसके लिए बात भी चल रही है। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पुस्तक विमोचन के कार्यक्रम के बाद अखिलेश ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि नवरात्र में करीब एक दर्जन सीटों पर सपा अपने प्रत्याशी उतारेगी। इसमें भाजपा की वीआईपी सीटें भी शामिल होंगी। उनका इशारा प्रधानमंत्री के क्षेत्र वाराणसी के साथ ही गोरखपुर, अयोध्या, मथुरा व प्रयागराज सीटों पर था। अखिलेश ने कहा कि अगर भाजपा हमारे वीआईपी को हराने का प्लान बना रही है तो हम उनके वीआईपी को हराने की रणनीति न सिर्फ पहले ही तैयार कर चुके हैं, बल्कि घोसी के उपचुनाव में इसे साबित भी कर चुके हैं। हम पीडीए के साथ मिलकर भाजपा को उसकी वीआईपी सीटों पर भी हराएंगे।


# मालदीव के नए राष्ट्रपति होंगे मुइज

**चुनौती**
- चीन से है गहरा नाता
- भारत के लिए बढ़ सकता है टेंशन
- चीन के साथ लागू कर सकते हैं एफटीए



**नई दिल्ली।** हिंद महासागर में चीन के बढ़ते वर्चस्व के मद्देनजर अपने हितों को सुरक्षित करने में जुटी भारतीय कूटनीति के समक्ष कुछ नई चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। मालदीव में हुए चुनाव में चीन समर्थक डा. मोहम्मद मुइज विजयी हुए हैं और अब वह मालदीव के नए राष्ट्रपति होंगे। पीएम नरेन्द्र मोदी ने डा. मुइज को राष्ट्रपति चुनाव में विजयी होने पर बधाई दी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि मुइज सरकार भारत के साथ पिछले पांच वर्षों के दौरान द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने की कोशिशों को पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं कर सकती है, लेकिन अपनी चुनावी रैलियों में जिस तरह से उन्होंने चीन के समर्थन की बात कही है, वह कुछ अच्छे संकेत नहीं देता है। माना जा रहा है कि डा. मुइज चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता लागू करने का फैसला कर सकते हैं, जिससे हिंद महासागर स्थित इस छोटे से द्वीपीय देश में चीन की गतिविधियां और बढ़ सकती हैं। पीएम मोदी ने अपने बधाई संदेश में कहा है सनद रहे कि राष्ट्रपति चुनाव में पराजित मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के साथ भारत के बहुत ही प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। राष्ट्रपति सोलिह ने नवंबर, 2018 में अपने शपथ-ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी को विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। सोलिह ने दिसंबर, 2018 में भारत को अपने पहले विदेश दौरे के लिए चुना था। अगस्त, 2022 में पीएम मोदी और राष्ट्रपति सोलिह ने 50 करोड़ डालर की लागत से तैयार होने वाली मालदीव की सबसे बड़ी कनेक्टिविटी परियोजना की नींव रखी थी।



# नैमिष की धरती से मुख्यमंत्री ने दिया स्वच्छता का संदेश

## आयोध्या की तर्ज पर नैमिषारण्य के विकास का किया वादा

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को तपोभूमि नैमिषारण्य पहुंचे। मुख्यमंत्री ने चक्रतीर्थ धाम व माँ ललिता देवी मंदिर में पूरी विधि विधान से पूजन अर्चन कर नैमिषारण्य तपोभूमि की शान्ति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने चक्रतीर्थ के महन्तों से वार्ता करते हुये कहा कि केन्द्र व राज्य की सरकार मिलकर नैमिषारण्य का समग्र विकास कर रही है। उन्होंने पूज्य बापू जी की जयंती पर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिये स्वैच्छांजलि का अहवाहन किया। मुख्यमंत्री ने खुद झाड़ू लगाकर स्वच्छता श्रमदान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि इसको केवल आज ही नही, बल्कि हमको अपने दैनिक जीवन में भी उतारना है। एक जन आन्दोलन के रूप में हमें इसे आगे बढ़ाना है। जीवन की पहली आवश्यकता स्वच्छता है। यहीं हमारा प्रयास होना चाहिये कि हमारे आस-



पास स्वच्छ वातारण हो, नदियां स्वच्छ हों और जो धार्मिक स्थल हैं वहां पर भी स्वच्छ वातावरण हो। प्लास्टिक से हमें दूरी बनानी पड़ेगी, जिसको हमें पूरी तरह से मुक्त करना पड़ेगा। जिसके लिये हमारे पास दूसरे विकल्प आ चुके हैं। उसको हमें स्वीकार करना पड़ेगा। नैमिष के विकास के लिये हम इतना कार्य करेंगे कि वैदिक एवं पौराणिक स्थली से सभी लोग जानेगें। नैमिष की बेहतर कनेक्टीविटी के लिये हमने इलेक्ट्रिक बसों का संचालन जल्द ही शुरू कर देंगे तथा हेलीकाप्टर की भी सेवा जल्द ही शुरू की जायेगी।



अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के शुभारम्भ के साथ ही यह अवसर है कि हम सब मिलकर नैमिषारण्य के विकास के लिये कार्य करें। जिसके लिये यह वातावरण हमें स्वयं देना होगा। जिसकी शुरूआत होती है स्वच्छता से। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं आप लोगों को आश्वस्त करने आया हूं कि केन्द्र व राज्य सरकार नैमिष के समग्र विकास के लिये पूरी तरह से संवेदनशील है। अभी तो यह एक छोटी सी झलक है व बहुत विकास नैमिष में होना है। जब सभी कार्य मूलरूप में देखने को मिलेंगे तब आप को लगेगा कि सिर्फ अयोध्या में ही विकास नही हुआ है बल्कि नैमिषारण्य भी विकास के पथ पर है। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जनसभा की। उन्होंने 459.88 करोड़ की लागत से 45 कार्यों का शिलान्यास एवं 90.16 करोड़ की लागत से 29 कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि नैमिष के विकास के लिए सरकार के पास धन की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ से नैमिषारण्य की बेहतर कनेक्टिविटी के लिये इलेक्ट्रिक बसों एवं हेलीकॉप्टर का भी संचालन जल्द ही शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि यहां पर जो कार्य कराये जा रहे हैं, उसे व्यापारियों व अन्य लोगों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री जी ने नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद के अन्तर्गत गतिमान परियोजनाओं एवं विकास कार्यों की अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## अवैध शस्त्र समेत गिरफ्तार



**सीतापुर।** रामकोट पुलिस टीम ने परेसहरा मोड़ पर छापेमारी की। यहां पर पुलिस टीम ने विकास उर्फविक्कू पुत्र पुतान निवासी परसेहरा थाना रामकोट को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि विकास शातिर अपराधी है और थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके ऊपर करीब 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। शस्त्र बरामदगी के संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

## नगरिकों को हो रही पेयजल की दिक्कत

**सीतापुर।** नगर पंचायत महोली के गुजिया लाइन रोड पर बने आसरा अवसान के गरीब परिवारों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। यहां के निवासियों के अनुसार टंकियों की पाइप टूटी हुई है। जिन्हे बदलने की आवश्यकता है।

कई बार अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत का ध्यान इस समस्या की तरफ आकर्षित किया गया लेकिन आज तक कुछ नहीं हो सका। शाम के समय पानी न मिलने से यहां के गरीब परिवार गुजिया लाइन रेलवे फाटक के पास हैंड पंप से पानी लाने को मजबूर है। आखिर कब सुधरेगी यहां की पेयजल व्यवस्था है यह तो नगर पंचायत ही जाने। फिलहाल यहां के गरीब परिवारों में गहरा रोष व्याप्त है।

## सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



**सीतापुर।** महोली आदर्श नगर पंचायत की अध्यक्ष केतुका ने सभासद राजू के साथ थाने के सामने सफाई की। वहीं नगर के बाबा बैजनाथ धाम पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता टीटू ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती केतुका के साथ मिलकर साफसफाई की।

इस कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मचारी ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान का संदेश दिया। वहीं लोगों से साफसफाई दुरुस्त रखने और इस स्वच्छता महा अभियान में अपना पूरा सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान सभासद राजू, अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार, प्रफुल्ल कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## वृद्धजनों का किया गया सम्मान

**सीतापुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनो के जीवन में वद्धाश्रम नया सवेरा ला रहे है। समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रायोजित व सार्वजनिक शिक्षोन्नयन द्वारा संचालित सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान वृद्धाश्रम निकट चकतीर्थ मॉ ललिता देवी मंदिर मार्ग नैमिषारण्य में 150 क्षमता का वृद्धाश्रम है। जिसके सापेक्ष कुल 110 वृद्धजन हैं।

इनमें 55 पुरुष एवं 50 महिला हैं। 105 वृद्धजनो को निःशुल्क आवास, भोजन, वस्त्र औषधि वृद्धावस्था पेंशन की दी जा रही है। स्वच्छता पखवाडा एवं अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के कार्यक्रम में उपस्थिति वृद्धजनों का माल्यार्पण किया गया। वस्त्र एवं फलों का वितरण किया गया। बुजुर्गो के लिए हेल्पलाइन एल्डर लाइन 14567 सेवा भी शुरू की गई। देश में बुजुर्गो की बढ़ती संख्या को देख राज्य सरकार उनसे जुड़ी सुविधाओं को बढाने में तेजी से लगी है। इस लिहाज से जो अहम कदम उठाया गया है।

## अधिकारियों व कर्मचारियों ने की सफाई



सीतापुर। सेवा पखवाड़ा व स्वच्छ भारत अभियान के तहत बिसवां चीनी मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों ने साफसफाई की। बिसवां दि सेकसरिया शुगर फैक्ट्री में अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया।

नगर पालिका परिषद में भी अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल व अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों के साथ मिलकर साफसफाई। हनुमत रामेश्वर दयाल इंटर कॉलेज के अध्यापकों ने भी स्वच्छता अभियान में प्राइमरी से इंटर कॉलेज तक साफसफाई की।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कसमंडा पहुंचे निर्वतमान जिलाध्यक्ष

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** भाजपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष भाजपा के सेवा पखावाड़ा अभियान के तहत रविवार को विकास



खंड कसमंडा के प्राथमिक विद्यालय बैकुंठपुर पहुंचे। यहां पर उन्होंने विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई की।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है, कि सभी देशवासी स्वस्थ्य रहें। यहीं वजह है कि उन्होंने स्वच्छता पखवाड़ा जैसा अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का यह अभियान एक संदेश मात्र है। हम सभी को स्वच्छता को अपने जीवन में उतारना होगा। स्वस्थ्य जीवन के लिए हर दिन साफ सफाई करनी होगी। अपने घर समेत आस पड़ोस की भी साफसफाई करें। इससे वातावरण स्वच्छ रहेगा और बीमारियों से निजात मिलेगी। उन्होंने सभी से साफसफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इस अवसर पर सेक्टर संयोजक अरविंद तिवारी, बूथ अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला, अरविंद पांडेय आदि मौजूद रहे।

## बिसवां में रक्तदान शिविर का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** गया प्रसाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल की टीम ने बिसवां स्वास्थ्य केंद्र की टीम के साथ शिविर में रक्त संकलन किया।

शिविर में समुदायिक स्वास्थ बिसवां के चिकिसक व कर्मचारियो ने रक्तदान किया। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अमित कपूर के नेतृत्व में चिकित्सकों व कर्मचारियों ने रक्तदान किया। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अमित कपूर ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं। रक्तदान जीवनदान देता है। रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होने कहा कि रक्तदान से किसी भी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती है। बल्कि शरीर और भी स्वस्थ्य हो जाता है। इस मौके पर डा कैलाश चंद्रा, डा दीपक यादव, डा कामरान अली,



राकेश, एमएम त्रिवेदी, अनूप कुमार, बीपीसीएम, विमल किशोर त्रिपाठी ने रक्तदान किया। जिला ब्लड यूनिट टीम में दिवाकर सिंह, राजाराम, एसएलए, गोविंद व पुनीत शातिल रहे। कैम्प में 12 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। जिले से आई टीम द्वारा अवगत कराया गया कि जिले की समस्त समुदायिक स्वास्थ केंद्रों में तहसील स्तरीय कैम्पो में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा।

## श्रीमद भागवत कथा सुनने को जुटे श्रद्धालु

**सीतापुर।** महोली के महसुनियागंज में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने वेदों के सार को बताया। उन्होंने बताया की श्रीमद् भागवत सभी वेदों का सार है।

उन्होंने कहा कि हमें इसके अध्ययन से ज्ञान की प्राप्ति होती है। हमको सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेते हैं। कथा व्यास ने कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रीमद् भागवत कथा की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि इस संसार में जो भी आया है। उसे जाना ही होगा मनुष्य के कर्म ही उसे अपने लक्ष्य तक पहुंचाते हैं। यह भावना प्रत्येक मनुष्य के अंदर आए यही हमें भागवत महापुराण सिखाती है। कथा समापन पर आरती और प्रसाद वितरित किया गया पंडाल में भारी संख्या में भक्त गण उपस्थित रहे।

## महराजगंज क्षेत्र में कार्यक्रमों की धूम रही

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** केंद्र सरकार और प्रदेश प्रदेश की योगी सरकार के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता ही सेवा है, अभियान के अंतर्गत महराजगंज क्षेत्र में कार्यक्रमों की धूम रही। जगह-जगह सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आपको बता दें कि, रविवार का अवकाश होने के बावजूद नगर पंचायत कार्यालय खुल रहा, और अपर्णा मिश्रा के नेतृत्व में सभी कर्मचारी व सफाई कर्मियों ने सड़कों और गलियारों में झाड़ू लगाया तथा संकल्प लिया कि, स्वच्छता को जीवन का अनिवार्य अंग बनाएंगे। इस मौके पर जहां नगर पंचायत अध्यक्षा सरला साहू के प्रतिनिधि व पति प्रभात साहू और पांच सभासदों विनीत वैश्य, रामकुमार यादव, जमुना विधायक, धनंजय वर्मा, राजकुमारी ही नजर आए। शेष सभासदों का अता-पता नहीं दिखा। लोगों में यह बात चर्चा में रही की इतने महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आखिर सभासद गणों ने उपेक्षा क्यों बरती। इसके अलावा कार्यक्रम में वरिष्ठ लिपिक रामचंद्र त्यागी, जमुना प्रसाद, राम भारत, गैस आजम आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में विकासखंड क्षेत्र के मऊ ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान भेलई मौर्य के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने गौशाला में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संकल्प लिया, और गोवंशों को केला, चना और गुड़ खिलाया गया।

इसी प्रकार मऊ गांव के ही ऊंचेश्वर महादेव मंदिर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भोलू सिंह व राजकुमार सिंह उर्फ मोंगा के नेतृत्व में शिवम् पाण्डेय, शिवा यादव, राजा पाण्डेय, मोहम्मद अयान, नियाज अहमद, पिंटू रैदास, विकाश रैदास, आकाश, गुल्लु राज चौरसिया, उमानाथ सिंह आदि लोगों ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

इसी प्रकार जमोलिया ग्रामसभा में ग्राम प्रधान अंजनी कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मनरेगा पार्क में ग्राम कमेटी के सभी सदस्यों और सैकड़ो लोगों ने स्वच्छता अभियान में झाड़ियां काटकर पूरे परिसर में झाड़ू लगाया और कूड़े का निस्तारण करने के लिए सारा कूड़ा डंप किया। इस मौके पर शिव प्रसाद यादव, रंगराज यादव, शिव शंकर सफाई कर्मी, पप्पू यादव, रामरतन सदस्य, बैजनाथ पुजारी, छोटेलाल, श्यामलाल, रामगुलाम सदस्य, सूरज बली सदस्य आदि मौजूद रहे। कार्यक्रमों की श्रृंखला में तहसील, कोतवाली, ब्लॉक परिसर महराजगंज, उच्च माध्यमिक विद्यालयों, प्राथमिक विद्यालयों, अस्पतालों, प्राइवेट विद्यालयों, आदि में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई, और संकल्प लिया गया कि, गंदगी को नहीं पनपने देंगे।

## सामाजिक संस्था ने विभिन्न जगह-जगह में चलाया स्वच्छता अभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** 1 अक्टूबर को पूरे देश में स्वच्छता दिवस मनाया जा रहा है पीएम मोदी ने स्वच्छता दिवस पर देश की जनता से एक घंटे श्रमदान करने की अपील की है इस स्वच्छता दिवस पर संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने रायबेरली शहर के विभिन्न जगह-जगह पर एक-एक घंटा के लिए श्रमदान कर रहा है भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वच्छता पखवारे के अंतर्गत स्वच्छता आह्वान पर बदलते भारत की राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद सामाजिक संस्था द्वारा आज शहर के विभिन्न जगह-जगह में छात्र/छात्राओं को स्वच्छता उद्बोधन देकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन हुआ रायबरेली जनपद में ÷स्वच्छता के बीज बोने वाले÷ सामाजिक कार्यकर्ता तथा संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने छात्र/छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सब बच्चे बिस्कुट, नटखट, कुरकुरे आदि के खाली पैकेट, केले के छिलके, रास्ते में पड़े सुतली अथवा पैकेजिंग में प्रयोग होने वाले प्लास्टिक के गोल छल्ले,देव प्रतिमाओं को उचित स्थान पर डालने की सुंदर आदत डालें संस्था परिवार को स्कूल में दो बच्चे ऐसे भी मिले जो दिव्यांग थे जिनको संस्था परिवार ने प्रधान शिक्षिका से अनुमति लेते हुए कहा कि इन दोनो दिव्यांग बच्चों के इलाज कराने के लिए संस्था परिवार दोनों बच्चों को गोद लेना चाहती है संस्था परिवार की भावनाओं को दृष्टि गत रखते हुए प्रधान शिक्षिका ने इलाज कराने के लिए दोनों बच्चों को गोद लेने के लिए फिलहाल मौखिक स्वीकृति प्रदान कर दी है आज के इस स्वच्छता अभियान में स्कूल की शिक्षिकाओं में प्रधान शिक्षिका सहित सभी अध्यापक अभियान में अपनी अपनी ÷वर्णिम उपस्थिति अंकित कराई संस्था के पदाधिकारी शैलेंद्र पांडेय सर्वेश कुमार पाल मोहित शुक्ला दीपेंद्र सिंह कुंवर राज सिंह यादव विमल गुप्ता शिवम सिंह शुभम शुक्ला अश्वनी शुक्ला उपस्थित रहे।

## घर -घर से एकत्र की माटी

सीतापुर। पिसावां क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेवादा द्वितीय में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हारून अली और प्रधान नसीब बानो ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत ग्राम पंचायत में घर-घर जाकर माटी एकत्र. की। उन्होंने एक- एक मुट्ठी माटी कलश में ग्रामीणों से एकत्रित की। गांव वालों ने कलश में एक-एक मुट्ठी माटी डालते हुए अमर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि एवं निष्ठा का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से हुकुम सिंह, सूर्यकुमार, आदर्श सिंह, मुकेश कुमार आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का सफल आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत रविवार को मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक स्थल पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, नोडल अधिकारी रजनीश गुप्ता और स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने श्रमदान किया। साथ ही उन्होंने लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

मंत्री श्री प्रताप ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जी का यह महत्वपूर्ण संकल्प है जिसके माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती को स्वच्छता पखवाड़े के रूप में मनाए जाने का संकल्प लिया गया है। इसके माध्यम से सभी जनपदों में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और लोगों को संदेश दिया जा रहा है कि लोग न केवल अपने गांव, नगर और जनपद को स्वच्छ बनाएं बल्कि इसके साथ ही साथ अपने तन और मन को भी शुद्ध करके सामाजिक स्वच्छता भी लाने का प्रयास करें।

इसी क्रम में प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने भी जिलाधिकारी के साथ सुपरमार्केट स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और श्रमदान किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमें जनपद में सामाजिक स्वच्छता दिलाने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए लोगों को उच्च नीच, जात-पात से ऊपर उठकर अपने मन को भी स्वच्छ रखने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि स्वच्छ शरीर में ही स्वच्छ और स्वस्थ भारत का वास होगा।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी पूजा मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह के अतिरिक्त सभी विभागों के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## दुरियाई जनपद गौतम बुद्ध नगर में शिक्षक विधायक श्री चंद शर्मा के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया



*अवधनामा संवाददाता*

**गौतम बुद्ध नगर।** शिक्षक विधायक श्री चंद शर्मा ने दुरियाई जनपद गौतम बुद्ध नगर में स्वच्छता अभियान के तहत बीजेपी युवा मोर्चा कार्यकर्ता व बीजेपी अध्यक्ष विकास डबास ने अपने घर की गली से लेकर भगत सिंह चौक सरकारी स्कूल की सफाई की। इस मौके पर श्री चंद शर्मा विधायक ने कहा कि सरकारी जूनियर स्कूल को हाई स्कूल करने का आदेश हो चुका है । बहुत जल्दी ही इसकी बिल्डिंग भी बन जायेगी। दुजाना ग्राम के जन सेवक पवन नागर ने भी विधायक श्री चंद शर्मा के साथ स्वच्छता अभियान में भाग लिया।दुरियाई गांव के प्रधान धर्म जीत ने भी इस मौके पर कहा की गांधी जी के सपने को साकार करने के लिए हमारे देश के ओजस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2014से स्वच्छता अभियान चलाया। बीजेपी अध्यक्ष विकास डबास ने अपनी युवा टीम के माध्यम से आज और कल दोनों दिन सफाई अभियान शुरू कर दिया हैं। इस मौके पर विकास डबास ने बताया कि हमारा देश विकसित हो रहा है और विश्व गुरू बहुत ही जल्दी बन जायेगा। युवा मोर्चा के नितिन भारद्वाज भी स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़ कर योग दान दे रहें हैं। दुरियाई ग्राम के पूर्व प्रधान वीरपाल चौधरी, अमन गौतम और सोनू गौतम ,गांव के कई सम्मानित व्यक्ति अरुण चौधरी, राजेश कुमार, पप्पू डबास, वेद प्रकाश, संजय डबास ,पंकज डबास, पवन नागर दुजाना , विजय चौधरी, संजय शर्मा जय कुमार शर्मा, संदीप चौधरी अन्य आदि भी झाड़ू लगाते हुए दिखे ।

## सघनता पूर्वक चेकिंग की जाए

**गौतमबुद्धनगर।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार डीसीपी नोएडा के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा पुलिस बल के साथ सादे वस्त्रों में बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-15, सेक्टर-16 व सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा का जायजा लेते हुए चेकिंग अभियान चलाया गया। उनके द्वारा मेट्रो स्टेशन परिसर में सुरक्षा में नियुक्त सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उनके द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया की वह सीसीटीवी के माध्यम से प्रत्येक आने जाने वाले व्यक्ति पर अपनी नजर बनाए रखें व किसी भी व्यक्ति के संदिग्ध प्रतीत होने पर तुरंत उसकी सघनता पूर्वक चेकिंग की जाए। इसके उपरांत उनके द्वारा मेट्रो परिसर के आसपास महिलाओं से संवाद किया गया व उनसे सुरक्षा के प्रति जानकारी लेते हुए उनके सुझाव भी मांगे गए।

## श्रमदान कर राष्ट्रपिता को स्वच्छांजलि दी

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया।महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर स्वच्छ भारत का संदेश देते सभी ने एक घंटे श्रमदान कर राष्ट्रपिता को स्वच्छांजलि दी। प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार मिश्र सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं,शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे ऊर्जा विहार के लोगो को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। सी.बी. एस. ई.एवं राज्य सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए पूरे विद्यालय परिवार ने स्वच्छता हेतु जागरूकता का संदेश देने का एक अनूठा प्रयास किया।सुबह से ही सभी में इस अभियान में शामिल होने की ललक साफ देखने को मिली।इस अवसर पर प्रधानाचार्य जी ने सभी कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई, और सभी से अपील की कि सभी अपने आस- पास के लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक करके इस भारत सरकार की इस मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने में सहभागिता प्रदान करें और स्वच्छता सेनानियों को पूरा सम्मान दें। प्रधानाचार्य जी ने गांधी जयंती की पूर्व दिवस पर सभी को महात्मा गांधी जी द्वारा स्वच्छता हेतु किए गए प्रयासों के बारे में बताते हुए और उनके आदर्शों पर चलने की अपील की।उन्होंने यह भी बताया कि स्वच्छता अभियान में सहयोग करके हम किस प्रकार अपने देश एवम समाज के विकास में सहायक हो सकते हैं।

प्रदेशवासियों को गांधी जयंती की बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं

रामकेश निषाद
जलशक्ति राज्यमंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

समस्त प्रदेशवासियों व जनपदवासियों को गांधी जयंती की बहुत-बहुत बधाई एवं अपार शुभकामनाएं

प्रकाश द्विवेदी
सदर विधायक
बांदा

समस्त प्रदेशवासियों व जनपदवासियों को गांधी जयंती की बहुत-बहुत बधाई एवं अपार शुभकामनाएं

श्रीमती मालती बासू
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बाँदा

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत मूंगुश
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
रामस्वरूप
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत नरी
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
बिटुलिया
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत निवाईच
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
सपना सिंह
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत पैलानी
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
आशीष कुमार
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत पपरेन्दा
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
रामलली सिंह
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत रेहुंटा
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
ओंकार निषाद
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत सिंहपुर
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
रामबरन
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत वासिलपुर
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
राजकिशोर
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत गोखरही
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
भगिया
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत लोहारी
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
माया
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत खरेई
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
गोरेलाल निषाद
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत बरेठीकलाँ
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
पुष्पा
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत जसईपुर
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
अंजली
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत माटा
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
बल्देव
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत खरेई
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
गोरेलाल निषाद
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत परसौड़ा
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
अनामिका
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत खप्टिहाकलाँ
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
मैना निषाद
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत डिघवट
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
बाबूराम निषाद
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत कुकुवाखास
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
उर्मिला निषाद
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत पिपरगवाँ
विकास खण्ड-तिन्दवारी (बांदा)
आशा प्रजापति
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत अतर्रा ग्रामीण
विकास खण्ड-नरैनी (बांदा)
कमलेश
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत दुबरिया
विकास खण्ड-नरैनी (बांदा)
अजीजुलहक
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत गढ़वामानपुर
विकास खण्ड-नरैनी (बांदा)
रमेश
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत पल्हरी
विकास खण्ड-नरैनी (बांदा)
इन्द्रकली
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत पचुल्ला
विकास खण्ड-बड़ोखरखुर्द (बांदा)
माया देवी
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत करबई
विकास खण्ड-बड़ोखरखुर्द (बांदा)
श्रीमती अन्नू
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत हटेटीपुरवा
विकास खण्ड-बड़ोखरखुर्द (बांदा)
ओमप्रकाश
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत तिन्दवारा
विकास खण्ड-बड़ोखरखुर्द (बांदा)
सन्तराम
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत छनेहरा लालपुर
विकास खण्ड-बड़ोखरखुर्द (बांदा)
लियाकत खां
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत जारी
विकास खण्ड-बड़ोखरखुर्द (बांदा)
रामकिशुन
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत पचनेही
विकास खण्ड-बड़ोखरखुर्द (बांदा)
आशा देवी
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत लुकतरा
विकास खण्ड-बड़ोखरखुर्द (बांदा)
तुलसीराम
प्रधान ग्राम विकास अधिकारी

# हरियाली करें संरक्षित सुदृढ़ रहेगा भविष्यः राजरानी



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** वृक्ष लगाना सबसे पुनीत कार्य है, वृक्षों से हमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष बहुत से लाभ मिलते हैं, हमें फल फूल छाया मिलती है पशु पक्षियों को भोजन मिलता है और पर्यावरण संतुलित रहता है।

उक्त विचार रविवार को सफदरगंज चौराहे पर स्थित जैदपुर पौधशाला मे आयोजित वानिकी नववर्ष गौष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कही। उन्होंने सभी से एक एक पेड़ लगाने की अपील करते हुए आज हरियाली संरक्षित रखने पर ही कल हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा। पर्यावरण संरक्षण के प्रति यदि हम जागरूक नहीं हुए तो आने वाले समय में हमारे समक्ष गंभीर चुनौती खड़ी हो सकती है, इसलिए पौधरोपण व पौधों की सुरक्षा का यह महाभियान निरंतर चलना चाहिए।

## बड़े हादसे का शिकार होने से बची सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन

**बाराबंकी।** जम्मू से कोलकाता जा रही सियालदाह एक्सप्रेस हादसे का शिकार होते रह गई। ट्रैक पर पिकप पलट जाने की वजह से ट्रेन 20 मिनट तक आउटर पर रुकी रही। ट्रैक क्लियर होने के बाद ट्रेन को रवाना किया जा सका। मामले में रेलवे ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही गई है। शानिवार की रात्रि में पौने दस बजे के करीब कोलकाता को जाने वाली सियालदाह एक्सप्रेस ट्रेन के सफदरगंज रेलवे स्टेशन से छूटने के बाद ट्रेन को ग्रीन सिग्नल दे दिया गया। इस दौरान ट्रैन सैदखानपुर से सुरक्षित निकल गई। सिग्नल कन्फर्म होने की वजह से ट्रेन गंतव्य की तरफ बढ़ती गई। इसी दौरान दरियाबाद क्रासिंग संख्या 153c पर गेट बंद करने के दौरान जल्दबाजी में एक पिकप पलट गई। इस बीच ट्रेन लालपुर गुमान पहुच चुकी थी।

## 11 को लखनऊ में प्रदर्शन करेगी भाकपा

**बाराबंकी।** शहर व देहात में नहरों के पानी के जलभराव व ग्रामीण क्षेत्रों में हुए नुकसान का हर्जाना सरकार आंकलन करा अविलम्ब दें और आवारा पशुओं के द्वारा किए नुकसान व मृतकों को भी क्षतिपूर्ति की जाए। इन मांगों



को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि आगामी 11 अक्टूबर को लखनऊ में प्रदर्शन करेगी। यह निर्णय पार्टी की जिला कौंसिल की बैठक आज लिया गया है। बैठक में जिला सचिव बृज मोहन वर्मा राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा डाँ सह सचिव कौसर हुसैन मो कदीर रामनरेश वर्मा दीपक वर्मा रणविजय सिंह जीतेन्द्र श्रीवास्तव जित्तू भैया मुनेश्वर गोस्वामी जिया लाल वर्मा ज्ञानेश्वर शैलेंद्र कुमार वर्मा सूर्य प्रकाश संदीप तिवारी आदि प्रमुख लोग थे। बैठक की अध्यक्षता डाँ कौसर हुसैन ने की।

## एडी बेसिक ने एक घण्टे किया श्रमदान, स्वच्छता को लेकर जागरूक होने की अपील

**मसौली, बाराबंकी।** मंडलीय शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल राम सागरपति त्रिपाठी ने रविवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बड़ागांव का औचक निरीक्षण कर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा में एक घण्टे का श्रमदान किया गया तथा परिषदीय विद्यालयों की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# नगर पंचायत टिकैतनगर में सभी सभासदों ने एक घंटा श्रमदान करके दी स्वछांजली

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** आदर्श नगर पंचायत टिकैतनगर में सभी सभासदो व चेयरमैन ने एक घंटा श्रमदान करके स्वछांजली दी। नगर पंचायत टिकैतनगर के सभी वार्डो के सभासदो व नगर के चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत टिकैतनगर के वार्डो में श्रमदान किया वही वार्ड नंबर 10 के सभासद राजेश शर्मा फक्कड़ व वार्ड नंबर 6 के सभासद प्रतिनिधी अंकुर यज्ञसेनी सहित जन सहयोग कल्याण सेवा समिति के द्वारा 1 घंटे का श्रमदान कर वार्ड की साफ सफाई करवाई गई व लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया व सफ़ाई रखने हेतु संकल्प दिलाया गया जिसमें संरक्षक राजेश शर्मा अध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य प्रबंधक पंकज वर्मा महामंत्री सतीश कुमार उप मंत्री नितिन मौर्य सदस्य सुशील कुमार सदस्य सदाशिव गोस्वामी मौर्य जिला मीडिया प्रभारी अजय कुमार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया



प्रभारी कृष्ण मौर्य जिला महामंत्री अनिल मौर्य ब्लॉक अध्यक्ष परमेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष अमरेश यादव नगर अध्यक्ष अंकुर यज्ञसेनी व अन्य पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित रहे

## स्वच्छता अभियान में जुटे भाजपाई, बापू को किया नमन

**बाराबंकी।** महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती के एक दिन पूर्व भाजपाइयों ने स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और झाड़ू लगाकर सफाई की। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने नाका चौराहा स्थित आंबेडकर पार्क में सफाई की एवं बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान जिले के सभी मंडलों में चलाया जा रहा है जहां भाजपाई धार्मिक स्थलों, दलित बस्तियों और चौराहों पर स्थित प्रतिमाओं की सफाई में जुटे हैं। इस अवसर पर रचना श्रीवास्तव, विजय आनंद बाजपेई, रोहित सिंह, विष्णु प्रभाकर वर्मा, अरुण रावत, पुलकित त्रिवेदी, मनोज कुरील, सत्या पंडित, जुगुल किशोर, चंद्र प्रकाश गुप्ता, अंकित गुप्ता, आलोक वर्मा, संजय मौर्या मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर डीएम ने शतायु मतदाताओं को किया सम्मानित

**अयोध्या।** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस÷ के अवसर पर तहसील सदर के शतायु मतदाताओं को अंगवस्त्र, पुष्प एवम् मिष्ठान प्रदान कर किया सम्मानित।जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने जिलाधिकारी कार्यालय में 01 अक्टूबर को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर शतायु 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सम्मानित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील सदर के शतायु मतदाताओं यथा- प्यारे लाल, श्याम लाल, विद्यादेवी सेठ, कैफरिन, जहरूल्निशां आदि को अंगवस्त्र, पुष्प एवम् मिष्ठान प्रदान कर सम्मानित किया।

## राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदाता दिवस पर 25 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** एक अक्तूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदाता दिवस के शुभ अवसर पर संकल्पसंस्थान द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल फैजाबाद के ब्लड बैंक परिसर पर हुआ।।रक्तदान शिविर का उद्घाटन प्रयागराज के रि.मुख्य चिकित्सा अधिकारी रहे और जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ नानक शरण ने किया।।उद्घाटन कार्यक्रम में जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ विपिन कुमार, डॉ शेषाद्र श्रीवास्तव, डॉ आशीष पाठक, डॉ मंजूषा गुप्ता,काउंसलर ममता खत्री,मौजूद रहे।रक्तदान शिविर में रक्तदाओं को अयोध्या के पूर्व विधायक जय शंकर पाण्डेय ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।रक्तदान शिविर में 25 रक्तदाता साथियों ने रक्तदान किया।रक्तदान करने वालो में संकल्प संस्थान के अध्यक्ष डॉ आशीष पाण्डेय÷ दीपू ÷, मो साहिल,जितेंद्र यादव,मानवेंद्र श्रीवास्तव,विकास मिश्रा,अनुज त्रिपाठी, डॉ विवेक श्रीवास्तव,अक्षत पाण्डेय,सुधीरश्रीवास्तव,चंद्रहास,राहुल यादव सहित 25 युवाओं ने रक्तदान किया।

# जिले के सभी शक्ति केन्द्रों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर पूरे देश में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। जनपद अयोध्या में एक तारीख एक घंटा स्वच्छता अभियान के तहत भाजपा जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकताओं के द्वारा महानगर व जिले के सभी शक्ति केन्द्रों पर स्वच्छता अभियान चला कर स्वच्छता की शपथ ली गई। भाजपाईयों द्वारा लोगों के स्वच्छता के लिए जागरूक भी किया गया। करियप्पा मंडल के पाटेश्वरी देवी मंदिर पर सांसद लल्लू सिंह ने कार्यकताओं के साथ साफ-सफाई की। मंदिर परिसर व अगल-बगल झाड़ू लगाया, घासों को साफ किया गया तथा कुण्ड की सफाई की। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने जो स्वच्छ भारत का सपना



देखा था जिसके लिए सभी नागरिक मिल कर कार्य करें। गांधी जी के स्वप्न को को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान प्रारम्भ किया था। जो आज जन-जन का अभियान बनता जा रहा है। स्वच्छता अभियान में रवि सोनकर, अमल गुप्ता राम मिलन निषाद बृजेन्द्र सिंह, रिंकू सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सांसद लल्लू सिंह द्वारा अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर अयोजित स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया ।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में देवकाली मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान आलोक द्विवेदी, शैलेन्द्र कोरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। संत रविदास वार्ड के कुष्ट आश्रम में प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान साफ-सफाई की गई। गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया। तथा कुष्ट रोगियों को फल वितरण किया गया।

## झाड़ू लेकर मात्रा फोटो खिंचवा लेने से स्वच्छ नहीं होगा जनपद

**अयोध्या।** आज यानी 1 अक्टूबर को कचरा मुक्त भारत स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छता के लिए 1 घंटे का श्रमदान मात्र दिखावा साबित हो रहा है। भरपूर सफाई अमला व साधनों के बावजूद शहर में सफाई नाम के लिए हो रही है। वार्डो में फैली गंदगी और हाइवे पर लगे कचरे के ढ़ेर स्वच्छता अभियान की सच्चाई उजागर कर रहे हैं। विभागों के अधिकारी नेताओं ने सुबह से ही झाड़ू लगाना शुरू कर दिया लेकिन झाड़ू उसे जगह लगाया जहां पर कोई गंदगी नहीं थी उसे जगह किसी ने झाड़ू नहीं लगाई जहां गंदगी का ढेर लगा हुआ ऐसे कचरा मुक्त भारत स्वच्छ भारत अभियान से क्या लाभ सफाई करनी है तो जी जान से करें नगर मोहल्ले गली को साफ सुथरा रखें एक दिन झाड़ू पकड़ लेने और फोटो खिंचवा देने से नगर मोहल्ला शहर स्वच्छ नहीं होगा नगर निगम के पास साधन सुविधाएं, फिर भी शहर में जिम्मेदारों की लापरवाही से कचरा मुक्त भारत स्वच्छ भारत अभियान दिखावा साबित हो रहा है। शहर में जगह-जगह गंदगी के ढ़ेरों को देखकर शहर में सफाई के दावों की सच्चाई का अंदाजा लगाया जा सकता है। नालियों की सफाई पर भी ध्यान नहीं दिया जाता है। नालियां कचरे से पटी पड़ी हैं, इनके ठहरे पानी में मच्छरों के लार्वा पनप रहे हैं। लोगों का कहना है गंदगी के कारण संक्रामक रोगों का। खतरा बना है। यही है एक दिन का कचरा मुक्त भारत स्वच्छ भारत अभियान से स्वच्छ नहीं होगा जनपद जनपद में कई सरकारी कार्यालय कई विद्यालय प्राथमिक विद्यालय में कचरे का ढेर लगा हुआ है। लेकिन झाड़ू लेकर स्वच्छ अभियान चलाने वाले लोग वहां जाकर साफ सफाई नहीं करते हैं जहां करना चाहिए बस फोटो खिंचवानी है।

# नगर निगम ने किया कूड़ाघर समाप्त, सौंदर्यीकरण की शुरुआत

## बेहट रोड पर स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत महापौर, नगरायुक्त व पार्षदों ने किया श्रमदान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर के बेहट रोड स्थित नीलकंठ मंदिर के पास एक परंपरागत कूड़ा घर समाप्त कर 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत नगर निगम द्वारा एक घंटे का विशेष स्वच्छता श्रमदान करते हुए अभियान चलाया गया। महापौर डॉ अजय कुमार, नगर आयुक्त ग़ज़ल भारद्वाज सहित सभी अधिकारियों, अनेक पार्षदों और कॉलोनीवासियों ने श्रमदान किया तथा समाप्त किए गए कूड़ा स्थल पर गमले आदि रखवा कर सौंदर्यकरण की शुरुआत की गई। क्षेत्रवासियों ने खुश होकर महापौर और नगरायुक्त जिंदाबाद के नारे लगाते हुए निगम का आभार जताया।

केंद्र और राज्य सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत 'एक तारीख एक घंटा' कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष में रविवार सुबह नगर निगम ने बेहट रोड स्थित बस स्टैंड के पीछे नीलकंठ मंदिर के पास विशेष सफाई

**सौंदर्यीकरण**

- समाप्त किये गए कूड़ा स्थल को समतल कर गमले आदि रखवाए गए ओर उसके सौंदर्यीकरण की शुरुआत की गई।

अभियान चलाया। अभियान के तहत नगर निगम ने एक परंपरागत कूड़ा घर समाप्त कर प्रधानमंत्री के 'कचरा मुक्त भारत-स्वस्थ भारत' सपने को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाएं। समाप्त किये गए कूड़ाघर के आस पास मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, लेखाधिकारी राजीव कुशवाह व लेखा परीक्षक अजमैन आदि अधिकारियों ने झाड़ू लगायी जबकि महापौर डॉ.अजय कुमार, नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज, अपर नगरायुक्त राजेश यादव, एस के तिवारी, मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त अशोक



प्रिय गौतम, शिवराज व पार्षद ज्योति अग्रवाल, मयंक गर्ग, संजय गर्ग ने झाड़ू लगाकर एकत्रित किये गए कूड़े को फावलों से बोरे में भरकर निगम की गाड़ी में भिजवाया। समाप्त किये गए कूड़ा स्थल को समतल कर गमले आदि रखवाए गए ओर उसके सौंदर्यीकरण की शुरुआत की गई। महापौर डॉ. अजय कुमार ने लोगों से अपील की कि स्वच्छता को केवल सरकार और निगम के भरोसे न छोड़े, यह हम सबकी जिम्मेदारी है, जिसे हम सब ईमानदारी से निभाएं और अपनी पीढ़ी को भी स्वच्छता के प्रति संस्कारित करें। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने कहा कि जन सहयोग के बिना कोई अभियान सफल नहीं हो सकता। उन्होंने लोगों से अपने आसपास परिवेश को साफ रखने और कचरा कूड़ा सड़क और नालियों में न फेंकने की अपील करते हुए कहा कि यह भी ध्यान रखें कि जहां से कूड़ाघर समाप्त किये जा रहे हैं वहां कोई दूसरा कूड़ा न फेंके।

इस दौरान क्षेत्र के डॉ.गौरव गुप्ता, सोनू जौली, सुमित कपूर, यशपाल अनेजा, डॉ. सुभाष गुप्ता,राहुल कामरा, ललित, प्रवीण साहनी, नरेंद्र जौली, सरदार मिक्की, अर्चना कपूर, अमिता गुप्ता, पप्पल साहनी, अनिका, सोनिया अरोड़ा आदि ने कूड़ाघर समाप्त करने के लिए महापौर व नगरायुक्त का आभार जताया।

# अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर शतायु मतदाताओं का हुआ सम्मान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर शतायु वर्ष के मतदाताओं को सम्मानित किये जाने हेतु तहसील स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये गये।

कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में तहसील सदर के अन्तर्गत आने वाले इशाक पुत्र मनखान निवासी मानकउ, श्रीमती जिन्दी बेगम पत्नी सद्दीक निवासी पापडेकी रसूलपुर, श्रीमती असलुपन पत्नी नाजिर निवासी उमाही, जरीफ अहमद पुत्र अबदल निवासी चन्दौली, रामानन्द पुत्र बलवन्त निवासी चौरादेव, श्रीमती रेशमी पत्नी कबूल निवासी हरियाबांस व अमर सिंह निवासी टीआरओ कम्पाउण्ड को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र द्वारा शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। तहसील नकुड के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र नकुड व गंगोह में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, उपजिलाधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 100 वर्ष



व 100 से अधिक आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओं श्रीमती चमनी पत्नी सुल्हर निवासी ग्राम साढौली, श्रीमती विद्या पत्नी हरिया निवासी ग्राम नयागांव, पुन्नामल शर्मा पुत्र आशाराम निवासी कस्बा नकुड एवं श्रीमती रशीदन पत्नी नत्था ग्राम बाढीमाजरा को शॉल ओढाकर, माला डालकर व मिठाई देकर सम्मानित किया गया। तहसील बेहट में शमशेर, मुनफैत अहमद, मौ0 यामीन, पीरूबख्श, नजीर, रामसिंह, जीजन, श्रीमती रशीला आदि को उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा सम्मानित किया गया। तहसील रामपुर मनिहारान में काटू पुत्र नकली निवासी मौहल्ला इकराम, सुक्कड पुत्र बस्सु निवासी मौहल्ला इकराम, बनारसी पुत्र रिडकु निवासी ग्राम कुराली, मेहर सिंह पुत्र चिम्मन निवासी ग्राम कुराली व ओम प्रकाश पुत्र कालू राम निवासी मौहल्ला इकराम के शतायु मतदाताओं को सम्मानित कियास गया।

## व्यक्ति स्वस्थ रहकर ही जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर सकता है :वेद प्रकाश गुप्ता

**पूरा बाजार अयोध्या।** सीएचसी पूरा बाजार में आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत आयुष्मान कार्ड समारोह पूर्वक वितरित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि व्यक्ति स्वस्थ रहकर ही जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर सकता है समाज का प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहे इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने प्रत्येक पात्रों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है जो फलीभूत भी हो रहा है उन्होंने कहा कि लोगों को आयुष्मान कार्ड के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े इसलिए ग्राम सभाओ में भी कैंप लगाकर पात्रों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है । विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए हैं।

## विश्व हिंदू महासंघ ने चलाया स्वच्छता अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वच्छता अभियान पखवाड़े के अंतर्गत गुलाब बाड़ी उद्यान में विश्व हिंदू महासंघ जिला एवं महानगर मातृशक्ति कमेटी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया वहां पर उद्यान को साफ सुथरा करके झाड़ू लगाकर वहां का कचरा कूड़ेदान में डालकर वहा पर आए लोगो को सार्वजनिक स्थानों को कचरा मुक्त रखने के लिए जागरूक किया स्वच्छता अभियान में जिलाध्यक्ष मातृशक्ति श्रीमती पल्लवी वर्मा जिला उपाध्यक्ष अमिता सिंह जिला मंत्री अमृता सिंह, शकुंतला श्रीवास्तव , सचिवएवं महानगर मातृशक्ति अध्यक्ष श्रीमती शशि रानी शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रीना द्विवेदी, सचिव शांति गुप्ता, उपाध्यक्ष पायल जैसवाल, सचिव शकुंतला गौतम, मंत्री चंदा सिंह, सदस्य कांति शर्मा, सदस्य राजकुमारी, महामंत्री सुनीता श्रीवास्तव ,उपाध्यक्ष समता शुक्ला ,आदि दर्जनों महिलाओं ने सहयोग किया।

# जनपद के विभिन्न स्थलों पर किया एक तारीख एक घण्टा स्वच्छता के लिए श्रमदान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री के आवाहन पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत ÷एक तारीख एक घण्टा स्वच्छता के लिए÷ गांव एवं शहर को स्वच्छ बनाने के लिए रविवार सुबह 10 बजे जनपद के नोडल अधिकारी आबकारी आयुक्त डॉ.सेन्थिल पांडियन सी., जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार, जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनपदवासियों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 01 घण्टे का श्रमदान किया गया। श्रमदान देकर बापूजी को उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छांजलि दी गयी। नोडल अधिकारी डॉ.सेन्थिल पांडियन सी. ने ग्राम पंचायत रणखण्डी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कहा कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य वास्तविक रूप से सफाई गतिविधियों के लिए आमजनमानस को जागरूक कर गांव एवं शहरों को पूर्ण रूप से स्वच्छ रखना है। उन्होने कहा कि स्वच्छता का कार्य केवल कुछ दिनों का अभियान न होकर निरंतर चलने वाला अभियान होना चाहिए। स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करें। अपने घर एवं आस-पडोस में स्वच्छता रखते हुए अन्य को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि गंदगी न तो स्वयं करें और न किसी को करने दें। स्वच्छता की शुरूआत अपने से करें उसके बाद अपने परिवार, मौहल्ले, गांव और कार्यस्थल को भी स्वच्छ रखें। स्वच्छता की तरफ बढाया गया हमारा कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में मदद करेगा। इससे बीमारियों से बचाव होने के साथ ही मानसिक रूप से भी सुदृढता



आएगी। स्वच्छता अभियान से स्वयं को जोडते हुए दूसरों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनें। राजकीय इण्टर कॉलेज में नोडल अधिकारी ने सहजन का पौधा रोपित किया। इसके बाद राजकीय इण्टर कॉलेज से महाराणा प्रताप चौक तक स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते हुए श्रमदान किया एवं महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। ग्राम पंचायत गुनारसा में बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा के पास सफ़ाई कर श्रम दान करके बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीण जनों को स्वच्छता की शपथ, सामुदायिक शौचालय पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 05 केयर टेकर और सफ़ाई कर्मियों को सम्मानित, 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता रामकिशोर का सम्मान, आयुष्मान कार्ड का वितरण, कृषि विभाग की मिनी किट का वितरण, स्वास्थ, कृषि, शिक्षा आदि विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण और बाल विकास विभाग के स्टाल पर गर्भवती महिलाओं को किट एवं बच्चों का अन्न प्रासन्न कराया गया।

## सरकारी कार्यालय और संस्थानों शिक्षण संस्थाओं में व्यापक पैमाने पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर- अयोध्या।** सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा है के अंतर्गत रविवार को एक घंटा स्वच्छता को समर्पित अभियान के तहत विभिन्न सरकारी कार्यालय और संस्थानों शिक्षण संस्थाओं में व्यापक पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। तथा लोगों को स्वच्छता अपना कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि देने का संकल्प दिलाया गया। इसी कड़ी में विकासखंड बीकापुर परिसर में खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी बद्रीनाथ पांडे, अवनीश शुक्ला, अजय तिवारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी राहुल पाठक, ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम शुक्ला, कमलेश वर्मा, अंशु यादव, अवधेश सिंह, राजेश चौधरी, नरेंद्र वर्मा, ने विकासखंड के कर्मचारी एवं सफाई कर्मियों के साथ ब्लॉक परिसर में साफ सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता की शपथ ली और सफाई के लिए दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। नगर पंचायत बीकापुर कार्यालय परिसर तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न 20 स्थानो पर स्वच्छता अभियान की अलख जगा कर साफ सफाई की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना, अधिशासी अधिकारी अंजू यादव, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा, शिवकुमार, इंद्रसेन सिंह, भरत जी श्रीवास्तव, गोमती तिवारी, पंकज श्रीवास्तव ने नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मियों के साथ मिलकर सफाई अभियान में हिस्सा लिया। तथा खुद के साथ लोगों को स्वच्छता अपनाने को प्रेरित करने के लिए संकल्पना जताई। विद्युत उपखंड बीकापुर में एसडीओ मनोज मौर्य, अवर अभियंता शैलेश यादव, सुनील जायसवाल की मौजूदगी में यहां भी सफाई अभियान चलाया गया।

# सांसद डॉ. रामशंकर ने अत्याधुनिक पौछा लगाने वाली गाड़ी को चला लगाया पौछा

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** लोकसभा सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने स्टेशन पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं सफाई कर्मियों के साथ स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया। रेलवे स्टेशन पर सांसद डॉ.रामशंकर कठेरिया ने अत्याधुनिक पौछा लगाने वाली गाड़ी को चलाकर पौछा लगाया। इस दौरान सांसद ने सफाई-कर्मियों से बात कर उनकी हौसलाअफजाई की तथा उनका आभार जताया कि वे लोग अथक परिश्रम करके शहर को साफ-सुथरा रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। श्रमदान से पूर्व डॉ रामशंकर कठेरिया ने शास्त्री चौराहा स्थित देश के दूसरे पीएम लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण किया।ज्ञात हो कि पीएम नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश स्वच्छता ही सेवा अभियान के साथ स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है जिसका थीम कचरा मुक्त भारत है। यह स्वच्छता ही सेवा अभियान जन-आंदोलन बन चुका है।आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में देश के हर नागरिक से कम से कम एक घंटा श्रमदान करने की अपील की थी। उन्होंने एक तारीख,एक घंटा,एक साथ का नारा दिया था। श्रमदान के उपरांत मीडिया को संबोधित करते हुए सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से स्वच्छता अभियान का आह्वान किया था। उस आह्वान पर देश के करोड़ों नागरिक स्वचच्छता अभियान में अपना श्रमदान दे रहे हैं। साथ ही, भाजपा के लाखों कार्यकर्ता देश भर में श्रमदान करके अपने-अपने क्षेत्रों को स्वच्छ बना रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान को एक जन-आंदोलन बनाते हुए जन-जागरण अभियान चला रहे है।साथ ही साथ सांसद ने जनता से यह भी आह्वान किया कि सभी लोग अपनी जीवनशैली में स्वच्छता को एक महत्वपूर्ण स्थान दें। श्रमदान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद/विधायक रघुराज शाक्य,पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे,गोपाल मोहन शर्मा,वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश राजपूत, राजेन्द्र गुप्ता,अरविंद दीक्षित, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता,शिवाकांत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशहवाह, मण्डल अध्यक्ष राहुल राज वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ साहित्यकार चन्द्र पाल सिंह चन्द्र की तीन कृतियाँ मिले न अपना घर, स्पन्दन के आयाम व साँस-साँस सरगम हुई लोकार्पित



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ के निराला सभागार में नवसृजन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था, लखनऊ द्वारा आयोजित पुस्तक लोकार्पण समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार चन्द्र पाल चन्द्र की तीन कृतियों मिले न अपना घर, स्पन्दन के आयाम व साँस साँस सरगम का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रो. डॉ विष्णु गिरी गोस्वामी ने की।

वरेण्य अतिथि प्रो. डॉ ऊषा सिन्हा व डॉ सुल्तान शाकिर हाशमी व मुख्य वक्ता प्रो. डॉ हरि शंकर मिश्र, प्रो. डॉ कृष्णाजी श्रीवास्तव एवं राजेन्द्र शुक्ल राज रहे। पण्डित बेअदब लखनवी सहित, गोबर गणेश, राम राज भारती, अरविंद रस्तोगी, अल्का अस्थाना, हरि प्रकाश हरि, अनिल मिश्र, हौसला प्रसाद कुमार तरल चौकीदार, त्रिवेणी प्रसाद दूबे, मनीष, श्रीमती मंजू सक्सेना, डॉ योगेश गुप्त, धूरेन्द्र स्वरूप बिसारिया, उपेन्द्र बाजपेयी, शरद पाण्डेय सशांक, अनिल किशोर शुक्ल निडर, राम प्रकाश शुक्ल प्रकाश, आचार्य प्रेम शंकर शास्त्री बेताब, हरि शंकर सिंह, हरि फैज़ाबादी, तेज नारायण श्रीवास्तव राही, कन्हैया लाल गुप्त, श्रीमती सुषमा सौम्या आदि अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे।

## खादी के वस्त्रों की खरीदारी पर 20 से 30 प्रतिशत की छूट

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी पवन यादव ने जनपद के समस्त नागरिकों को सूचित किया है कि गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी गाँधी जयन्ती के शुभ अवसर पर 02 अक्टूबर को गाँधी आश्रम एवं खादी की संस्थाओं द्वारा खादी के वस्त्रों की खरीदारी पर 20 से 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उन्होने सभी जनपद-वासियों से अनुरोध किया है कि दि. 02 अक्टूबर को अधिक से अधिक खादी के वस्त्रों की खरीदारी करें साथ ही खादी का प्रचार-प्रसार भी करें ताकि गाँधी जी के विचारों, आर्दशों तथा स्वदेशी कपड़ों को गति मिल सके एवं इस क्षेत्र में काम करने वाले कारीगरों, बुनकरों की आमदनी को बढ़ावा मिलने के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

# नगर के अधिकारियों ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत की वृहद सफाई



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** रविवार को नगर पंचायत डुमरियागंज में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में सुबह 10 बजे से एक तारीख एक घंटा कार्यक्रम चलाए जाने के अंतर्गत बनाए गए कार्योजना के अनुसार उपजिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार, अध्यक्ष प्रतिनिधि अतीकुर्रहमान एवं अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नगर पंचायत डुमरियागंज के इंदिरा नगर वार्ड में विभिन्न स्थानों पर 1 घंटे का वृहद सफाई अभियान चलाते हुए श्रमदान किया गया। नगर पंचायत के सभी 17 वार्डों में सभी सभासदगण द्वारा 1 घंटे का वृहद सफाई अभियान चलाते हुए श्रमदान किया गया और लोगों को साफ-सफाई के लिए जागरूक भी किया गया।

एक तारीख एक घंटा कार्यक्रम में लिपिक हसन ताकीब रिजवी, सभासद शांती देवी, सुबराती, आरती देवी, मनोज कुमार गौतम, परवेज अहमद, मो. नसीम, फैजान अहमद, मोनिका, रेनू, नन्दलाल, उमाशंकर, हरिद्वार, अभिलाषा मिश्रा, सकीना बानो, मजीबुल्लाह, सुरेश कुमार, शमशेर आलम सभासद प्रतिनिधि रमन सिंह, रामचंद्र, राजेश कुमार, सौरभ मिश्र, नवाब राइनी सभी सुपरवाइजर और समस्त कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# आइए एक साथ मिलकर करें स्वच्छता के लिए एक घंटा श्रमदानः अहमद ताक़ीब



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के हल्लौर कस्बे में रविवार को ग्राम प्रधान अहमद ताकीब रिज़वी के नेतृत्व में आइए एक साथ मिलकर करें स्वच्छता के लिए एक घंटा श्रमदान के तहत कस्बेवासियों के साथ झाड़ू लगाकर कस्बा स्थित दरगाह चौक सहित गांव की गलियों में झाड़ू लगाकर सफाई अभियान चलाते हुए कस्बे को स्वच्छ रखने के लिए लोगो को जागरूक किया।

इस मौके पर ग्राम प्रधान अहमद ताकीब रिज़वी ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। इस मौके पर पंचायत सचिव हरि शंकर सिंह, रोजगार सेवक हेलाल अनीस, समाजसेवी तशबीब हसन, जलाल अहमद, आलम हल्लौरी, काजिम रज़ा, जलाल जलनिगम, माहताब हैदर, राहिब रिज़वी, राशिद रिज़वी, गुड्डू, सरफ़राज़, राजू, प्रेम चंद्र, इंतेज़ार हैदर सफाई कर्मी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** रविवार को हरैया पारस परशुरामपुर एवं मखौड़ा धाम मण्डल प्रवास पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कार्यकर्ताओं से परिचयात्मक बैठक कर आगामी योजना की तैयारियों में जुट जाने को कहाँ। हरैया मण्डल में एक निजी होटल में विधायक सहित कार्यकर्ताओ ने हरैया प्रथम आगमन पर ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया।

कार्यकर्ताओ के साथ परिचयात्मक बैठक में जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने सभी कार्यकर्ताओ को अपना परिचय देते हुए सभी का परिचय लिया। कार्यक्रम संयोजक अमृत कुमार वर्मा बताया कि इस दौरान संसारीपुर, हरैया बभनान चौराहा, हरैया नगर, आशीर्वाद होटल, मुरादीपुर चौराहा, ब्लॉक सभागार, परसा चौराहा, लालपुर पण्डित, श्रृंगिनारी समय माता दर्शन, श्रृंगिनारी बाजार, अमौली बाजार, नगर बहेरा, गोपिनाथपुर, मड़रिया, दुर्गा प्रसाद हॉस्पिटल, ब्लाक सभागार, टैक्सी स्टैण्ड, नेउरी रामबक्श, चौरी पेट्रोल पम्प पर कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। परशुरामपुर मण्डल में प्रवेश करते ही लालपुर पंडित चौराहे पर कार्यकर्ताओ ने फूल माला से लाद दिया। श्रृंगिनारी मंदिर में दर्शनोपरांत कार्यकर्ताओ के साथ ब्लाक सभागार में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहाँ की चुनाव में पार्टी की जीत में हरैया के कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। किसी कार्यकर्ता को उपेक्षित नहीं रखा जाएगा। कार्यकर्ता अपने किसी भी काम के लिए उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम शुक्ल ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता रामश्रृंगार ओझा, कृष्ण कुमार सिंह, वरुण सिंह, ध्रुव नारायण सिंह, कुंवर आनन्द सिंह, संतोष गुप्ता, घनश्याम शुक्ल, सुनील त्रिपाठी, रविन्द्र पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, कौशलाधीश पाण्डेय, नन्द किशोर गुप्ता, श्रीश पाण्डेय, हरिद्वार मिश्र, अनिल पाण्डेय, राम गोपाल यादव, बृजेश मिश्र, विनय शंकर मिश्र, अमृत नाथ मिश्र, विवेक सिंह राजन, विजय चौधरी, दीप्तधर द्विवेदी, देव दीपक,अर्जुन पासवान, आशीष गुप्ता, ओम प्रकाश सोनी आदि मौजूद रहे।

## जनपद न्यायालय में स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद व उत्तर प्रदेश राज्य सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश के आदेश अनुसार रविवार को जनपद न्यायालय में स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद न्यायालय के सुधीर रोशन सहित प्रशासनिक अधिकारी गण एवं कर्मचारी गण, सफाई कर्मियों, पराविधिक स्वयंसेवकों व अन्य लोगों द्वारा श्रमदान किया गया।अपर जिला जज सचिव श्वेता श्रीवास्तव ने बताया की महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर अक्टूबर 2,2023 से अक्टूबर 8,2023 तक स्वच्छता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गीला कचरा हेतु नीले व सूखा कचरा हेतु हरे रंग का कूड़ेदान जनपद न्यायालय में स्थापित किया गया है।

## स्वच्छता पखवाड़ा अभियान अंतर्गत की सफाई



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन में रविवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान चला कर भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नरायन सिंह भाजपा नेता अजय सिंह एवं स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक संतोष कुमार गुप्ता के मौजूदगी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोटन के आशा एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की सपथ भी दिलाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अगल बगल कर्मचारी के साथ सफाई किया गया और लोगो को जागरूक किया गया। इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत सफाई अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया गया। कोतवाली प्रभारी चन्दन कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा के दिन पुरे परिसर मे झाडू लगाकर साफ सफाई किया गया और सभी उप निरीक्षको व हेड कांस्टेबल को सफाई के प्रति जागरूक किया गया लोगों को कहा गया की सफाई मे हर व्यक्ति को आगे आकर स्वच्छता पखवाड़ा को सफल बनाना चाहिए। इस दौरान फार्मासिस्ट महेंद्र कुमार मिश्रा, अजय चौधरी, डाकटर मनिष जयसवाल, डा प्रियंका, रमा सिंह, संतोष जयसवाल, सुधीर, अजीज अहमद, उमेश सिंह, एल टी अरविन्द आदि उपस्थित रहे।

## बांसी विधायक व एसवीएस रंगा राव ने रोडवेज बांसी पर झाड़ू लगाकर दिया सफाई का संदेश

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत 01 अक्टूबर को सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद एस0वी0एस0 रंगाराव द्वारा विधायक जय प्रताप सिंहव मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार के साथ बांसी रोडवेज पर झाड़ू लगाकर सफाई का संदेश दिया गया। सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद एस0वी0एस0 रंगाराव ने कहा कि सभी लोगों को श्रम दान करना चाहिए। रोडवेज बांसी के निरीक्षण के दौरान रोडवेज परिसर में पानी भरे रहने की जनशिकायत पर उन्होंने उसे ठीक कराये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। एस0वी0एस0 रंगाराव सहित विधायक श्री सिंह व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा रोडवेज के सामने डिवाइडर के बीच में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बांसी प्रमोद कुमार, तहसीलदार आदि भी मौजूद रहे। तहसील परिसर में सफाई कार्यक्रम के निरीक्षणोंपरांत वह जिला मुख्यालय के लिए प्रस्थान कर गए।



## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान चला



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक मुख्यालय के गेट के बगल स्थापित राजा सुहेलदेव की प्रतिमा के सामने रविवार को ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे, खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी व भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देवा के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें सुहेलदेव की मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया गया। ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा एक सप्ताह मनाया जाएगा। ब्लॉक में स्थापित राजा सुहेलदेव की प्रतिमा के सामने सफाई अभियान के कार्यक्रम की शुरूवात की गयी। इसके साथ ही साथ ग्राम पंचायत में भी सफाई कार्य कराने के लिए गांव में नोडल नामित किए हैं। अभियान में एडीओ पंचायत सुभाष चंद्र, धर्मेंद्र चौधरी, गोरख यादव, संजय पांडेय, सच्चिदानंद यादव, रमेश चौधरी, एडिओ मनोज चतुर्वेदी, भोलू पाल सहित तमाम ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहे।

## चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया




**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** संस्कार भारती जनपद जालौन के तत्वावधान में, श्री गाँधी इण्टर कॉलेज उरई में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री देवेन्द्र कुमार झा जी ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया ।बच्चों ने अपने परिश्रम एवं मेहनत से, आज के कार्यक्रम में हुनर के रंग भर कर दिए और बहुत कुछ नया कलात्मक ज्ञान सीखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ सविता सिंदूर जी ने बच्चो को उत्साह वर्धन किया। प्राच्य विद्या संयोजक एवं संग्रहकर्ता डॉ हरी मोहन पुरवार ने बच्चो को मार्गदर्शन प्रदान किया। संस्कार भारती जिलाध्यक्ष रसना तिवारी के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई उन्होंने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## साफ-सफाई महाअभियान चलाया गया

**इटावा अवधनामा ब्यूरो।** शासनादेश के निर्देशन में अवनीश राय जिलाधिकारी की देखरेख में एक तारीख एक घन्टा कार्यक्रम (स्वच्छता ही सेवा)के अन्तर्गत भर्थना रोड से व हाइवे के चारो ओर वृहद से साफ सफाई महा अभियान के बाद उसी स्थल पर पौधे को रोपने का कार्य नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी विनयमणि त्रिपाठी,खाद्य एव सफाई निरीक्षक नथ्थी लाल कुशवाहा ,स्वच्छ भारत मिशन के डी पी एम सुनील कुमार जयबीर सिंह,प्रमुख समाज सेवी/ ब्राण्ड एम्बेसडर डा0हरीशंकर पटेल, आलोक दीक्षित,सभासद सौम्य वर्मा तरुन के आथक प्रयासो से सफल किया गया। अभियान को सफल बनाने मे समाज उत्थान समिति के डा0अनिल शंकर टीम सहित, भूत पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष मेजर सूबेदार राघुराज सिंह महामंत्री सूबेदार मेजर कृपाल सिंह टीम सहित अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा महमंत्री इन्जी0राजेश वर्मा टीम सहित अश्रित स्वतंत्रता सैनानी परिवार भारत संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष जगत किशोर ऋषेस्वर ज्ञानेद्र सिंह अपनी टीम के साथ तथा एनसीसी के हबलदार मान कुमार, सूबेदार गणेश भट्ट एवं एनसी सी कैडेट्स सहित नगर पालिका परिषद के सफाई नायक स्कूली बच्चों की भी सहभागिता रही।

# झाड़ू लेकर निकले जनपद के वरिष्ठ अधिकारी, नगर के मुख्य मार्ग पर स्वयं झाड़ू लगा जन-समुदाय को दिया स्वच्छता का संदेश

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत आज क्रिश्चियन तिराहे से लेकर भांवत चौराहे तक एवं कलेक्ट्रेट परिसर में स्वयं झाड़ू लगाकर श्रमदान कर जन-समुदाय को स्वच्छता अपनाने, अपने घरों, प्रतिष्ठानों के साथ-साथ घर, दुकान के सामने की सड़कों, नालियों को भी साफ रखने में सहयोग की अपील की साथ ही नगरवासियों को संदेश दिया कि स्वच्छता अपनाने से तमाम प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होने कहा कि श्रमदान करने से मन प्रसन्न होता है, शरीर स्वस्थ रहता है, मेहनत करने वाला व्यक्ति जीवन में कभी परेशान नहीं रहता, आलसी, कामचोर व्यक्ति जीवन भर दुःखी रहता है। उन्होने जनपदवासियों का आव्हान करते हुये कहा कि प्रत्येक जनपदवासी प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा श्रम अवश्य करें, स्वच्छता रखने में श्रम करना सबसे बेहतर होगा, एक ओर जहां स्वच्छता के क्षेत्र में श्रमदान करने से घर, घर के आस-पास साफ-सफाई रहेगी वहीं शरीर की कसरत भी होगी जिससे मनुष्य चुस्त-दुरूस्त रहेगा। श्री सिंह ने कहा कि गलियों, सड़कों, पार्को, अधोसंरचना को साफ-सुथरा रखना ही वास्तविक स्वच्छता है, घर के आस-पास मोहल्लों, गलियों में जितनी सफाई होगी बीमारियां उतनी ही कम होंगी और पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा। उन्होने कलेक्ट्रेट परिसर में श्रमदान करते हुये कलेक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि सफाई को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनायें, प्रतिदिन कुछ समय अपने घर, दफ्तर में अपने हाथों से सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दें, अपने कार्यस्थल पर सफाई करने में शर्मिदंगी महसूस न करें, यदि आप नियमित रूप से अपने कार्यस्थल को साफ-सुथरा रखने की आदत डालेंगे तो आपके अधीनस्थ, सहकर्मी आपसे प्रेरणा लेकर इस मुहिम का हिस्सा बनेंगे और एक दिन सभी स्वच्छता के प्रहरी के रूप में जाने जायेंगे। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने श्रमदान करते हुये कहा कि अपने घरों, प्रतिष्ठानों के आस-पास साफ-सफाई रखना प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे। उन्होने झाड़ू लगाते हुये लोगों को संदेश दिया कि अपने निवास स्थान, दुकान के आस-पास सफाई करने में संकोच न करें, जीवन में स्वच्छता अपनाकर अपने और परिवार के साथ-साथ समाज को संदेश दें। उन्होने कहा कि स्वच्छता हमारे दिल और दिमाग में नहीं बल्कि सड़क गांव-गांव भी स्वच्छ रहे. प्रधानमंत्री का सपना है कि पूरा देश साफ, स्वच्छ-सुन्दर बने, इस अभियान में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी है. स्वच्छता के इस अभियान में लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए और स्वेच्छा से प्रतिभाग कर स्वच्छता ही सेवा अभियान में भागीदारी कर अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।

## बजरंगी गोस्वामी ने भाजपा जिलाध्यक्ष का सोहास चौराहे पर कार्यकर्ताओं के साथ किया स्वागत




**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान का रविवार को सोहास चौराहे पर भाजपा नेता बजरंगी गोस्वामी के आयोजन में भव्य स्वागत समारोह सम्पन्न हुआ। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है यहां प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री जी के निगाहों में कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड है। यहा छोटे बडे का भेद भाव नही होता है भाजपा का कार्यकर्ता है तो उसको उतना ही सम्मान मिलेगा जितना एक पदाधिकारी को मिल रहा है कार्यकर्ता के लिए पुरी पार्टी हर दम तैयार रहेगी।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद वर्मा, मंडल अध्यक्ष नौगढ़ देहात शैलेन्द्र वर्मा, पूर्व जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, पूर्व मंडल अध्यक्ष संपूर्णा नंद पांडे,नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्रा ,भाजपा मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, मिथलेश अग्रहरी, आदित्य मणि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# कारागार मंत्री के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जालौन में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत प्रदेश के कारागार मंत्री के नेतृत्व में विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। यह स्वच्छता अभियान उरई के कलेक्ट सभागार से जिला अस्पताल तक चलाया गया। जहां मंत्री, विधायक और अधिकारियों ने सड़क पर झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। साथ ही कहा कि लोग सड़कों पर कूड़ा न फेंकें, उसे डस्टबिन में ही डालें, जिससे गंदगी न फैले और शहर स्वच्छ बना रहे। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रविवार सुबह प्रदेश के कारागार मंत्री जालौन के उरई पहुंचे। जहां उन्होंने एक घंटे तक आयोजित होने वाले स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान कारागार मंत्री ने उरई विधायक गौरी शंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम अनुरागी के साथ मिलकर सड़क पर 1 घंटे तक झाड़ू लगाकर श्रमदान किया।

## सफाइकर्मी ही समाज के सच्चे हीरो, सफाई कर्मियों का सम्मान सुखद पलः राज्यमंत्री



**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** राजस्व राज्यमंत्री, जनपद के प्रभारी मंत्री अनूप प्रधान ने रेलवे स्टेशन पर सफाई कर्मियों का सम्मान कर श्रमदान करते हुये कहा कि स्वच्छता स्वस्थ रहने के लिए बेहद जरूरी है, जहां स्वच्छता होती है, वहां बीमारियां भी कम होती है। उन्होंने कहा कि माह सितंबर में मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 01 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से एक घंटे के लिए लोगों से स्वच्छता के लिए श्रमदान की अपील की थी, जिसका असर आज धरातल पर दिख रहा है, स्वच्छता अभियान के दौरान जन-सामान्य का स्वेच्छा से प्रतिभाग करना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पी.एम. के आव्हान पर आज पूरे देश में सफाई अभियान संचालित हुआ है, जनपद के लोगों ने भी इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करायी है। उन्होने कहा कि साफ-सफाई रखने से संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना नहीं रहती है। उन्होने जनपदवासियों से कहा कि स्वच्छता अपनायें, सफाई कर्मियों के सफाई करने के पश्चात सड़कों, गलियों, नालियों में कूड़ा न फेंके, घर की सफाई के बाद कूड़े-कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डालें। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी, फैक्सपैड के चेयरमैन प्रेम सिंह शाक्य, नगर पालिका अध्यक्ष संगीता गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, धीरू राठौर, अमित गुप्ता, उदय चौहान के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. सत्येन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सांसद ने किया श्रमदान, दिया स्वच्छता का संदेश

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** देशव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर गोवा वीच के समीप सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने बागपत से सांसद सत्यपाल सिंह, एसबीआई के जरनल मैनेजर श्रीराम सिंह एवं एसबीआई के अधिकारियो के साथ के साथ श्रमदान किया। इस दौरान लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि साफ़ सफाई हमारे जीवन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।



## ट्रुडो के पिता भी आतंकियों के संरक्षक थे

कनाडा आतंकियों और अपराधियों की पनाहगाह को लेकर विश्व के सामने बेनकाब हो चुका है। आतंकी निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा को पश्चिमी देशों से जिस सहानुभूति और सहयोग की उम्मीद थी, उसमें पूरी तरह नाकामी हाथ लगी है। यही वजह है कि कनाडा विश्व में अलग-थलग पड़ गया है। आश्चर्य की बात यह है कि निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर अपनी सम्प्रभुता में अतिक्रमण करने का आरोप लगाने वाले प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने आतंकवाद की वजह से तबाही के कगार पर पहुंचे पाकिस्तान से भी सबक नहीं सीखा कि किस तरह पाकिस्तान इसकी गिरफ्त में आकर बर्बाद हो चुका है। गौरतलब है कि ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को सिख अलगाववादी नेता निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित भूमिका के ट्रुडो के विस्फोटक आरोपों के बाद भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास आ गई है। भारत ने इन आरोपों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया। इस मामले में ओटावा के एक भारतीय अधिकारी को देश से बाहर करने के बदले में भारत ने एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को बाहर कर दिया।

भारत ने कनाडा से अपनी धरती से सक्रिय आतंकवादियों और भारत विरोधी तत्वों पर सख्ती बरतने को कहा और कनाडाई लोगों के लिए वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया। भारत से द्विपक्षीय रिश्ते की लिहाज कनाडा ने कभी नहीं करी। इसके विपरीत भारत की सदाशयता का कनाडा ने नाजायज फायदा उठाया और भारत के भगोड़े अपराधियों की शरणस्थली बन गया। मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कनाडा खूंखार अपराधियों और आतंकियों का ठिकाना बन गया है। इससे भी ज्यादा आश्चर्य यह है कि कनाडा के हमदर्द अमरीका और अन्य पश्चिमी देशों ने कभी भी कनाडा सरकार को इसके खतरनाक नतीजों को लेकर आगाह नहीं किया। कनाडा के मामले में पश्चिमी देशों की आतंक को दो मुंही कपटी नीति जाहिर हो गई है। कनाडा वर्षों से आतंकियों को पालने-पोसने का काम कर रहा है। यह काम मौजूदा प्रधानमंत्री ट्रुडो के पिता और प्रधानमंत्री रहे पियर ट्रुडो भी कर चुके हैं। पियर ट्रुडो 1968 से 1979 तक और फिर 1980 से 1984 तक कनाडा के प्रधानमंत्री रहे। खालिस्तानियों का प्रमुख नेता तलविंदर सिंह परमार कनाडा में रहता था। इंदिरा गांधी ने 1984 में अक्टूबर की शुरुआत में ट्रुडो से तलविंदर सिंह परमार के प्रत्यर्पण की मांग की थी, लेकिन पियर ट्रुडो की सरकार ने प्रत्यर्पण से इंकार कर दिया। उस दौरान इंदिरा गांधी की खालिस्तान के मुद्दे पर ट्रुडो से काफी नोकझोंक हुई थी। इसी तरह कनिष्क यात्री विमान को बम से उड़ाने के आरोपी इंद्रजीत सिंह रेयात साबित दोषी साबित हुआ। रेयात एक ब्रिटिश-कनाडाई नागरिक था। उसे साल 2017 में कनाडा की अदालत ने रिहा कर दिया था। भारत ने रेयात को प्रत्यर्पित करने की मांग की थी। कनाडा सरकार ने इस मांग को अनसुना कर दिया। हमलों का मास्टरमाइंड तलविंदर सिंह परमार था। साल 2003 में उसे इस नरसंहार के लिए दोषी ठहराया गया था। बमों को फ्लाइट में असेंबल करने के जुर्म में उसे पंद्रह साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। कनाडा किस तरह एक वैश्विक आतंकी देशों का अड्डा बन गया है, इसकी पीड़ा श्रीलंका ने भी झेली है। श्रीलंका ने कनाडा पर आतंकी संगठन तमिल टाइगर के आतंकियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया था।

मौजूदा भारत के साथ बिगड़े संबंधों को लेकर श्रीलंका और बांग्लादेश ने कनाडा की तीखी भर्त्सना की है। बांग्लादेश ने कहा है कि कनाडा की तरफ से भारत पर लगाए गए सभी आरोप गलत हैं। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो का बिना किसी सबूत के किसी देश पर आपत्ति और अपमानजनक आरोप लगाना पुरानी आदत है। साबरी ने कहा कि इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो श्रीलंका के खिलाफ भ्रामक और आपत्तिजनक बयान दे चुके हैं। कनाडा ने कहा था कि श्रीलंका में भयानक नरसंहार हुआ था, जोकि पीएम ट्रुडो का सरासर झूठा बयान था। श्रीलंका के विदेश मंत्री ने कहा कि सभी जानते हैं कि श्रीलंका में कोई नरसंहार नहीं हुआ। आतंकवाद और अपराधियों को प्रत्यक्ष संरक्षण देने के अलावा कनाडा की ट्रुडो सरकार की बीमार मानसिकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लाखों यहूदियों के नरसंहार में शामिल हुए एक नाजी का कनाडा की संसद में सम्मान किया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की की संसद यात्रा के दौरान एक बुजुर्ग यूक्रेनी आप्रवासी को नायक के रूप में सम्मानित किया और खड़े होकर तालियां बजाई। संसद में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के भाषण के दौरान 98 वर्षीय हुंका को बुलाकर द्वितीय विश्वयुद्ध का नायक बताया था। अब कनाडा सरकार इस मुद्दे पर बगलें झांक रही है।

## भारत ग्लोबल साउथ का नेता बनने की ओर

**किशन भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर भारत की बढ़ती उपलब्धियों कुछल कूटनीति विदेश नीति, ग्लोबल साउथ में बढ़ते कद, व्यापार व्यवसाय मैन्युफैक्चरिंग के अनेक क्षेत्रों में वैश्विक हब बनने की ओर अग्रसर,भारत में दशकों से उलझे हुए मुद्दे कुशाग्र बौद्धिक क्षमता से सुलझाना अद्भुत अविश्वसनीय है तथा जी-20 दिल्ली घोषणा पत्र को विकसित देशों की सर्वसम्मति से पहले दिन ही पारस्परिक सहमति बनाना दुनियां के देशों को भारत के वैश्विक नेतृत्व करने कीयोग्यता का इशारा दे रहा है, जो बड़े-बड़े विकसित देश इसको समझ रहे हैं, लेकिन बोल नहीं रहे हैं।आखिरकार दिनांक 26सितंबर 2023 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78 वें सत्र में देर शाम विदेश मंत्री ने वक्तव्य देते हुए कहा कि अभी वे दिन लद गए, जब सभी देशों को उनके एजेंडे के अनुरूप सहमति दर्शनां पड़ता था, लेकिन अब स्थितियां बदल गई है अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस बदलते परिपेक्ष में नियमआधारित व्यवस्था और संयुक्त चार्ट का सामान करने और राजनीतिक सुविधा से आतंकवादी उग्रवाद की प्रतिक्रिया का आधार नहीं बना सकते है। चूंकि 194 देश से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले संयुक्त राष्ट्र की महासभा में भारत के वक्तव्य को सभी देशों ने गंभीरता से सुना और उससे पहले नमस्ते फॉम भारत पर पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक मंचों पर एजेंडा और मानदंडों को तय करने में भारत के सुझावों को रेखांकित करना समय की मांग है। यूएनएससी में भारत की स्थाई सदस्यता ज़रूरी है।

साथियों बात अगर हम संयुक्त राष्ट्र महासभा में 26 सितंबर 2023 को माननीय विदेश मंत्री के वक्तव्य की करें तोसंयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत भारत से नमस्ते बोलकर की।उन्होंने कहा, नमस्ते फॉम भारत (भारत की ओर से नमस्ते) इसके बाद तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी।यूएनजीए में कहा कि यूएनएससी में बदलाव होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कूटनीति और बातचीत से ही दुनियां में तनाव को कम किया जा सकता है। अब वे दिन नहीं रहे हैं, जब कुछ देश एजेंडा तय करते थे और बाकी देशों से उनके अनुरूप चलने की उम्मीद की जाती थी। उन्होंने बल देकर कहा कि आज आम सहमति बनाना अनिवार्यता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षा परिषद को समसामयिक बनाना चाहिए और इसके लिए प्रभावशीलता और विश्वसनीयता दोनों ही आवश्यक है। कनाडा और पाकिस्तान के एक अन्य परोक्ष संदर्भ मे संयुक्त राष्ट्र से कहा कि राजनीतिक सुविधा आतंकवाद या उग्रवाद की प्रतिक्रिया का आधार नहीं हो सकती है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से नियम-आधारित व्यवस्था और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करने की अपील की।किसी देश का नाम लिए बिना उन देशों को भी आड़े हाथों लिया जो दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं। उन्होंने कहा, भारत अपनी जिम्मेदारी महसूस करता है। विश्व की वित्तीय संस्थाओं में बदलाव होना चाहिए। यूएनएसी में बदलाव होना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत इस वर्ष मेरे साथ मंत्रिमंडल में मेरे अनुभवी सह्योगियों केंद्रीय पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह और केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री आदरणीय श्री हरदीप सिंह पुरी ने की। माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर इस वर्ष 15 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच इस अभियान को चलाया जा रहा है। इसका समापन एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक एक घंटा राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक स्वच्छता श्रमदान के साथ होगा।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा : कचरा मुक्त भारत के लिए जनांदोलन

भारत विविध सभ्यताओं का देश है। संस्कृति, परंपरा, धर्म और भाषा में विविधता के बावजूद विषम परिस्थितियों में भी एकजुट रहना ही हमारी पहचान है। एकता और जन-भागीदारी की यह ताकत आज हमारे देश के विकास को गति दे रही है। सामूहिक ईच्छा शक्ति से किसी क्षेत्र में किस तरह बदलाव लाया जा सकता है, हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया विश्व का सबसे बड़ा व्यवहार परिवर्तन अभियान स्वच्छ भारत अभियान (क्लीन इंडिया कैंपेन) इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लक्ष्य को पाने और स्थायी व सतत विकास को गति देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन (SBM-G) एक जनांदोलन बनकर उभरा है। यह अभियान स्वच्छता के लिए मात्र तत्कालिक उपायों को अपनाने तक ही सीमित नहीं है वरन यह शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े सभी मुद्दों का समाधान तलाशते हुए देश के सामने दीर्घकालीन दृष्टिकोण की नींव रखता है। और यह सकारात्मक परिणाम सरकार के सभी सम्बन्धित विभागों के उचित समन्वय और संयुक्त प्रयासों से संभव हो पाया है।



गजेन्द्र सिंह शेखावत

हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणा के अकूत स्रोत आदरणीय प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच को प्रदर्शित करने वाले इस अभियान के उद्देश्यों को गति देने और उसके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए हमारी पूरी टीम नियमित तौर पर राज्यों जिलों और गांवों को सम्बल प्रदान करने के लिए आवश्यक विभागीय यात्रायें कर रही है। उच्च स्तरीय समीक्षाओं के माध्यम से इस मिशन को सफल बनाने की दिशा में हम निरंतर प्रयासरत हैं। भारत को स्वच्छ बनाने के लिए की जा रही मेहनत और संकल्प का नतीजा है कि SBM-G 2.0 के तहत देश के 4.4 लाख से अधिक गांवों ने स्वयं को ODF Plus घोषित किया हैं। इसके अतिरिक्त 11.25 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों और 2.36 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण हुआ है।

स्वच्छ भारत मिशन जैसी शानदार पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा स्वच्छता ही सेवा (SHS) अभियान है। यह मिशन के प्रति जन-भागीदारी को सुनिश्चित करने के साथ इसे जनांदोलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम सभी विगत वर्षों में स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफलता और उसके परिणाम देख चुके हैं। SHS 2022 के दौरान लगभग 10 करोड़ लोगों ने श्रमदान की विभिन्न गतिविधियों में स्वेच्छा से भाग लिया। इस बार उत्साहवर्धक बात यह है कि इस वर्ष पखवाड़ा में अभी तक करीब 9 करोड़ लोगों ने श्रमदान कार्यक्रमों में भागीदारी दिखाई हैं। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत इस वर्ष महज 12 दिनों में ही 20 करोड़ से अधिक लोगों ने श्रमदान की विभिन्न गतिविधियों में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की है, अर्थात औसतन प्रतिदिन करीब 1.67 करोड़ लोग इस अभियान का अंग बने हैं



। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस विशाल जन-भागीदारी के कारण ही हमने इस वर्ष एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड बनाया। लोगों के संकल्प का सुफल है कि ODF Plus गांवों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। देश में अब ऐसे ODF Plus गांवों की संख्या 7% से बढ़कर 75% हो गई है। स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत इस वर्ष मेरे साथ मंत्रिमंडल में मेरे अनुभवी सहयोगियों केंद्रीय पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह और केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री आदरणीय श्री हरदीप सिंह पुरी ने की। माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर इस वर्ष 15 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच इस अभियान को चलाया जा रहा है। इसका समापन एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक एक घंटा राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक स्वच्छता श्रमदान के साथ होगा। इस वर्ष यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और शहरी के संयुक्त तत्वावधान में पेयजल और स्वच्छता विभाग व शहरी और आवास मामलों का मंत्रालय संयुक्त पहल के रूप में चला रहा है। मेरी स्पष्ट मान्यता हैं कि स्वच्छता ही सेवा कोई साधरण अभियान नहीं है। यह देश के सभी नागरिकों से स्वैच्छिक गतिविधियों के माध्यम से श्रमदान करने का आह्वान है। इसका उद्देश्य साझा जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना और स्वच्छता को लेकर सामूहिक दायित्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। इस वर्ष यह अभियान कचरा मुक्त भारत के संकल्प से जुड़ा है। हमारा उद्देश्य इस बात पर जोर देना है कि स्वच्छता हमारा सामूहिक दायित्व है और यह हम सबके दैनिक जीवन का अहम भाग होना चाहिए।

आज जब हम स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफलता पर विचार कर रहे हैं, तो हमारे लिए इस असाधारण प्रयास के सभी पहलुओं की गहराई से अध्ययन करना भी बेहद जरूरी है। अभियान के दौरान विजिबल क्लीनलिनेस अर्थात दृश्यगत स्वच्छता पर जोर देने के साथ ही इससे जुड़े समाज के गुमनाम नायकों, सफाई मित्रों, स्वच्छाग्रहियों, जल सहियाओं, आदि के कल्याण पर भी ध्यान दिया गया है। समाज में इन लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका की स्वीकृति के साथ और उनके उत्थान के लिए कार्य करना भी इस अभियान का सराहनीय पहलू है। ये वही लोग हैं जो हमारे समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए लगनशीलता से कार्य कर रहे हैं।

SHS 2023 सार्वजनिक क्षेत्रों के कायाकल्प के उद्देश्य से गतिविधियों की एक प्रभावशाली श्रृंखला के रूप में है। इसमें सार्वजनिक स्थानों की सफाई से लेकर स्वच्छता से जुड़े सभी उपकरणों का नवीनीकरण शामिल है। यह अभियान नदी तटों, जल निकायों, पर्यटन स्थलों और ऐतिहासिक स्मारकों की सफाई, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दिखाता है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिहाज से पेयजल और स्वच्छता विभाग व आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के बीच सहयोगात्मक गठबंधन एक बेहतरीन मंच तैयार करता है। ऐसे मौके पर स्वच्छता ही सेवा-2023 के माध्यम से अपनाए गए होल ऑफ गवर्नमेंट दृष्टिकोण को रेखांकित करना भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस अभिनव दृष्टिकोण ने DDWS और MoHUA के अलावा 59 सरकारी विभागों को 30,000 से अधिक गतिविधियां शुरू करने और पूरे देश में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए अब तक 7.5 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने में सक्षम बनाया है। इसके अलावा इस अभियान की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि समुदायों की अभूतपूर्व भागीदारी है। इसके तहत छात्रों, सरकारी कर्मचारियों और स्थानीय समुदायों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने स्वच्छता के मुद्दे को संबोधित करने के लिए एकजुटता दिखाई है। स्रोत पर ही अपशिष्ट पृथक्करण के महत्व को देश के युवा समझ रहे हैं। इस समझ और जागरूकता के साथ वे अपने समुदायों में स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं और स्वच्छता चैंपियन बन रहे हैं। इस अभियान से जुड़े सांस्कृतिक और अन्य विशेष कार्यक्रमों के जरिए स्वच्छता से जुड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए व्यापक जन-भागीदारी को बढ़ावा देने में अहम मदद मिल रही है।

# रहती दुनिया तक प्रासंगिक रहेगा 'गाँधी दर्शन'

**विश्व का बड़ा हिस्सा युद्ध, हिंसा, परस्पर मतभेद, बेरोज़गारी, महंगाई, साम्प्रदायिकता जैसे तनावपूर्ण वातावरण के दौर से गुज़र रहा है। पूरा विश्व बाहरी व भीतरी तौर पर राजनैतिक वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहा है, ऐसे में ख़ास तौर पर गांधी जयंती के अवसर पर हर बार चिंतकों द्वारा यह सवाल उठाया जाता है कि गांधी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांत पर आधारित उनके दर्शन और विचारों की आज कितनी प्रासंगिकता महसूस की जा रही है? सितम्बर, 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया था।**

भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जन्मतिथि 2 अक्टूबर को उन्हें याद किया जाता है। पूरा विश्व गांधीवाद व गांधी दर्शन का इसीलिये क़ायल है कि उन्होंने दुनिया को सत्य व अहिंसा के साथ साथ सर्वधर्म समभाव के मार्ग पर चलते हुये विश्व की बड़ी से बड़ी शक्ति से संघर्ष करने की प्रेरणा दी थी । मार्टिन लूथर किंग से लेकर नेल्सन मंडेला और बराक ओबामा तक न जाने कितने नेता हैं जो गांधी जी को अपना आदर्श मानते रहे हैं। दुनिया के किसी भी देश में आज जब युद्ध विरोधी, शान्ति व अहिंसा की बातें होती हैं तो बड़े से बड़े नेता गांधी दर्शन को ही याद करते हैं। यही वजह है कि विश्व के 70 से भी अधिक देशों में शांति के इस महान पुजारी की एक या अनेक प्रतिमाएं स्थापित कर उन्हें सम्मान भी दिया गया है। उन देशों के लोग गांधी से प्रेरणा लेते हैं। यहाँ तक कि विश्व में जब कहीं कोई शांति मार्च निकलता है तो लोग गांधी की तस्वीरों व उनके सद्भावपूर्ण संदेशों से युक्त बैनर जुलूस के आगे लेकर चलते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह भारत का सौभाग्य है कि इतने महान विचारों वाला व्यक्ति हमारे देश में पैदा हुआ। सारी दुनिया भारत को गांधी के देश के रूप में ही जानती है।



तनवीर जाफ़री

आज जबकि विश्व का बड़ा हिस्सा युद्ध, हिंसा, परस्पर मतभेद, बेरोज़गारी, महंगाई, साम्प्रदायिकता जैसे तनावपूर्ण वातावरण के दौर से गुज़र रहा है। पूरा विश्व बाहरी व भीतरी तौर पर राजनैतिक वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहा है, ऐसे में ख़ास तौर पर गांधी जयंती के अवसर पर हर बार चिंतकों द्वारा यह सवाल उठाया जाता है कि गांधी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांत पर आधारित उनके दर्शन और विचारों की आज कितनी प्रासंगिकता महसूस की जा रही है? सितम्बर, 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया था। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि-यह अवसर इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि इस वर्ष हम महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मना रहे हैं। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने जहाँ और कई मुद्दे उठाये थे वहीं उन्होंने भारत का शांति-अहिंसा का संदेश प्रमुख रूप से विश्व को दिया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा जैसे वैश्विक मंच से शांति का संदेश देते हुए उन्होंने कहा था कि- हमने दुनिया को शांति का पैग़ाम दिया। संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ा बलिदान अगर किसी देश ने दिया है, तो वह देश भारत है। हम उस देश के वासी हैं जिसने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिये हैं, शांति का संदेश दिया है। गोया बुध और गांधी के शांति के संदेश ही ऐसे हैं जिनपर प्रत्येक भारतवासी गर्व करता है।

परन्तु इस दुर्भाग्यपूर्ण सत्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि भले ही पूरा विश्व इस महात्मा के समक्ष नतमस्तक होता हो, उन्हें अपना आदर्श व प्रेरणास्रोत मानता हो परन्तु गांधी व गांधीवाद का विरोध करने वालों में और किसी देश के लोग



नहीं बल्कि अधिकांशतया केवल भारतवासी ही शामिल हैं। संकीर्ण मानसिकता रखने वालों, साम्प्रदायिकता वादियों ने गांधी को व उनके के विचारों की प्रासंगिकता को तब भी महसूस नहीं किया था जबकि वे जीवित थे। गांधी से असहमति के इसी उन्माद ने उनकी हत्या तो कर दी परन्तु आज गांधी के विचारों से मतभेद रखने वाली उन्हीं शक्तियों को भली-भांति यह महसूस होने लगा है कि गांधी अपने संकीर्ण व साम्प्रदायिकतावादी विरोधियों के लिए दरअसल जीते जी उतने हानिकारक नहीं थे जितना कि अपनी हत्या के बाद साबित हो रहे हैं। और इसकी वजह केवल यही है कि जैसे-जैसे विश्व हिंसा, आर्थिक मंदी, भूख, बेरोज़गारी और नफ़रत जैसी नकारात्मक परिस्थितियों का सामना करता जा रहा है व इनमें उलझता जा रहा है, वैसे-वैसे दुनिया को न केवल गांधी के दर्शन याद आ रहे हैं बल्कि विश्व को गांधी दर्शन को आत्मसात करने की आवश्यकता भी बड़ी शिद्दत से महसूस होने लगी है।

दूसरी तरफ़ पिछले एक दशक से गाँधी के देश भारत में ही उन्हें अपमानित करने यहाँ तक कि सार्वजनिक रूप से खुलकर गालियां देने वालों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। भारतीय संसद में ऐसे लोगों का प्रवेश हो चुका है जो गाँधी को अपमानित करते हैं और उनके हत्यारे नाथू राम गोडसे व उसके वैचारिक सहयोगियों का महिमामंडन करते हैं। ऐसा इसीलिये है कि वर्तमान सत्ता उन्हें प्रश्रय देती है। ये लोग प्रायः सत्तारूढ़ दल के ही सदस्य या समर्थक हैं। आजतक गाँधी को अपमानित करने व गोडसे का महिमामंडन करने यहां तक कि उसे राष्ट्रवादी बताने वालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गयी। और तो और भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अधयक्ष और देश के वर्तमान गृह मंत्री अमितशाह ने भी जून 2017 में रायपुर(छत्तीसगढ़) के मेडिकल कॉलेज में आयोजित बुद्धिजीवियों की एक सभा में जब गाँधी जी को याद किया तो उनके शब्द यह थे- महात्मा गांधी बहुत चतुर बनिया था, उसको मालूम था कि आगे क्या होने वाला है। उसने आज़ादी के बाद तुरंत कहा था, कांग्रेस को बिखेर देना चाहिए। इस तरह की शब्दावली का प्रयोग करने वाले नेता की पार्टी के ही एक सांसद ने पिछले दिनों लोकसभा में जब एक मुस्लिम सांसद को घोर आपत्तिजनक बातें कहीं और उस पर साम्प्रदायिक व आपराधिक टिप्पणियां कीं तो उसी कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी उस पीड़ित सांसद के आंसू पोछने उनके निवास पर गये। यह कांग्रेस व गांधीवादी सोच ही थी जिसने राहुल गांधी को भेजकर सांत्वना देने को विवश किया। और वह गोडसेवादी विचार थे जो उस सांसद के मुंह से निकलते दुनिया को सुनाई दिये।

बहरहाल, पिछले दिनों महात्मा गांधी की वैश्विक स्वीकार्यता एक बार फिर पूरे विश्व ने देखी और महसूस की जबकि जी 20 देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए दिल्ली आए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक,ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़,कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम, एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष मासात्सुगु असाकावा, आईएमएफ़ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा सहित लगभग सभी राष्ट्राध्यक्ष महात्मा गाँधी को श्रद्धांजलि देने के लिए उनकी समाधि स्थल राजघाट पहुंचे। इन सभी राष्ट्राध्यक्षों,सरकार के प्रमुखों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों ने वहां एक मिनट का मौन रखा और राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद जी 20 नेताओं ने 'लीडर्स लाउंज' में शांति दीवार पर हस्ताक्षर भी किए। जी 20 के अगले मेज़बान ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो ने इस अवसर पर कहा कि - जब हम महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए गए उस समय मैं बहुत भावुक हो उठा था। मेरे राजनीतिक जीवन में महात्मा गांधी का बहुत महत्व है क्योंकि अहिंसा का मैंने कई दशकों तक अनुसरण किया है, जब मैं श्रमिक आंदोलन के लिए लड़ा था।

# बापू की पत्रकारिता के सिद्धान्त

**बापू की नज़र में पत्रकारिता का मकसद जन जागरण था। वह जनमानस की समस्याओं को मुख्यधारा की पत्रकारिता में रखने के प्रबल पक्षधर थे। दक्षिण अफ्रीका से भारत आने के बाद गुलामी की परिस्थितियों से प्रबल बापू ने सत्य, अहिंसा के समानांतर पत्रकारिता और लेखनी को भी अपना हथियार बनाया। द इंडियन ओपिनियन, नवजीवन, यंग इंडिया, हरिजन में विचारों से ओत-प्रोत हजारों लेख लिखे। इनमें बापू के मूल्य, आदर्श, सिद्धांत साफ-साफ परिलक्षित होते हैं। बापू का साफ मानना रहा, पत्रकारिता का पहला उद्देश्य जनता की इच्छाओं और विचारों को अपनाना और उन्हें व्यक्त करना है।**

अहिंसा के पथ-प्रदर्शक, सत्यनिष्ठ, समाज सुधारक और महात्मा के रूप में विश्वविख्यात बापू सबसे पहले सफल पत्रकार थे। बापू की पत्रकारिता भी उनके गांधीवादी सिद्धांतों की मानिंद है। बापू का स्पष्ट मानना था, पत्रकारिता की बुनियाद सत्यवादिता के मूल में निहित होती है। असत्य की तरफ उन्मुख होकर पत्रकारिता के उद्देश्यों को कभी प्राप्त नहीं किया जा सकता है। बापू का यह दृष्टिकोण इस बात की पुष्टि करता है, उनकी पत्रकारिता और व्यावहारिक जीवन के सिद्धांतों में किसी तरह का दोहरापन नहीं रहा है। सवाल यह है, क्या आज की वैश्विक पत्रकारिता इन मापदंडों पर खरी उतर रही है। पत्रकारिता में बापू के योगदान की ऐतिहासिकता पर नज़र डालें तो उनकी पत्रकारिता का श्रीगणेश ही विरोध की निज अभिव्यक्ति से हुआ था। दक्षिण अफ्रीका में अख़बार को लिखे पत्र को बापू की पत्रकारिता का पहला कदम माना जा सकता है। बापू की प्रखर लेखनी का लोहा मानते हुए एक अंग्रेजी के लेखक ने तो यहां तक कहा, गांधी के संपादकीय लेखों के वाक्य-थॉट ऑफ द डे के तौर पर इस्तेमाल किए जा सकते हैं। ऐसी थी, बापू की लेखनी की ताकत। यह बापू की पत्रकारिता के अद्वितीय उदाहरण है। बापू की पत्रकारिता डगर में भाषाई दायरे कभी अवरोध नहीं बने। वह समय और अवसर के अनुकूल हिंदी/ऊर्दू/अंग्रेजी/गुजराती में लेखन कर लिया करते थे। दाएं हाथ से हिंदी/ऊर्दू लिखने वाले बापू बाएं हाथ से शानदार अंग्रेजी लिखते थे। सवाल यह है, हममें से कितने बापू की इन विशेषताओं का अनुसरण कर रहे हैं?



प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

बापू की नज़र में पत्रकारिता का मकसद जन जागरण था। वह जनमानस की समस्याओं को मुख्यधारा की पत्रकारिता में रखने के प्रबल पक्षधर थे। दक्षिण अफ्रीका से भारत आने के बाद गुलामी की परिस्थितियों से प्रबल बापू ने सत्य, अहिंसा के समानांतर पत्रकारिता और लेखनी को भी अपना हथियार बनाया। द इंडियन ओपिनियन, नवजीवन, यंग इंडिया, हरिजन में विचारों से ओत-प्रोत हजारों लेख लिखे। इनमें बापू के मूल्य, आदर्श, सिद्धांत साफ-साफ परिलक्षित होते हैं। बापू का साफ मानना रहा, पत्रकारिता का पहला उद्देश्य जनता की इच्छाओं और विचारों को अपनाना और उन्हें व्यक्त करना है। दूसरा उद्देश्य जनता में वांछनीय भावनाओं को जागृत करना और तीसरा उद्देश्य सार्वजनिक दोषों को निर्भीकता



पूर्वक प्रकट करना है। वह मानते रहे, ज्ञान और विचारों को समीक्षात्मक टिप्पणियों के साथ शब्द, ध्वनि और चित्रों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना ही पत्रकारिता है। प्रश्न यह है, क्या हम बापू के सपनों की पत्रकारिता को सच में अमली-जामा पहना रहे हैं या नहीं? बापू पत्रकारिता को दो रूपों में विभाजित करते हैं- एक व्यावहारिक पत्रकारिता और दूसरी लोकसेवी। बापू की साफ मान्यता थी, पत्रकारिता को व्यवसाय बनाने से वह दूषित हो जाती है और लोकसेवा के लक्ष्य से भटक जाती है। बापू समाचार पत्रों की शक्ति सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभावों में पहचानते थे। उन्होंने अपनी आत्मकथा- सत्य के साथ मेरे प्रयोग में लिखा है- समाचार पत्र सेवाभाव से ही चलने चाहिए। समाचार पत्र एक जबर्दस्त शक्ति है, किन्तु जिस प्रकार निरंकुश पानी का प्रवाह गांव के गांव डुबो देता है, उसी प्रकार प्रलय का निरंकुश प्रवाह भी नाश करता है। यदि अंकुश कहर से आता है तो वह निरंकुशता से भी विषैला होता है।

21वीं सदी में पत्रकारिता और लोकतंत्र को गहरी चोट पहुंचाने वाली अनेक घटनाएं घटी हैं। सर्वाधिक नुकसान पहुंचाने वाली पेड न्यूज़ की कुप्रथा सामने आई है। फेक न्यूज़ का भी भयावह रूप किसी से छुपा नहीं है। फिर वही सवाल, क्या हम सत्यनिष्ठा से पत्रकारिता का धर्म निभा रहे हैं? बापू ने अंतिम समय तक पत्रकारिता को कभी किसी व्यक्ति विशेष या संगठन का मोहरा नहीं बनाया। क्या आज ऐसा है? वह अपने लिखे एक-एक शब्द पर मनन करते थे। सकारात्मक और नकारात्मक नतीजों के बारे में सोचते थे। सत्य की कसौटी पर खरा उतरने वाली भाषा का इस्तेमाल करते थे। बापू साथ ही पाठकों को यह अधिकार भी देते थे, वे समाचार पत्र पर पैनी नज़र रखें। कहीं कोई अनुचित या झूठी ख़बर तो नहीं छपी है। अविवेकपूर्ण भाषा का इस्तेमाल तो नहीं हुआ है। क्या आज पाठकों के पास बापू वाला अधिकार है? बापू का मानना था, संपादक पर पाठकों का चाबुक रहना चाहिए, जिसका उपयोग संपादक के बिगड़ने पर हो सके। कड़वा सच यह है, पत्रकारिता के तथ्यों को क्रॉस चेक करने वाला बापू का यह सिद्धांत बिसरा दिया गया है, लेकिन पाठकों को यह जिम्मेदारी उठानी ही होगी। बापू ने बार-बार पत्रकारों को भी उनके उत्तरदायित्व की याद दिलाई है। उन्होंने लिखा था, अगर सरकार को नाखुश करने वाला कुछ प्रकाशित हो भी गया है, तो भी संपादक को क्षमा नहीं मांगनी चाहिए। बापू की दृष्टि में संपादक का कद बड़ा था। बड़ा होना भी चाहिए। बापू का प्रसिद्ध कथन है, हम जो आज करते हैं, उस पर भविष्य निर्भर करता है। बापू ने हिंदी, गुजराती, तमिल और अंग्रेजी में प्रकाशित-इंडियन ओपिनियन को लेकर अपने बुलंद इरादे साफ कर दिए थे। बापू ने लिखा था, इंडियन ओपिनियन की जरूरत के बारे में हमारे मन में कोई संदेह नहीं है। भारतीय समाज दक्षिण अफ्रीका के राजकीय शरीर का निर्जीव अंग नहीं है, उसे जीवित अंग सिद्ध करने के लिए बहुभाषी यह समाचार पत्र निकाला गया है। आज भारतीय ही नहीं, बल्कि विश्व के समूचे पत्रकारिता जगत को जरूरत है, वह बापू के मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों को पढ़ें, समझें और आत्मसात करें। अगर ऐसा कर लेंगे तो बापू को यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# किसान संगठन सक्षम होंगे तभी सक्षम होंगे किसानः बाजपेयी



**लखनऊ।** राज्यसभा सदस्य अशोक बाजपेयी ने कहा है कि जब किसान संगठन सक्षम होंगे तभी किसान सक्षम होंगे। वह रविवार को यहां सक्षम किसान एसोसिएशन के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान संगठन की कार्यकारिणी के चुनाव भी हुए, जिसमें सर्वसम्मति से तेज शंकर अवस्थी (तेज) को राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा देवेश दीक्षित को राष्ट्रीय महासचिव चुना गया। सांसद श्री बाजपेयी ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारों ने किसानों को सक्षम बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे धरातल पर उतारने में सक्षम किसान एसोसिएशन के कार्य अहम योगदान दे रहे हैं। भारत की 70 फीसदी आबादी अब भी कृषि अर्थव्यवस्था पर आधारित है। कृषि उपज का लाभकारी मूल्य दिलाये बगैर इस बड़ी आबादी को सक्षम, स्वावलम्बी और समृद्ध नहीं बनाया जा सकता। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सरकार उन्नत बीज, खाद और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी दे रही है। मोटे अनाज को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का जोर जीरो बजट खेती पर भी है, ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो। एमएलसी पवन सिंह चौहान और एमएलसी अवनीश सिंह ने भी कृषि को लाभकारी बनाने के लिए केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा किये गये कार्यो की जानकारी दी। संस्था के महासचिव देवेश दीक्षित ने बताया कि विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने के लिए सक्षम किसान एसोसिएशन दोनों के बीच सेतु की भूमिका में है। लोगों ने संगठन के कार्यो को इस तरह सराहा है कि अब तक 40 हजार के अधिक लोग इसकी सदस्यता ले चुके हैं। बड़ी संख्या में किसानों की मौजूदगी वाले आयोजन में, जिनमें महिला किसानों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा थी। मो. अली साहिल, डी.एल. चंचल, यदुनाथ सुमन ने किसानों की दशा और दिशा को लेकर काव्य पाठ्य किया। कार्यक्रम में लखनऊ बार के पूर्व अध्यक्ष जी.एन. शुक्ला, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सी.पी. अवस्थी, उप्र बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी, जननेता अजय त्रिपाठी (मुन्ना), भाजपा प्रवक्ता अशोक कुमार पाण्डेय, किसान नेता विष्णु पाण्डेय (कानपुर), गिरजा शंकर त्रिपाठी (देवरिया), घनश्याम बाजपेयी (उन्नाव), राधाकृष्णा शुक्ला (रायबरेली), अमर मिश्रा (बहराइच), शिव सिंह (नोएडा), अरुण कसाना (ग्रेटर नोएडा) आदि ने किसानों को लेकर अपने विचार व्यक्त किये।

## ईर्ष्या के चलते संजय गाँधी अस्पताल को बंद किया गयाः प्रमोद

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने कहा है कि 'गॉधी परिवार' ने अपने व्यक्तिगत संपर्कों एवं संसाधनों से जनपद अमेठी के मुशीगंज में संजय गॉधी हास्पिटल की स्थापना की थी परन्तु केन्द्रीय मन्त्री स्मृति ईरानी की व्यक्तिगत ईर्ष्या एवं हस्तक्षेप के कारण संजय गॉधी अस्पताल को बन्द कर दिया गया है, इससे अमेठी, प्रतापगढ़ एवं सुलतानपुर सहित कई जनपदों की लाखों जनता प्रभावित हो रही है।

यही नहीं प्रतापगढ़ जनपद की सीमा पर रायबरेली जनपद के दरियापुर में बनने वाला अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), जो देष के सबसे प्रतिष्ठित एवं साधन सम्पन्न चिकित्सीय संस्थानों की श्रृंखला है, उसके निर्माण को भी गॉधी परिवार की व्यक्तिगत ईर्ष्या एवं द्वेष के कारण रोका गया है, इससे प्रतापगढ़, रायबरेली, अमेठी एवं सुलतानपुर सहित पूर्वान्चल की लाखों जनता की चिकित्सा प्रभावित है।

# भाजपा महिला मोर्चा पूरे प्रदेश में चलाएगी अभियान

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा कि भाजपा मुख्यालय में बैठक की गई है। इस बैठक में पार्टी के सांसद और विधायक, जिला पंचायत के अध्यक्ष, नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। इसमें बस्ती संपर्क एवं संवाद कार्यक्रम को तेजी से गांव-गांव तक चलाने पर चर्चा की गई।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा, बस्ती संपर्क अभियान के मायने यह हैं कि हमारी सरकार की उपलब्धियां और कार्य को हर घर संपर्क करना है। उन्होंने कहा, अनुसूचित जाति के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं हैं, उनकी सुरक्षा को लेकर एक धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया है। दरअसल घोसी उपचुनाव में मिली हार के बाद दलित वोट बैंक को लेकर भाजपा नेतृत्व चिंतित है। ऐसे में बस्ती संपर्क अभियान के जरिए मोर्चा की जिलावार




■ यूपी भाजपा महिला मोर्चा की बैठक में बनी रणनीति, चौपाल में सुनी जाएगी समस्या

बनाई गई टोलियों के साथ ही सांसद-विधायकों को भी बस्तियों में जाना है। और सभी से संपर्क स्थापित करने के साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुनना होगा फिर रिपोर्ट तैयार करके पार्टी को देनी है। जिसके आधार पर बीजेपी अपनी आगामी रणनीति तैयार करेगी। दूसरी बैठक भाजपा महिला मोर्चा की हुई। बैठक में महिला जनप्रतिनिधियों के साथ आगामी अभियान और कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए आधी आबादी में पैठ बढ़ाने को लेकर कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में फैसला किया गया कि भाजपा महिला मोर्चा पूरे प्रदेश भर में अभियान चलाएगी। ग्राम पंचायत, ब्लॉक और निकायों के स्तर पर चौपालें आयोजित की जाएगी। इसमें महिला मोर्चा की पदाधिकारी और महिला जनप्रतिनिधि शामिल होंगी।

# जफरूल हसन खान वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** यूनिटी पीजी एण्ड लॉ कालेज बसन्त कुंज आईआईएम बाईपास रोड लखनऊ में 'ज़फरूल हसन खान वाद विवाद प्रतियोगिता' का आयोजन 30 सितम्बर को किया गया। जिसका विषय Social Media: Boon or Bane था। इस अवसर पर अतिथि के रूप मे नवनीत सिकेरा (ADG, Police Training College Unnao) उपस्थित रहें।

इस प्रतियोगिता मे महाविद्यालय के बी.कॉम.,एम. कॉम., बी.बी.ए., विधि तीन वर्ष, विधि पॉच वर्ष, बी.ए., बी.एड. तथा बी.टी.सी. के लगभग 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमे पक्ष वर्ग मे रनरअप अहमद मेंहदी एलएलबी त्री वर्षीय और विजेतो तैहरीन फातिमा बीएड को पुरस्कार मिला। विपक्ष मे रनरअप अतीक़ा परवीन एलएलबी पंच वर्षीय और विजेता सोनम कुमारी डीएलएड (बीटीसी) को पुरस्कार मिला एवं सांतव्ना पुरस्कार सानिया फैसल बीए, नफीस आबदी बीटीसी, सादिया इस्लाम बी कॉम,फाबिया हसन बीबीए हासिल किये। नवनीत सिकेरा ने अपने वक्तव्य मे कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता विद्यार्थियो को प्रोत्साहन देती है तथा विद्यार्थियों को समाज में हो रहे परिवर्तन की जानकारी प्राप्त होती है।

# रेल मंत्री ने गुड़गांव रेलवे स्टेशन पर 'श्रमदान' किया





अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज गुड़गांव रेलवे स्टेशन, हरियाणा में 'श्रमदान' किया। उन्होंने रेलवे ट्रैक और स्टेशन परिसर के सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

श्री शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे, श्री सुखविंदर सिंह, मंडल रेल प्रबंधक, दिल्ली मंडल, रेलवे बोर्ड एवं उत्तर रेलवे के अन्य अधिकारियों ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया। यह अभियान गांधी जयंती से एक दिन पहले 1 अक्टूबर को सुबह 10.00 बजे से शुरू होने वाले माननीय प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी महा स्वच्छता अभियान में सभी नागरिकों की भागीदारी के लिए ''एक तारीख एक घंटा एक साथ'' के आह्वान पर किया गया। तत्पश्चात, माननीय रेल मंत्री ने गुड़गांव रेलवे स्टेशन से 20977 अजमेर - दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन तक की यात्रा की। उन्होंने ट्रेन में साफ-सफाई के स्तर का निरीक्षण किया और यात्रियों के साथ बातचीत की। दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचने पर माननीय रेल मंत्री के समक्ष 'स्वच्छ वंदे वीरों' द्वारा वंदे भारत एक्सप्रेस की ''14 मिनट मिरेकल क्लीनिंग'' का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही उन्होंने देश भर में सभी वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाओं के लिए इस साफ-सफाई प्रक्रिया का शुभारंभ किया। '14 मिनट मिरेकल क्लीनिंग'' के अंतर्गत कोचों की सैन्य अनुशासन और सटीकता से सफाई शामिल है। तेजी से सफाई करने वाली यह कवायद वंदे भारत ट्रेनों के टर्न-अराउंड समय को कम कर देगी। इस प्रक्रिया में शामिल हैंः कर्मचारियों को एकत्र कर ब्रीफिंग करना, कोचों में तैनाती, कोचों के अंदरूनी और बाहरी हिस्सों की सूखी और गीली सफाई, कचरा थैलों का अंतिम संग्रहण और उचित निपटान, कर्मचारियों की वर्किंग स्टेशन पर वापसी।


## पोस्टकार्ड ने पूरा किया 154 साल का सफर

# एक अक्टूबर, 1869 को ऑस्ट्रिया में जारी हुआ था पहला पोस्टकार्ड

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सोशल मीडिया में खोई युवा पीढ़ी का पाला भले ही पोस्टकार्ड से न पड़ा हो, पर एक दौर में पोस्टकार्ड खत भेजने का प्रमुख जरिया था। शादी-ब्याह, शुभकामनाओं से लेकर मौत की ख़बरों तक तो इन पोस्टकार्डों ने सहेजा है। तमाम राजनेताओं से लेकर साहित्यकारों व आंदोलनकारियों ने पोस्टकार्ड का बखूबी प्रयोग किया है। अपना वही पोस्टकार्ड 1 अक्टूबर, 2023 को वैश्विक स्तर पर 154 साल का हो गया। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि, दुनिया में पहला पोस्टकार्ड एक अक्तूबर 1869 को ऑस्ट्रिया में जारी किया गया था।

इसके पीछे की कहानी के बारे में पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव बताते हैं कि, पोस्टकार्ड का



विचार सबसे पहले ऑस्ट्रियाई प्रतिनिधि कोल्बेंस्टीनर के दिमाग में आया था, जिन्होंने इसके बारे में वीनर न्योस्टॉ में सैन्य अकादमी में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डॉ. एमैनुएल हर्मेन को बताया। उन्हें यह विचार काफी आकर्षक लगा और उन्होंने 26 जनवरी 1869 को एक अखबार में इसके बारे में लेख लिखा। ऑस्ट्रिया के डाक मंत्रालय ने इस विचार पर बहुत तेजी से काम किया और पोस्टकार्ड की पहली प्रति एक अक्तूबर 1869 में जारी की गई। यहीं से पोस्टकार्ड के सफर की शुरुआत हुई। दुनिया का यह प्रथम पोस्टकार्ड पीले रंग का था।

# रोगियों की देखभाल में यूनानी चिकित्सा का महत्वपूर्ण योगदान : जहीर अहमद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** फाउंडेशन फॉर सोशल केयर (एफएससी) के तत्वावधान में हयात यूनानी मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर (एचयूएमसी) ने यूनानी चिकित्सा में क्लिनिकल केस स्टडीज सफल अनुप्रयोग शीर्षक से एक अभूतपूर्व राष्ट्रीय सेमिनार की मेजबानी की। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम लखनऊ के एचयूएमसी परिसर में हुआ, जिसमें यूनानी चिकित्सा के क्षेत्र में प्रसिद्ध विशेषज्ञ, चिकित्सक और विद्वान शामिल हुए।

सेमिनार ने यूनानी चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति को चिह्नित किया, जिसमें वक्ताओं और मध्यस्थों की एक विशिष्ट कतार शामिल थी। इस मंच ने मूल्यवान ज्ञान और अंतर्दृष्टि के आदान-प्रदान के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य किया। क्षेत्र के एक सम्मानित अधिकारी, प्रोफेसर शाकिर जमील



■ हयात यूनानी मेडिकल कॉलेज और अनुसंधान केंद्र में राष्ट्रीय संगोष्ठी

(यूनानी चिकित्सा में सीसीआर आईयूएम के पूर्व महानिदेशक विश्व स्वास्थ्य संगठन की परियोजनाओं में अपने अनुभव का योगदान दिया) ने एक विचारोत्तेजक मुख्य भाषण दिया, जिसने दिन की चर्चाओं के लिए मंच तैयार किया। कार्यक्रम में तीन एकीकृत सत्रों के साथ एक अच्छी तरह से संरचित प्रारूप का पालन किया गया, जिसका संचालन डॉ. ए काशिफ अनवर ने किया। डॉ. एम ए मुफज्जल द्वारा निर्देशित गतिशील पैनल चर्चा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण थी। कार्यक्रम की शुरुआत फाउंडेशन फॉर सोशल केयर के सीईओ उमर सिद्दीकी के परिचयात्मक भाषण और स्वागत भाषण के साथ हुई, जिन्होंने यूनानी चिकित्सा के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल को आगे बढ़ाने में सेमिनार की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। एफएससी के अध्यक्ष और कार्यक्रम के संरक्षक जहीर अहमद सिद्दीकी ने रोगी देखभाल में यूनानी चिकित्सा के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्षीय भाषण दिया।

# एकमुश्त समाधान योजना लागू करने की मांग

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** वेबीनार में शामिल विद्युत उपभोक्ताओं ने यह मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया की विद्युत आपूर्ति तो ग्रामीण क्षेत्र की दी जा रही है और बिलिंग उनके क्षेत्र में शहरी की जा रही है जिससे विद्युत उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश है और बिजली कंपनियां कोई भी सुनवाई नहीं कर रही है ।

प्रदेश के सभी बिजली कंपनियों के उपभोक्ताओं को जागरूक करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करने अपने उपभोक्ताओं को नियमों विनियमों कानूनो की जानकारी देने के लिए उपभोक्ता परिषद की तरफ से आयोजित साप्ताहिक वेबीनार में आज सैकडो की संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लेकर कानूनो नियमों की जानकारी ली और वही अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया



ज्यादातर विद्युत उपभोक्ताओं ने बिलिंग सॉफ्टवेयर में आ रही दिक्कतों और ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति दिए जाने के बाद भी शहरी दर पर बिलिंग किया जाना वितरण ट्रांसफार्मर की कैपेसिटी को बढाया जाना सहित अनेकों मुद्दे उठाएं। उपभोक्ता परिषद द्वारा आयोजित वेबीनार में सभी विद्युत उपभोक्ताओं ने जुलाई में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा किए गए ऐलान एक एकमुश्त समाधान योजना को अभिलंब लागू करने की जहां मांग उठाई वही किसानों के लिए फ्री बिजली जैसा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ऐलान किया था उसे भी लागू करने के लिए अपनी बात रखी।

# अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन के अंतर्गत मनाया गया 'संस्थापक दिवस'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** संस्थापक बैरिस्टर मुमताज़ हुसैन की पुण्यतिथि पर अन्जुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन, के अन्तर्गत मुमताज़ पीजी कालेज, डालीगंज, लखनऊ के मौलाना अली मिया हाल में 'मुमताज़ दिवस' मनाया गया। अन्जुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन, के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो सुलेमान की अध्यक्षता में सम्पन्न इस प्रोग्राम में अतिथि गण हज़रत मौलाना अतीक़ अहमद बस्तवी, मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने भाग लिया।

प्रोग्राम का आरम्भ तिलावत कलाम पाक से हुआ। जिसकी अदायगी मुमताज़ पीजी के छात्र यसा मिन्हाज ने की और फहीम अन्सारी छात्र मुमताज़ बेसिक सेक्शन मुमताज़ इन्टर कालेज ने दुआइया तक़रीर कर के पेश की। इसके बाद अतिथिगणों का स्वागत गुलदस्ता दे कर किया







गया। मारिया खातून और इनके रफक़ा ने तराना मुमताज़ पेश किया।

मुख्य अतिथि हज़रत मौलाना अतीक़ अहमद बस्तवी ने अपने खयालात का इज़हार करते हुए बैरिस्टर मुमताज़ हुसैन की दिखाई रोशनी में इस संस्था से संलग्न नई नस्ल मुल्क को एक नई मंज़िल पर ले जाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। हमें बैरिस्टर मुमताज़ जैसी शख्सियत का शुक्रगुज़ार होना चाहिए जिन्होंने क़ौम व मिल्लत के लिए मशाले राह क़ायम की। इस दरमियान उन्होंने हज़रत मौलाना अली मियां रह के इफकार व ख्यालात का ज़िक्र करते हुए कहा अन्जुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन की सभी संस्थाओं से मौलाना का बड़ी उन्सियत थी।

# सीएमएस छात्रा को 30 हजार अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस की छात्रा नव्या शर्मा को कैनडा के प्रतिष्ठित हंबर कालेज द्वारा 30,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप मिलेगी। मेधावी छात्रा नव्या को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्रा ने इस सफ्लता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने नव्या की सफ्लता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में



स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 110 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक) आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

## आशियाना जैन मंदिर में मना क्षमावाणी महोत्सव

**लखनऊ।** आशियाना जैन मंदिर में परस्पर क्षमायाचना के साथ क्षमावाणी महोत्सव मनाया गया। शुरुआत प्रातःकाल पण्डित पियूष जैन शास्त्री के मंत्रोच्चार के साथ क्षमावाणी पूजन हुआ।

अपराह्न अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश के नेतृत्व में तीर्थंकर शान्तिनाथ को पालकी में विराजमान कर भक्तो ने पालकी यात्रा निकाली। वापिसी पर मन्दिरजी में प्रभु का जलाभिषेक एवं शान्तिधारा के साथ रत्नत्रय की जयमाल हुई। सामूहिक भोजन और परस्पर क्षमायाचना के साथ क्षमावाणी महोत्सव सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन, अनुज जैन, संजय जैन, शरद कुमार जैन, अंकित जैन, बृजेश जैन, अभय शाह, विपिन जैन, अखिलेश जैन के साथ भारी संख्या मे भक्तगण सम्मलित हुये। महिला मण्डल की अध्यक्ष अल्पना जैन मंत्री ऋतु जैन के साथ महिलाओं ने पालकी यात्रा नृत्य और भजन से शमा बांधा।

# टीएमयू पैरामेडिकल के 24 स्टुडेंट्स का लेंसकार्ट में चयन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में लेंसकार्ट की ओर से ऑप्टोमेट्री विभाग में आयोजित कैंपस ड्राइव में 24 स्टुडेंट्स का जॉब के लिए चयन हुआ है। चयनित ये सभी छात्र-छात्राएं बी ऑप्टोमेट्री फाइनल ईयर के हैं। इन स्टुडेंट्स का जॉब प्रोफाइल ऑप्टोमेट्रिस्ट होगा। लेंसकार्ट की ओर से आए क्लस्टर ऑप्टोमेट्रिस्ट श्री मोइन खान और उनकी टीम ने स्टुडेंट्स की प्रतिभा को पहले लिखित परीक्षा से परखा। लिखित परीक्षा में सफल छात्रों का इंटरव्यू लिया। अंत में इंटरव्यू में सफल 24 स्टुडेंट्स का चयन कर लिया।

इस मौके पर लेंसकार्ट की ओर से आए क्लस्टर ऑप्टोमेट्रिस्ट और उनकी टीम एक्सपर्ट के साथ ऑप्टोमेट्री के इंडस्ट्रियल आस्पेक्ट्स



पर प्री-प्लेसमेंट टॉक भी हुई। टॉक में एक्सपर्ट ने लेंसकार्ट के बारे में बताते हुए ऑप्टोमेट्री के इंडस्ट्रियल स्कोप के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्टुडेंट्स को ऑप्टोमेट्रिस्ट के कार्यों और उनकी जिम्मेदारियों को भी समझाया। इससे पूर्व सभी एक्सपर्ट्स का बुके देकर स्वागत किया गया।

चयनित स्टुडेंट्स में बीएससी ऑप्टोमेट्री फाइनल ईयर से निहारिका जयसवाल, चांदनी अरोरा, अब्दुल कादिर, इरम, राजबाला, अनाम, गौरव कुमार, ऋषभ चौधरी, अब्दुल कलाम,

■ एक्सपर्ट के साथ ऑप्टोमेट्री के इंडस्ट्रियल आस्पेक्ट्स पर भी हुई प्री-प्लेसमेंट टॉक

सम्यक जैन, इफरा आज़म, प्रियल असावा, सिंह नेहा विजयप्रताप, ज़ैनब अंसारी, नगमा परवीन, शिवांगी वार्ष्णेय, शीनम, मो. मैराज, सोफिया मिर्ज़ा, अर्जुमन, मनीषा कुमारी, फोजिआ, प्रांजुल चौधरी, मो. आकिफ आदि शामिल रहे।

पैरामेडिकल के वाइस प्रिंसिपल डॉ. नवनीत कुमार ने चयनित स्टुडेंट्स को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ऑप्टोमेट्री विभाग के एचओडी श्री राकेश कुमार यादव ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। कार्यक्रम में श्री पिनाकी अदक, मिस जूही यादव, मिस अंजलि रानी, श्री विक्रम घिमिरे, श्री सौरभ सिंह बिष्ट, मिस श्रेया ठकराल आदि मौजूद रहे।

# शतरंज प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र ने जीता प्रथम पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-12 के छात्र सम्पूर्ण तिवारी ने लखनऊ रैपिड चेस टूर्नामेन्ट में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। सम्पूर्ण तिवारी ने यह पुरस्कार अण्डर-15 कैटेगरी में जीता है। टूर्नामेन्ट का आयोजन हैप्पी स्क्वायर्स एकेडमी, दुबई के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस उदीयमान शतरंज खिलाड़ी ने अपनी विलक्षण प्रतिभा, शतरंज के दांव-पेंच, रणनीतिक क्षमता व स्मरणशक्ति के दम पर प्रथम पुरस्कार अर्जित किया। टूर्नामेन्ट के आयोजकों ने सम्पूर्ण को प्रशस्ति पत्र प्रदान



कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. का यह मेधावी छात्र कम समय में ही एक विख्यात शतरंज खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बना चुका है एवं आने वाले समय में देश का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर रोशन करने को संकल्पित है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने सम्पूर्ण तिवारी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फशैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं ।

# हेयर एक्सटेंशन से होने वाले हेयर डैमेज को कम करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

कई बार हम अपने बालों को बहुत अधिक लंबा व घना दिखाने के चक्कर में बहुत अधिक लंबे और भारी एक्सटेंशन का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इससे बालों को काफी नुकसान हो सकता है। दरअसल, वे आपके नेचुरल हेयर को खींच सकते हैं और उनके टूटने का कारण बन सकते हैं।

अपने बालों को स्टाइल करने के लिए हम कई तरह की हेयर एक्सेसरीज का इस्तेमाल करते हैं और हेयर एक्सटेंशन इनमें बेहद आम है। अगर बाल छोटे हैं और आप अपना मनपसंद हेयरस्टाइल नहीं बना पा रही हैं तो ऐसे में एक्सटेंशन आपके काफी काम आएंगे या फिर अगर आपके बाल बहुत अधिक पतले हैं और आप उनमें वॉल्यूम एड करना चाहती हैं तो ऐसे में भी हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल करने



के अपने कुछ नुकसान हैं। लेकिन अगर आप कुछ छोटे-छोटे टिप्स अपनाते हैं तो ऐसे में इस हेयर डैमेज को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

जब आप हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल करना चाहते हैं और उससे होने वाले हेयर डैमेज को कम करना चाहते हैं तो ऐसे में आपको उसकी क्वालिटी पर खासतौर पर ध्यान देना चाहिए। कोशिश करें कि आप किसी अच्छे ब्रांड के रियल ह्यूमन हेयर से बने एक्सटेंशन का ही इस्तेमाल करें। दरअसल, सिंथेटिक एक्सटेंशन के डैमेज होने की संभावना अधिक हो सकती है और यह आपके नेचुरल हेयर के साथ अच्छी तरह ब्लेंड भी नहीं हो पाता है।

***बहुत हैवी हेयर एक्सटेंशन ना लगाएं***

कई बार हम अपने बालों को बहुत अधिक लंबा व घना दिखाने के चक्कर में बहुत अधिक लंबे और भारी एक्सटेंशन का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इससे बालों को काफी नुकसान हो सकता है। दरअसल, वे आपके नेचुरल हेयर को खींच सकते हैं और उनके टूटने का कारण बन सकते हैं।

***सही तरह से करें इस्तेमाल***

आप हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल किस तरह से करते हैं, इसका असर भी बालों पर बहुत अधिक पड़ता है। एक्सटेंशन लगाते या हटाते समय अपने बालों को जोर से खींचने से बचें। ऐसा करने से बालों को काफी नुकसान हो सकता है।

***लंबे समय तक पहनने से बचें***

हेयर एक्सटेंशन को बहुत अधिक लंबे समय तक पहनने से बचना चाहिए। कई बार हम एक्सटेंशन लगाने के बाद उन्हें काफी देर तक लगा रहने देते हैं या फिर हर दिन हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ऐसा करने से नेचुरल हेयर को काफी नुकसान हो सकता है। इसलिए लगातार एक्सटेंशन न लगाकर अपने नेचुरल हेयर को आराम दें।

# थ्रेडिंग करवाने के बाद ना करें ये गलतियां, वरना स्किन को हो सकता है नुकसान

महिलाएं अपनी खूबसूरती को निखारने के लिए पार्लर जाकर तरह-तरह के स्किन ट्रीटमेंट लेती हैं। इसके साथ ही महिलाएं थ्रेडिंग कराना पसंद करती हैं। थ्रेडिंग से ना सिर्फ आइब्रो को बेहतरीन शेप मिलता हैए बल्कि इससे चेहरा भी खिल उठता है।

महिलाएं अपनी खूबसूरती को निखारने के लिए पार्लर जाकर तरह-तरह के स्किन ट्रीटमेंट लेती हैं। इसके साथ ही महिलाएं थ्रेडिंग कराना पसंद करती हैं। थ्रेडिंग से ना सिर्फ आइब्रो को बेहतरीन शेप मिलता है, बल्कि इससे चेहरा भी खिल उठता है। बता दें कि कुछ महिलाएं थ्रेडिंग की जगह भी वैक्स का इस्तेमाल करती हैं। तो वहीं कुछ महिलाएं लेजर के माध्यम से अपने आइब्रो की शेप को सही कराती हैं।

अगर आप भी थ्रेडिंग कराती हैं, तो इस दौरान कुछ खास बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। बता दें कि थ्रेडिंग के बाद लोग अंजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिसके कारण उनकी स्किन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि थ्रेडिंग के बाद किन बातों का खास ख्याल रखना



चाहिए। जिससे आपकी त्वचा को किसी तरह की परेशानी ना हो।

***धूप में जाना***

थ्रेडिंग होने के बाद आपकी स्किन ज्यादा संवेदनशील हो जाती है। इसलिए बिना किसी सुरक्षा के धूप में जाने से बचना चाहिए। क्योंकि ज्यादा समय तक धूप में रहने से आपकी स्किन को नुकसान पहुंच सकता है।

***ज्यादा कॉस्मेटिक का उपयोग***

थ्रेडिंग करवाए जाने के बाद स्किन पर ज्यादा कॉस्मेटिक का उपयोग करने से बचना चाहिए। क्योंकि यह आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है। इसकी जगह पर आप अपनी स्किन पर प्राकृतिक, और हल्के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कर सकती हैं।

***मालिश करना***

थ्रेडिंग करवाने के बाद स्किन पर मालिश करने या फिर उसे खींचने से आपकी त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। अगर आपको किसी तरह की संवेदनशीलता महसूस होती है, तो आपको स्किन डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

***हाथों को सही से धोएं***

थ्रेडिंग के बाद हाथों को अच्छे से धोना चाहिए। वरना आपकी त्वचा को अनचाहे इंफेक्शन का सामना करना पड़ सकता है।


***ब्लीच से बनाएं दूरी***

थ्रेडिंग के फौरन बाद ब्लीच नहीं करवाना चाहिए। क्योंकि थ्रेडिंग के समय अनचाहे कट लग जाते हैं। ऐसे में इन कट पर ब्लीच लगाने से आपकी स्किन को नुकसान पहुंच सकता है।

***मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल***

थ्रेडिंग बनवाने के बाद मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। इससे थ्रेडिंग के दौरान आने वाले कट से राहत मिलती है।

# चेहरे से हटाना चाहती हैं अनचाहे बाल तो अपनाएं ये तरीका, खिला-खिला रहेगा फेस



चेहरे या शरीर पर मौजूद अनचाहे बाल अक्सर सुंदरता को कम करते हैं। अनचाहे बालों को हटाने के लिए लोग तमाम तरह की चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में अनचाहे बालों को हटाने के लिए सुरक्षित तरीका अपनाना चाहिए।

चेहरे या शरीर पर मौजूद अनचाहे बाल अक्सर सुंदरता को कम करते हैं। अनचाहे बालों को हटाने के लिए लोग तमाम तरह की चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं महिलाएं फेस के बालों को हटाने के लिए थ्रेडिंग, ब्लीच और क्रीम जैसी चीजों का इस्तेमाल करती हैं। इन चीजों से अनचाहे बाल भले ही हट जाते हैं, लेकिन यह आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। इसके कारण त्वचा का कलर भी बदल जाता है। वहीं अनचाहे बालों को हटाने का यह प्रोसेस भी काफी दर्दनाक होता है। ऐसे में हम आपको इस आर्टिकल के जरिए फेस से अनचाहे बालों को हटाने के लिए किन चीजों का इस्तेमाल किया जाता है।

शरीर में एमिन होने वाले हार्मोनल बदलाव और कुछ समस्याओं के कारण महिलाओं के फेस पर अनचाहे बाल आ जाते हैं। हालांकि फेस के बाल हटाने के लिए मार्केट में कई तरह के प्रोडक्ट मिलते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट में केमिकल होने के कारण त्वचा पर इसका असर दिखता है। इससे चेहरे की स्किन को कई तरह का नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में अनचाहे बालों को हटाने के लिए सुरक्षित तरीका अपनाना चाहिए।

***हल्दी और एलोवेरा***

चेहरे पर मौजूद अनचाहे बालों को हटाने के लिए हल्दी और एलोवेरा का इस्तेमाल किया जाता है। दो चम्मच एलोवेरा जेल, आधा चम्मच हल्दी और गुलाबजल का गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इसको चेहरे पर लगाकर सूखने के लिए छोड़ दें। जब यह सूख जाए तो हल्के हाथों से मसाज करते हुए चेहरे को पानी से धो लें। इस प्रक्रिया के रोजाना इस्तेमाल से चेहरे के अनचाहे बालों की ग्रोथ को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

***एलोवेरा और बेसन***

चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने में एलोवेरा और बेसन पेस्ट भी काफी मददगार होता है। रोजाना इस पेस्ट के इस्तेमाल से फेसियल हेयर ग्रोथ को कम किया जा सकता है। इसके लिए 2 चम्मच बेसन, गुलाब जल, नींबू का रस और एलोवेरा जेल मिक्स कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और सूखने के बाद उंगलियों की मदद से इसे हटाकर साफ कर लें।

***एलोवेरा और नींबू का रस***

चेहरे से अनचाहे बालों को हटाने में नींबू का रस और शहद का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए ओट्स, शहद, नींबू का रस और एलोवेरा को अच्छे से मिक्स कर लें। फिर इसे अपने चेहरे पर अप्लाई करें और बालों के बढ़ने के विपरीत दिशा में चेहरे की मालिश करें। करीब 15 मिनट बाद चेहरे को पानी से धो डालें।

# देसी लुक में लगाना है ग्लैमर का तड़का तो बैकलेस ब्लाउज हैं बेस्ट ऑप्शन

अपने लुक की स्टाइलिंग के लिए बॉडी टाइप के साथ ही आउटफिट के पैटर्न का भी ख्याल रखना होता है। लेकिन आजकल डोरी वाले ब्लाउज काफी ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। हम आपको डोरी वाले ब्लाउज के कुछ डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। अपने लुक की स्टाइलिंग के लिए बॉडी टाइप के साथ ही आउटफिट के पैटर्न का भी ख्याल रखना होता है। साड़ी होए लहंगा हो या फिर शरारा के साथ ब्लाउज कैरी किया जाता है। वैसे तो साड़ी के साथ कई तरह डिजाइन वाले ब्लाउज पहने जाते हैं। लेकिन आजकल डोरी वाले ब्लाउज काफी ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डोरी वाले ब्लाउज के कुछ डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें कैरी कर आप खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं।

अगर आप भी बोल्ड लुक कैरी करने में कंफर्टेबल हैं, तो आप बैकलेस स्टाइल ट्रिपल डोरी डिजाइन के ब्लाउज को कैरी कर सकती हैं। हालांकि इस तरह के ब्लाउज में हैवी लटकन नहीं लगवानी चाहिए। इस



तरह के ब्लाउज में आप हल्के डिजाइन या कपड़े से बने लटकन लगवा सकती हैं। यह आपको स्टाइलिश लुक देने में मदद करता है।

***बो स्टाइल डोरी ब्लाउज डिजाइन***

आजकल बो डिजाइन काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। ऐसे में अगर आप भी नॉर्मल डोरी वाले ब्लाउज डिजाइन से बोर हो गई हैं। तो आप अपने ब्लाउज में बो डिजाइन वाली डोरी लगवा सकती हैं। ज्यादातर साटन कपड़े के साथ इस तरह का डिजाइन ज्यादा अच्छा लगता है।

***डबल डोरी ब्लाउज डिजाइन***

अगर आपको भी हाफ बैकलेस नेकलाइन अच्छा लगता है। तो आप अपनी मर्जी का कोई भी डिजाइन बनवाकर आप डबल डोरी डिजाइन बनवा सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ आप थोड़ा हैवी लटकन भी स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही किनारे पर लेस भी लगवा सकती हैं।

***जिग-जैग स्टाइल ब्लाउज डिजाइन***

कई महिलाएं लंबी डोरी को शू लैस डिजाइन में बांधना पसंद करती हैं। जिग.जैग डिजाइन वाला डोरी ब्लाउज आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करता है। कॉटन के फैब्रिक में आप इस तरह का डिजाइन बनवा सकती हैं। इस ब्लाउज में आप हैवी लटकन भी स्टाइल करवा सकती हैं।

# फेसवॉश के दौरान की गई ये गलतियां स्किन को पहुंचा सकती हैं नुकसान, बिगड सकती है स्किन की कंडीशन



अक्सर आपने लोगों को यह कहते जरूर सुना होगा कि कहीं बाहर से आओ तो उसके बाद चेहरे को साफ जरूर करो। हम अक्सर मार्केट से फेसवॉश खरीद लेते हैं। लेकिन इससे चेहरा धोने के दौरान ऐसी कई गलतियां कर देते हैंए जो हमारे लिए परेशानी का कारण बन जाती हैं।

अक्सर आपने लोगों को यह कहते जरूर सुना होगा कि कहीं बाहर से आओ तो उसके बाद चेहरे को साफ जरूर करो। क्योंकि फेसवॉश से चेहरे पर जमी गंदगी निकल जाती है। इसके लिए मार्केट में फेसवॉस भी आसानी से मिल जाते हैं। जो स्किन को लाभ पहुंचाते हैं। हालांकि कई बार ऐसा भी देखा जाता है कि बार.बार फेस धोने से कई तरह की दिक्कतें होने लगती है। बार.बार चेहरा धोने से स्किन रफ और रूखी हो जाती है।

हम अक्सर मार्केट से फेसवॉश खरीद लेते हैं। लेकिन इससे चेहरा धोने के दौरान ऐसी कई गलतियां कर देते हैंए जो हमारे लिए परेशानी का कारण बन जाती हैं। हालांकि चेहरा धोना काफी आसान काम लगता है। लेकिन इसी दौरान कुछ लोग अंजाने में ऐसी गलतियां कर बैठते हैंए जिसके कारण उनकी स्किन डैमेज होने लगती है। ऐसे में अगर आपकी भी स्किन डैमेज हो रही है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। फेसवॉश का इस्तेमाल करते वक्त कुछ चीजों को ध्यान में रखना चाहिए।

फेसवॉश का चुनाव

अक्सर लोग फेसवॉश खरीदने के दौरान इस बात का ध्यान नहीं रखते हैं कि यह भी स्किन टाइप के हिसाब से आता है। जब हम गलत स्किन टाइप का फेसवॉश इस्तेमाल करते हैंए तो इसका सीधा असर आपके फेस पर दिखता है। इसलिए स्किन टाइप का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है।

गर्म पानी का इस्तेमाल

चेहरा धोते समय गर्म पानी के इस्तेमाल से बचना चाहिए। क्योंकि गर्म पानी आपकी त्वचा को सुखाने का काम करती है। इसके साथ ही स्किन ड्राई होने से स्किन पर कई परेशानियां नजर आने लगती हैं।

स्किन को न रगड़ें

फेसवॉश को लगाने के दौरान कुछ लोग इसे चेहरे पर ताकत से रगड़ते हैं। इससे आपकी स्किन डैमेज हो सकती है।

ज्यादा फेसवॉश का उपयोग

अधिकतम दिन में दो बार ही फेसवॉश को उपयोग करना चाहिए। क्योंकि इससे ज्यादा बार फेसवॉश का इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा सूखी और अनहेल्दी नजर आने लगती है।

ना करें गंदे तौलिए का इस्तेमाल

फेसवॉश का इस्तेमाल करने के बाद गंदे तौलिए से चेहरा नहीं पोंछना चाहिए। इससे आपकी स्किन पर गलत प्रभाव पड़ सकता है।

वेट वाइप्स का यूज

आपने देखा होगा कि कुछ लोग बार.बार वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते हैं। कई बार इसके ज्यादा इस्तेमाल से

# टैनिंग दूर करने से लेकर स्किन को ब्राइटन करने में मदद करेगा चुकंदर

चुकंदर की मदद से स्किन को बेहद आसानी से ब्राइटन बनाया जा सकता है। आप इसे संतरे के छिलके के पाउडर के मिक्स करके अप्लाई कर सकते हैं। अगर आपको इन दिनों टैनिंग की समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो ऐसे में चुकंदर का इस्तेमाल करना यकीनन काफी अच्छा माना जाता है।

अपनी स्किन को नेचुरली ग्लोइंग बनाने की चाहत तो हम सभी की होती है और इसके लिए हम कई सारे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी करते हैं। लेकिन वास्तव में आपकी किचन में ही ऐसी कई चीजें होती हैं जो आपकी स्किन के लिए किसी जादू की तरह काम करती हैं। इन्हीं में से एक है चुकंदर। इसका सेवन करना सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन यह आपकी स्किन के लिए भी उतना ही लाभकारी है। इसे स्किन पर लगाने से ना केवल आपको ग्लोइंग स्किन मिलती हैए बल्कि एजिंग के साइन्स यहां तक कि टैनिंग से भी छुटकारा मिलता है। आप चुकंदर को अपनी स्किन पर कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं।

चुकंदर की मदद से स्किन को बेहद आसानी से ब्राइटन बनाया जा सकता है। आप इसे संतरे के छिलके के पाउडर के मिक्स करके अप्लाई कर सकते हैं।

***आवश्यक सामग्री***

***दो चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर***

*एक चम्मच चुकंदर का रस*

*इस्तेमाल का तरीका.*

- सबसे पहले आप एक बाउल में संतरे के छिलके के पाउडर और चुकंदर का रस डालें।
- इसे अच्छी तरह मिक्स करके स्मूद पेस्ट बना लें।
- अब आप अपने फेस को क्लीन करके चेहरे पर लगाएं।
- करीबन 15 मिनट बाद आप चेहरे को क्लीन कर लें।

टैनिंग दूर करने के लिए चुकंदर

अगर आपको इन दिनों टैनिंग की समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो ऐसे में चुकंदर का इस्तेमाल करना यकीनन काफी अच्छा माना जाता है।

***आवश्यक सामग्री***

- एक चम्मच चुकंदर का रस
- एक चम्मच खट्टी क्रीम

***इस्तेमाल का तरीका***

फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले चुकंदर का रस और खट्टी क्रीम डालकर मिक्स करें।

जब स्मूद पेस्ट बन जाए तो आप अपने फेस को क्लीन करके इसे लगाएं।

- इसे आप लगभग 20.25 मिनट तक लगा रहने दें।
- अंत में, फेस को अच्छी तरह क्लीन करके मॉइश्चराइजर लगाएं।

***स्मूथ स्किन के लिए चुकंदर***

अगर आप एक स्मूथ और ब्यूटीफुल स्किन पाना चाहती हैं तो इसमें भी चुकंदर आपकी काफी मदद कर सकता है।

***आवश्यक सामग्री***

. तीन चम्मच दही

. दो चम्मच चुकंदर का रस

***इस्तेमाल का तरीका***

. फेस पैक को बनाने के लिए दही और चुकंदर का रस डालकर मिक्स करें।

. अब आप इसे अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं।

. करीबन 15 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें।

. अंत में, आप चेहरे को पानी से धो लें।



# गंजेपन की समस्या से खो गया है कॉन्फिडेंस, तो महिलाओं को अपनी डेली रूटीन में करने चाहिए ये बदलाव

पुरुषों के अलावा महिलाओं को भी गंजेपन की समस्या होती है। कई बार बार अधिक झड़ने पर स्कैल्प दिखने लगती है। जिसके कारण महिलाएं अपना कॉन्फिडेंस खोने लगती हैं। ऐसे में आप इन आसान उपायों को अपनाकर हेयर फॉल की समस्या से निजात पा सकती हैं।

पुरुषों के अलावा महिलाओं को भी गंजेपन की समस्या होती है। कई बार बाल ज्यादा झड़ने लगते हैं। तो इसे गंजेपन का लक्षण माना जाता है। बाल अधिक झड़ने के कारण स्कैल्प नजर आने लगता है। वहीं इस कारण से कई महिलाएं अपना कॉन्फिडेंस खो देती हैं। महिलाओं में गंजेपन की समस्या पुरुषों से थोड़ा अलग होती है। महिलाओं में स्कैल्प के आगे वाले हिस्से के बाल झड़ते हैं। बता दें कि क्राउन का आकार बनाते हुए यह पूरे स्कैल्प को प्रभावित करता है।

हालांकि महिलाओं में गंजेपन के कई कारण भी हो सकते हैं। महिलाओं में गंजेपन का मुख्य कारण हार्मोनल बदलाव, पीसीओएस, मेनोपॉज, अनुवांशकि इतिहास गर्भनिरोधक गोलियों का ज्यादा सेवन और पोषक तत्वों की कमी आदि होती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए कई आसान उपाय मौजूद हैं। जिनको अपनी डेली रूटीन में शामिल कर महिलाएं गंजेपन की समस्या से राहत पा सकती हैं।

***आंवला खाएं***

यदि महिलाएं नेचुरल तरीके से इस समस्या से निजात पाना चाहती हैंए तो उन्हें आंवले का सेवन करना चाहिए। आंवला में विटामिन-सी, ए और अन्य गुण पाए जाते हैं। इनसे बालों की ग्रोथ होती है। इसके अलावा हेयर ग्रोथ में आंवले का तेल भी काफी फायदा पहुंचाता है। आंवला सर्दियों के मौसम में आता है। ऐसे में आप आंवले का मुरब्बा, कैंडी या अचार बनाकर भी खा सकती हैं। वहीं 40 साल से ज्यादा उम्र की महिलाएं अपनी डाइट में भी बदलाव कर गंजेपन की समस्या से निजात नहीं पा सकती है। क्योंकि 40 की उम्र के बार मेटाबॉलिज्म रेट



धीरे.धीरे स्लो होने लगता है। जिन महिलाओं की उम्र 40 से कम हैं, वह अपनी डाइट में बदलाव कर इस समस्या से निजात पा सकती हैं।

***डेली रूटीन में शामिल करें वज्रासन***

वज्रासन गंजेपन की समस्या को दूर करने के लिए फायदेमंद माना जाता है। इस योगासन को अपनी डेली रुटीन में शामिल करने से स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा मिलता है। साथ ही हेयर फॉलिकल्स बढ़ाने में मदद मिलती है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले घुटनों के बल बैठ जाएं। फिर अपने पंजों को पीछे की तरफ फैलाकर एक पैर के अंगूठे को दूसरे के ऊपर रखें। फिर अपने नितंबों को पंजों के बीच में रखें। इस दौरान एड़ियों को कूल्हों की तरफ रखना है। इस आसन के नियमित अभ्यास से गंजेपन की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

***पोषक तत्व हैं जरूरी***

गंजेपन की समस्या से निजात पाने के लिए नए बालों का उगना काफी ज्यादा जरूरी होता है। कई बार पोषक तत्वों की कमी के चलते भी गंजेपन की समस्या हो जाती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए महिलाओं को अपनी डाइट में आयरन रिच फूड्स को शामिल करना चाहिए। बता दें कि आयरन की कमी से हेयर फॉल की समस्या होती है। ऐसे में आप आयरन की पूर्ति के लिए अपनी डाइट में अंडा, साबुत अनाज, बीन्स और सूखे फल आदि शामिल कर सकती हैं। वहीं बालों के लिए जिंक भी जरूरी होता है। आप फलियां, नट्स और साबुत अनाज का सेवन कर जिंक की कमी को पूरा कर सकती हैं। इसके अलावा महिलाओं को अपनी डाइट में टामिन-बी3, विटामिन-ए, डी और सी को भी शामिल करना चाहिए।

***स्कैल्प पर अप्लाई करें मेथी***

बाल झड़ने की समस्या को रोकने के लिए बालों पर मेथी का इस्तेमाल करनें। एंड्रोजन हार्मोन के बढ़ने से बाल ज्यादा टूटने लगते हैं। ऐसे में मेथी एंड्रोजन हार्मोन को कंट्रोल कर बालों को हेल्दी बनाने के साथ हेयर ग्रोथ में भी मदद करता है। इसलिए सप्ताह में कम से कम एक बार मेथी का पेस्ट बालों में अप्लाई करें। कुछ लोग मेथी पानी का भी सेवन करते हैं। इससे आपके बाल धीरे-धीरे ग्रोथ करने लगेंगे। बता दें कि मेथी की तासीर गर्म होती है। ऐसे में आपको मेथी पानी का अधिक सेवन करने से बचना चाहिए।

***सिर में लगाएं अरंडी का तेल***

गंजेपन की समस्या को कम करने के लिए बालों में अरंडी का तेल लगाना फायदेमंद होता है। 2 चम्मच अरंडी के तेल में 1 चम्मच नारियल का तेल मिक्स कर लें। फिर इस तेल को हल्का सा गर्म कर लें। इसके बाद हल्का गुनगुना तेल स्कैल्प पर अप्लाई करें। बता दें कि अरंडी के तेल में ओमेगा-6 एसेंशियल फैटी एसिड पाया जाता है। जो बालों को जड़ों से मजबूत बनाता है। इस उपाय से डैंड्रफ की समस्या भी कम होती है।

# मुक्केबाज परवीन ने पदक के साथ सुनिश्चित किया ओलंपिक कोटा

**परवीन ने शुरुआती दौर में आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन इसके बाद तर्डिबेकोवा को अपने करीब आने का मौका दिया और फिर सटीक पंच जड़े। तर्डिबेकोवा ने भी इस दौरान कुछ अच्छे मूव बनाकर परवीन को पंच जड़े लेकिन यह काफी नहीं था।**

विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज परवीन हुड्डा ने महिलाओं की 57 किग्रा स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाकर एशियाई खेलों में पदक सुनिश्चित करने के साथ पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। विश्व चैम्पियनशिप में 63 किग्रा में पदक जीतने वाली परवीन ने रविवार को उज्बेकिस्तान की सितोरा तर्डिबेकोवा को सर्वसम्मत फैसले से हराया। इस मुकाबले में मौजूदा एशियाई चैंपियन शुरू से ही अपने लय में दिखी। उन्होंने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुए 21 साल की प्रतिद्वंद्वी को बाएं और दाएं दोनों ओर से मुक्के जड़े।

परवीन ने शुरुआती दौर में आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन इसके बाद तर्डिबेकोवा को अपने करीब आने का मौका दिया और फिर सटीक पंच जड़े। तर्डिबेकोवा ने भी इस दौरान कुछ अच्छे मूव बनाकर परवीन को पंच जड़े लेकिन यह काफी नहीं था। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन 50 किग्रा, प्रीति पवार 54 किग्रा, लवलीना बोरगोहेन 75 किग्रा और नरेंद्र बेरवाल 92 किग्रा से अधिक पहले ही अपने-अपने वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं। महिला



वर्ग में 50 किग्रा, 54 किग्रा, 57 किग्रा और 60 किग्रा में सेमी फाइनल में पहुंचने वाले और 66 किग्रा तथा 75 किग्रा में फाइनल में पहुंचने वाले मुक्केबाजों को पेरिस ओलंपिक का कोटा मिलेगा। पुरुष वर्ग में सात वजन वर्गों से स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को ओलंपिक कोटा मिलेगा।

# वर्ल्ड कप 2023 : भारतीय टीम अपना अगला वॉर्म-अप मैच कब और कहां खेलेगी किस टीम से भिड़ेगी श्रोहित ब्रिगेड

ऑस्ट्रेलिया को वनडे सीरीज में 2.1 से पटखनी देने के बाद भारतीय टीम वर्ल्ड कप 2023 का अपना पहला वॉर्म-अप मैच खेलने के लिए गुवाहाटी पहुंची थी। भारत की मेजबानी में 5 अक्टूबर से वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन होगा। इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे 10 देशों को तैयारी करने के लिए दो अभ्यास मैच दिए गए हैं। भारतीय टीम का गुवाहाटी में इंग्लैंड के खिलाफ पहला अभ्यास मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हालांकि, टॉस के बाद बारिश आ गई और मैच को रद्द किया गया।

भारतीय टीम मंगलवार को तिरुवनंतपुरम में नीदरलैंड्स के खिलाफ अपना दूसरा अभ्यास मैच खेलेगी। यह मुकाबला ग्रीनफील्ड अंतरराष्?ट्रीय स्टेडियम पर खेला जाएगा। बारिश ने



यहां दो अभ्यास मैचों का कबाड़ा किया है। याद दिला दें कि दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था।

इसके अलावा शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड्स के बीच अभ्यास मैच खेला गया और वो भी बेनतीजा रहा। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करके 23 ओवर में सात विकेट खोकर 166 रन बनाए। नीदरलैंड्स ने जवाब में 14.2 ओवर में 6 विकेट खोकर 84 रन बनाए थे। इसके बाद बारिश के कारण आगे का मैच रद्द कर दिया गया।

एक्यूवेदर के मुताबिक तिरुवंनत पुरम में 3 अक्टूबर को भी बारिश की गहरी संभावना है। यहां सुबह से ही बादल छाए रहने की उम्मीद है। भारतीय टीम को अभ्यास मैच में बल्लेबाजी या गेंदबाजी करने का मौका मिल पाएगा, यह सब इस रिपोर्ट के मुताबिक तो न के बराबर ही नजर आ रहा है। वैसे, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड्स के बीच जिस तरह मैच हुआ, उसी प्रकार कम ओवर के मैच की संभावना बनी हुई है।

# मीराबाई चानू का अभियान निराशाजनक तरीके से समाप्त, चौथे स्थान पर रहीं

उत्तर कोरिया की रि सूंग गम ने क्लीन एवं जर्क में 124 किग्रा के विश्व रिकॉर्ड से एशियाड खिताब का बचाव किया। उनका कुल वजन 216 किग्रा 92 किग्रा. 124 किग्रा रहा। उन्होंने स्थानीय प्रबल दावेदार हुईहुआ 213 किग्रा 94 किग्रा. 119 किग्रा को पछाड़ा जिन्होंने रजत पदक जीता। थाईलैंड की थानयाथोन सुकचारो ने 199 किग्रा 90 किग्रा. 109 किग्रा के वजन से कांस्य पदक हासिल किया।

भारत की शीर्ष भारोत्तोलक मीराबाई चानू का एशियाई खेलों में अभियान निराशानजक तरीके से समाप्त हुआ जिसमें यह ओलंपिक पदक विजेता शनिवार को महिलाओं की 49 किग्रा स्पर्धा में खुद को चोटिल कर बैठी और चौथे स्थान पर रहीं। स्नैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चानू दबाव में थीं और क्लीन एवं जर्क में 117 किग्रा वजन उठाने की कोशिश कर रही थीं जिससे तोक्यो ओलंपिक की



रजत पदक विजेता भारोत्तोलक कांस्य पदक जीत सकती थीं लेकिन दो बार ऐसा करने में विफल रहीं। अंतिम प्रयास में वह अपनी पीठ के बल गिर गयीं और कोचिंग स्टाफ को उन्हें स्टेज से ले जाना पड़ा। चानू ने कुल 191 किग्रा 83 किग्रा .108 किग्रा का वजन उठाया जिससे वह चौथे स्थान पर रहीं। उनकी कैबिनेट में सिर्फ एशियाड पदक की कमी है और वह इस बार इसे पूरा करने की कोशिश कर रही थीं। स्नैच वर्ग में उन्होंने 83 किग्रा का वजन उठाकर शुरुआत की लेकिन यह इस वर्ग में उनका एकमात्र वैध प्रयास रहा। वह 86 किग्रा उठाने के दो प्रयासों में विफल रहीं। अंतिम स्नैच में वह स्क्वैट पाजीशन से उठ ही नहीं सकीं और आगे की ओर गिर गयी जिससे बार उनकी पीठ पर गिर गया। स्नैच में चानू छठे स्थान पर रहीं और तीन भारोत्तोलकों ने 90 किग्रा या इससे ज्यादा का वजन उठाया। दो बार की विश्व चैम्पियन चीन की जियांग हुईहुआ ने स्नैच में सर्वश्रेष्ठ 94 किग्रा का भार उठया जो चानू के प्रयास से 11 किग्रा ज्यादा था और यह खेलों का रिकॉर्ड भी है। चानू को अपने कमजोर स्नैच की भरपायी क्लीन एवं जर्क स्पर्धा में करनी थी जिसमें भी वह अच्छा नहीं कर सकीं।

उत्तर कोरिया की रिसूंग गम ने क्लीन एवं जर्क में 124 किग्रा के विश्व रिकॉर्ड से एशियाड खिताब का बचाव किया। उनका कुल वजन 216 किग्रा 92 किग्रा. 124 किग्रा रहा। उन्होंने स्थानीय प्रबल दावेदार हुईहुआ 213 किग्रा ;94 किग्रा. 119 किग्रा को पछाड़ा जिन्होंने रजत पदक जीता। थाईलैंड की थानयाथोन सुकचारो ने 199 किग्रा 90 किग्रा. 109 किग्राद्ध के वजन से कांस्य पदक हासिल किया।

# भारत ने आठ साल बाद पाकिस्तान को हराकर पुरुष टीम स्क्वाश स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता

भारत ने इस तरह लीग चरण में पाकिस्तान से मिली शिकस्त का बदला चुकता किया। भारत ने इंचियोन 2014 चरण में पुरुष टीम स्क्वाश स्वर्ण पदक जीता था जबकि पाकिस्तान ने पिछला स्वर्ण पदक ग्वांग्झू 2010 में जीता था। घोषाल अपना छठा एशियाड खेल रहे हैं और अब उनका ध्यान व्यक्तिगत स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीतने का होगा। वह बुसान 2002 एशियाड से एकल में तीन कांस्य और एक रजत पदक जीत चुके हैं।

अभय सिंह ने उतार चढ़ाव भरे मैच में गजब का संयम दिखाते हुए नूर जमां को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी फतह हासिल की जिससे शीर्ष वरीय भारत ने शनिवार को यहां एशियाई खेलों की पुरुष टीम स्क्वाश स्पर्धा में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। टूर्नामेंट शुरु होने से पहले भारतीय पुरुष टीम के आठ साल बाद शीर्ष स्थान पर रहने की उम्मीद थी जिसमें उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती मलेशिया और पाकिस्तान की थी। सौरव घोषाल की अगुआई वाली टीम इन दोनों प्रतिद्वंद्वियों की चुनौती से निपटकर सोना हासिल करने में



सफल रही।

पाकिस्तान के खिलाफ भारत को लीग चरण में इस चिर प्रतिद्वंद्वी से हार मिली थी। जमां 113 रैंकिंग ने लीग चरण के मैच में दुनिया के 69वें नंबर के खिलाड़ी अभय को हराया था और शनिवार को भी मैच में ज्यादातर हिस्से में यह पाकिस्तानी खिलाड़ी मुकाबले में भारी दिख रहा था। एकल में नासिर इकबाल की जीत के बाद घोषाल स्कोर को 1.1 से बराबर करने में सफल रहे जिससे स्वर्ण पदक का फैसला अभय और जमां के बीच मुकाबले से होना था। दिन के नायक चेन्नई के अभय रहे जिन्होंने उतार चढ़ाव भरे निर्णायक मैच में गजब का संयम दिखाते हुए जमां को 3.2 से पराजित किया। जमां चौथे गेम में 9.7 से और निर्णायक गेम में 10.8 से आगे चल रहे थे।

लेकिन भारतीय खिलाड़ी अभय किसी तरह वापसी कर 64 मिनट तक मैराथन मुकाबले में 11.7, 9.11, 8.11, 11.9, 12.10 के स्कोर से यादगार जीत दर्ज की। इस जीत के बाद उन्होंने अपना रैकेट हवा में उछाल दिया। अभय ने कहा, हमें तीन रात पहले भी जीत दर्ज करनी चाहिए थी क्योंकि हमारी टीम उनसे बेहतर थी। मैं आज की जीत से खुश हूं। जश्न मनाने का समय नहीं है क्योंकि कल हमारे मैच हैं। भारत के सबसे ऊंची 19 रैंकिंग वाले खिलाड़ी घोषाल ने कहा, परिस्थितियों को देखते हुए यह निश्चित रूप से अभय के करियर की सबसे बड़ी जीत है। अभय 2017 में पेशेवर बने थे और उनके बारे में लोग ज्यादा नहीं जानते लेकिन इस जीत से इसमें काफी बदलाव आना चाहिए। मैच 2.2 की बराबरी के बाद यह साफ दिख रहा था कि उन्हें अपने साथी खिलाड़ियों से कोई सलाह नहीं चाहिए। पहले एशियाई खेलों में वह काफी आत्मविश्वास से भरे दिख रहे थे। इससे पहले अनुभवी घोषाल ने मोहम्मद असीम खान पर 3.0 11.5, 11.1, 11.3 की जीत से भारत को मुकाबले में वापसी करायी क्योंकि महेश मंगावंकर शुरुआती मैच में इकबाल नासिर से इसी अंतर 8.11, 2.11 3.11 से हार गये थे। भारत ने इस तरह लीग चरण में पाकिस्तान से मिली शिकस्त का बदला चुकता किया। भारत ने इंचियोन 2014 चरण में पुरुष टीम स्क्वाश स्वर्ण पदक जीता था जबकि पाकिस्तान ने पिछला स्वर्ण पदक ग्वांग्झू 2010 में जीता था। घोषाल अपना छठा एशियाड खेल रहे हैं और अब उनका ध्यान व्यक्तिगत स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीतने का होगा। वह बुसान 2002 एशियाड से एकल में तीन कांस्य और एक रजत पदक जीत चुके हैं।

# सनी देओल-आमिर की फिल्म को लेकर जबर्दस्त उत्साह, ओटीटी प्लेटफॉर्म ने दिया 95 करोड़ का ऑफर!

सनी देओल के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। हाल ही में उनकी गदर-2 ने शाहरुख खान की पठान का रिकॉर्ड तोड़ दिया और भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी हिंदी बन गई। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार सनी इन दिनों अपनी अगली फिल्म के लिए तैयारी कर रहे हैं। इसका निर्माण आमिर खान कर रहे हैं। इस बीच उनकी आगामी फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। जूम के मुताबिक एक ओटीटी दिग्गज ने फिल्म के एक्सक्लूसिव राइट्स के लिए निर्माताओं को 95 करोड़ रुपये की पेशकश की है।

कहा जा रहा है कि गदर 2 की भारी सफलता के बाद सनी देओल की



लोकप्रियता में हुए इजाफे की वजह से यह ऑफर दिया गया है। बता दें कि सनी की इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू नहीं हुई है। कथित तौर पर उन्होंने अभी फिल्म में काम करने के लिए सहमति भी नहीं दी है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि शूटिंग अगले साल यानी 2024 में शुरू हो सकती है। राजकुमार संतोषी इस मनोरंजक फिल्म का निर्देशन करेंगे, जिसमें सनी देओल मुख्य भूमिका में होंगे। कथित तौर पर आमिर खान और सनी देओल 19 अक्टूबर को अपने भव्य सहयोग की घोषणा करने की योजना बना रहे हैं।

गौरतलब है कि सनी देओल की हालिया रिलीज फिल्म गदर 2 ने रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। कम बजट में बनी यह फिल्म सनी के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्म बन चुकी है। इसका निर्देशन अनिल शर्मा ने किया है, जिन्होंने फिल्म का पहला भाग भी बनाया था। स्टारकास्ट की बात करें तो फिल्म सनी के साथ अमीषा पटेल, उत्कर्ष शर्मा और मनीष वाधवा भी अहम भूमिकाओं में थे।

# बिग बॉस तमिल 7 का आगाज, बड़े बदलाव के साथ कमल हासन फिर लेंगे कंटेस्टेंट्स की क्लास

बिग बॉस तमिल के आगामी सीजन 7 में काफी कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। इस बार शो में दो घर हैं। ऐसे में दर्शकों के बीच यह जानने के लिए काफी उत्सुकता है कि दोनों घरों का इस्तेमाल कैसे किया जाएगा। बिग बॉस तमिल 7 का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। बिग बॉस तमिल अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला तमिल रियलिटी शो बना हुआ है। इस शो को देखने वालों की संख्या पहले सीजन के मुकाबले लगातार कम हुई है, लेकिन इस शो के अब भी कई फैंस हैं। ऐसे में निर्माताओं ने इस सीजन को खास बनाने के लिए इस बार एक नहीं बल्कि दो घर बनाने का फैसला किया है।




बिग बॉस तमिल की पिछला सीजन टीवी अभिनेता मोहम्मद अज़ीम के शो जीतने के साथ खत्म हुआ था। वहीं लोगों के बीच अपनी पॉपुलैरिटी बढ़ाने वाले विक्रमन शो के उपविजेता रहे थे। शो के बाकि सीजन की तरह यह सीजन भी खूब विवादों से भरा रहा। बिग बॉस तमिल का सीजन 6 करीब 105 दिनों तक चला था, जिसमें 21 प्रतियोगियों ने भाग लिया था। शिविन, असल कोलारू, धनलक्ष्मी, एडीके, मैना नंदिनी और अमुधवनन कुछ अन्य प्रतियोगियों ने पिछली बार शो में अपनी छाप छोड़ी थी।

वहीं, 1 अक्तूबर से शुरू होने वाले बिग बॉस तमिल के आगामी सीजन 7 में काफी कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। इस बार शो में दो घर हैं। ऐसे में दर्शकों के बीच यह जानने के लिए काफी उत्सुकता है कि दोनों घरों का इस्तेमाल कैसे किया जाएगा। क्या इसे लेकर कोई स्तर होता या फिर दोनों घरों में घरवाले शिफ्ट हो जाएंगे। साथ ही क्या दोनों घरों के नियम अलग होंगे। ऐसे कई सवाल फैंस के दिमाग में चल रहे हैं।

इसके साथ ही दर्शक यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि इस बार शो में कौन-कौन नजर आएगा। बता दें कि कमल हासन लगातार सातवीं बार शो को होस्ट करने के लिए लौट रहे हैं। बिग बॉस तमिल सीजन 7 विजय टेलीविजन पर प्रसारित होगा। इसके अलावा यह शो डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम होगा।

# कमजोर दिल वालों के लिए नहीं है शिव कुमार की फिल्म घोस्ट, धांसू अंदाज में दिखाई दिए अनुपम खेर



साउथ सुपरस्टार शिव कुमार की मोस्ट अवेटेड एक्शन थ्रिलर फिल्म घोस्ट का ट्रेलर हिंदी में रिलीज हो गया है। ट्रेलर ने रिलीज के साथ ही फैंस को फिल्म के लिए एक्साइट कर दिया है। फिल्म इसी साल 19 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी शिव कुमार के साथ घोस्ट में दिग्गज एक्टर अनुपम खेर भी अहम किरदार अदा करते दिखाई देने वाले हैं।

एक्शन पैक्ड फिल्म घोस्ट के ट्रेलर ने फिल्म को लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। फिल्म में लीड रोल निभाने वाले शिवकुमार एक गैंगस्टर के किरदार में दिखाई देने वाले हैं जो जेल पर कब्जा करने वाले हैं। वहीं अनुपम खेर का किरदार भी बेहद खास होने वाला है। फिल्म को ब्लॉकबस्टर हिट बीरबल फेम श्रीनी ने डायरेक्ट किया है।


इस फिल्म में शिव कुमार और अनुपम खेर के अलावा फिल्म में जयराम, प्रशांत नारायणन, अर्चना जोइस, सत्य प्रकाश भी अभिनय करते नजर आएंगे। ट्रेलर में शिवकुमार का एक्शन से भरपूर अवतार दिखाया गया है। इस तरह एक बार फिर वे स्क्रीन पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। वहीं अनुपम खेर शिवकुमार के साथ लीड रोल प्ले करते दिखाई दे सकते हैं।

# विवेक अग्निहोत्री ने लोगों को दिया बड़ा तोहफा, एक टिकट खरीदने पर दूसरा मिलेगा बिल्कुल मुत

नाना पाटेकर, पल्लवी जोशी, अनुपम खेर, सप्तमी गौड़ा, राइमा सेन, गिरजा ओक, निवेदिता भट्टाचार्य और मोहन कपूर स्टारर फिल्म द वैक्सीन वॉर 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के तीन दिन बाद। निर्माताओं ने फिल्म देखने वालों के लिए 1 खरीदें 1 मुफ्त पाएं ऑफर लॉन्च किया है।

निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने रविवार यानी एक अक्टूबर की सुबह अपने सोशल मीडिया हैंडल पर हिंदी में लिखा, दोस्तों, आज रविवार और सोमवार को गांधी जयंती की छुट्टी के अवसर पर, अपने परिवार के साथ रुद वैक्सीन वॉर देखने जाएं और मुफ्त टिकट प्राप्त करें। यह निःशुल्क टिकट अपने घर की किसी महिला लड़की को दें। उन्हें और आपको आनंद आएगा। इस तथ्य पर जोर देते हुए कि द वैक्सीन वॉर को अपने परिवारों के साथ बड़े पर्दे पर देखा जाना चाहिए, निर्देशक और निर्माता अग्निहोत्री ने कहा, ऐसा कोई नहीं है जिसके शरीर के अंदर यह टीका नहीं है। हम बहुत आसानी से भूल जाते हैं, लेकिन यह फिल्म है यह हमारे वैज्ञानिकों के प्रयासों, बलिदान, संघर्ष और सफलता की एक महान अनुस्मारक है, जिनके कारण हम आज जीवित हैं। यह फिल्म भारत का उत्सव है, हमारे वैज्ञानिकों का उत्सव है और महान भारतीय भावना का उत्सव है। कृपया देखें अपने परिवार के साथ वैक्सीन युद्ध और सुनिश्चित करें कि आप यह फिल्म अपने बच्चों को दिखाएं।

विवेक की पत्नी पल्लवी जोशी, जिन्होंने फिल्म की सह-निर्माता भी की है और द वैक्सीन वॉर में एक महत्वपूर्ण किरदार भी निभाया है, ने कहा, भारतीय महिलाएं हमेशा मजबूत, स्थिर और लचीली रही हैं।




अपने काम के प्रति उनका समर्पण अद्वितीय है। और वे हैं भी।ष्

पल्लवी जोशी और आई एम बुद्धा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मितए यह फिल्म अब देश भर के सिनेमाघरों में हिंदीए तमिल और तेलुगु भाषाओं में प्रदर्शित हो रही है। फिल्म ने पहले तीन दिनों में फिल्म ने लगभग 3०50 करोड़ रुपये की कमाई की है।

# आर्टिकल लिखकर राहुल गांधी ने समझाया हिंदू धर्म का मतलब

# निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही उसका धर्म

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और वायनाड से सासंद राहुल गांधी ने हिंदू धर्म को लेकर सोशल मीडिया X पर एक पोस्ट डाली हैं, जिसमें उन्होंने हिंदू धर्म को लेकर अपने विचार रखे हैं। राहुल गांधी ने सत्यव् शिवम सुंदरम के शीर्षक के इस लेख में लिखा है कि हिंदू वही है, जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है। राहुल गांधी लिखते हैं, सत्यम् शिवम् सुंदरम्... एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है, क्योंकि वह जानता है कि जीवनरूपी इस महासागर में हम सब डूब-उतर रहे हैं। निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही उसका धर्म है।

हिंदू धर्म को लेकर राहुल गांधी ने अपने लेख में लिखा... जिस व्यक्ति में अपने भय की तह में जाकर इस महासागर को सत्यनिष्ठा से देखने का साहस है - हिंदू वही है। एक हिंदू अपने अस्तित्व में समस्त चराचर को करुणा और गरिमा के साथ उदारतापूर्वक आत्मसात करता है, क्योंकि वह जानता है कि जीवनरूपी इस महासागर में हम सब डूब-उतर रहे हैं। अस्तित्व के लिए संघर्षरत सभी प्राणियों की रक्षा वह आगे बढ़कर करता है। सबसे निर्बल चिंताओं और बेआवाज़ चीखों के प्रति भी वह सचेत रहता है। निर्बल की रक्षा का कर्तव्य ही उसका धर्म है। सत्य और अहिंसा की शक्ति से संसार की सबसे असहाय पुकारों को सुनना और उनका समाधान ढूँढना ही उसका धर्म है।

राहुल गांधी आगे लिखते हैं कि... एक हिंदू में अपने भय को गहनता में देखने और उसे स्वीकार करने का साहस होता है। जीवन की यात्रा में वह भयरूपी शत्रु को मित्र में बदलना सीखता है। भय उस पर कभी हावी नहीं हो पाता, वरन घनिष्ठ सखा बनकर उसे आगे की राह दिखाता है। एक हिंदू का आत्म इतना कमजोर नहीं होता कि वह अपने भय के वश में आकर किसी किस्म के क्रोध, घृणा या प्रतिहिंसा का माध्यम बन जाये।

हिंदू जानता है कि संसार की समस्त ज्ञानराशि सामूहिक है और सब लोगों की इच्छाशक्ति व प्रयास से उपजी है। यह सिर्फ उस अकेले की संपत्ति नहीं है। सब कुछ सबका है। वह जानता है कि कुछ भी स्थायी नहीं और संसार-रूपी महासागर की इन धाराओं में जीवन लगातार परिवर्तनशील है। ज्ञान के प्रति उत्कट जिज्ञासा की भावना से संचालित हिंदू का अंतः करण सदैव खुला रहता है। वह विनम्र होता है और इस भवसागर में विचर रहे किसी भी व्यक्ति से सुनने-सीखने को प्रस्तुत।

अंत में राहुल गांधी लिखते हैं, हिंदू सभी प्राणियों से प्रेम करता है। वह जानता है कि इस महासागर में तैरने के सबके अपने-अपने रास्ते और तरीके हैं। सबको अपनी राह पर चलने का अधिकार है। वह सभी रास्तों से प्रेम करता है, सबका आदर करता है और उनकी उपस्थिति को बिल्कुल अपना मानकर स्वीकार करता है।

# मणिपुरी अभिनेत्री सोमा लैशराम पर लगा प्रतिबंध हटा

एजेंसी



**इंफाल।** इंफाल स्थित नागरिक निकाय कांगलीपाक कनबा लुप (केकेएल), जिसने मणिपुरी फिल्म अभिनेत्री सोमा लैशराम पर तीन साल का प्रतिबंध लगाया था, ने शनिवार को प्रतिबंध हटा लिया, जिससे 31 साल की फिल्म स्टार को बड़ी राहत मिली। केकेएल ने उन पर 16 सितंबर को दिल्ली में आयोजित एक सौंदर्य प्रतियोगिता में शो-स्टॉपर बनने के कारण प्रतिबंध लगाया था। उन्हें ऐसे आयोजनों में भाग लेने से दूर रहने की व्यक्तिगत सलाह दी गई थी, क्योंकि जातीय संघर्ष के कारण मणिपुर में तनाव का माहौल है। नागरिक निकाय ने इंफाल पश्चिम जिले के कोंगजेंग हजारी लीकाई के निवासी सोमा को 18 सितंबर से तीन साल के लिए अभिनय करने और सामाजिक कार्यों में भाग लेने से रोक दिया।सोमा ने 150 से अधिक मणिपुर फिल्मों में अभिनय किया है और कई पुरस्कार जीते हैं। फिल्म फोरम मणिपुर (एफएफएम) और सिने एक्टर्स गिल्ड मणिपुर सहित कई नागरिक और फिल्म निकाय के प्रतिबंध का विरोध कर उनका साथ दिया।शनिवार को एक बयान में केकेएल ने कहा कि नागरिक निकायों के आह्वान का सम्मान करते हुए उसने सोमा पर लगाए गए प्रतिबंध को पूरी तरह से हटाने का फैसला किया है।नागरिक निकाय ने भी माना कि उन पर लगाया गया प्रतिबंध गलत था।सोमा ने इंफाल स्थित ऑनलाइन वारी सिंगबुल को बताया, मुझे खुशी है कि केकेएल ने दिल्ली कार्यक्रम के संबंध में मेरी प्रतिक्रिया को समझा और मुझ पर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया। मैं मेरा समर्थन करने के लिए नागरिक निकायों, मीडिया चैनल और एफएफएम की भी आभारी हूं। सोमा लैशराम ने कहा था कि उन्हें मणिपुर की हकीकत दिल्ली के लोगों को बताने का अच्छा मौका मिला था, जिसे वह गंवाना नहीं चाहती थीं, इसलिए उन्होंने कार्यक्रम में भाग लिया।

## क्विक न्यूज

### राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ी, इस मामले में नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** मोदी सरनेम केस बाद भी राहुल गांधी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं है। कांग्रेस सांसद द्वारा वीर सावरकर पर की गई टिप्पणी के खिलाफ दाखिल परिवाद को खारिज किए जाने के निचली कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को जिला जज अश्विनी कुमार त्रिपाठी ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। राहुल गांधी को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई के लिए एक नवंबर की तारीख तय की है। साथ ही पत्रावली को सुनवाई के लिए एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट मे स्थानांतरित कर दिया है।

### श्रीनगर में आग लगने से 4 लोग घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जिले में रविवार तड़के लगी आग में चार लोग घायल हो गए और 20 शेड जलकर खाक हो गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर शहर के परिम्पोरा इलाके में लगी आग में चार लोग मामूली रूप से घायल हो गए और 20 शेड जलकर खाक हो गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने कहा, 卐आग लगने के सही कारण की जांच की जा रही है। हमारे विभाग की टीमें कारण और इससे हुए नुकसान की जांच के लिए मौके पर हैं।

### आरएएस प्रारंभिक परीक्षा रविवार को जोधपुर में 100 परीक्षा केन्द्रों पर

**जोधपुर।** जोधपुर के 100 विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में 1 अक्टूबर रविवार को होने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने बताया कि यह परीक्षा रविवार को एक सत्र में प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक होगी। इन 100 परीक्षा केन्द्रों पर हो रही परीक्षा में 32 हजार 614 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी प्रकार की प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण की जा

# गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में किया श्रमदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महात्मा गांधी की 154वीं जयंती से पहले आज देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान किया जा रहा है। मंत्री, नेता सहित आम लोग सुबह से ही स्वच्छता अभियान में भाग लेने के लिए बढ़-चढ़कर आगे आ रहे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनकर दिल्ली में श्रम दान किया। उनके साथ केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने भी दिल्ली में आयोजित 'स्वच्छता अभियान' में हिस्सा लिया। स्वच्छता अभियान में अपने श्रमदान को लेकर नड्डा ने कहा, आज मैं अंबेडकर बस्ती में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेने आया हूं और मुझे खुशी है केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी के साथ यहां हूं। मुझे यकीन है कि यह स्वच्छता अभियान, महात्मा गांधी का दृष्टिकोण, उसी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पटना में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत आयोजित सफाई अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इस अभियान में भारत सरकार और अन्य वकीलों ने हिस्सा लिया। वहीं, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरियाणा के गुरुग्राम में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में भाग लिया। उन्होंने कहा, 'वंदे भारत ट्रेनों के लिए 14 मिनट का क्लीन-अप प्रोटोकॉल तैयार किया गया है। आज यह 35 स्थानों पर शुरू होगा और फिर बाद में इसे आगे बढ़ाया जाएगा।' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत 'स्वच्छता के लिए श्रमदान' कार्यक्रम में भाग लिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में भाग लिया। मुंबई में बीएमसी द्वारा आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बच्चों से बातचीत की।

# बीआरएस ने आंध्रवासियों को अपने पक्ष में रखने के लिए चंद्रबाबू की गिरफ्तारी की निंदा की

एजेंसी



**हैदराबाद।** पार्टी द्वारा आधिकारिक तौर पर तटस्थ रुख बनाए रखने के बावजूद, तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी की निंदा करने में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेताओं की प्रतिक्रिया से लगता है कि उन्हें आगामी तेलंगाना विधानसभा चुनाव में टीडीपी समर्थकों और लोगों के वोट खोने का डर है। वित्त मंत्री टी. हरीश राव ने नायडू की गिरफ्तारी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और हैदराबाद में सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन में बीआरएस विधायक के शामिल होने से संकेत मिलता है कि सत्तारूढ़ दल कोई जोखिम नहीं लेना चाहता है, खासकर सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र में विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं देने के लिए विभिन्न लोगों की आलोचना के बाद। शनिवार को सिद्दीपेट जिले में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए हरीश राव ने नायडू की गिरफ्तारी को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया था। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उन्हें (नायडू) इस उम्र में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि नायडू ने तेलंगाना के गठन के बाद उसकी प्रगति की सराहना की थी। मंत्री ने कहा कि टीडीपी प्रमुख ने बताया कि कैसे तेलंगाना में जमीन की कीमतें कई गुना बढ़ गई हैं, जिससे किसानों को फायदा हुआ है। पहले, वर्तमान आंध्र प्रदेश के लोग तेलंगाना में 10 एकड़ जमीन खरीद सकते थे जबकि आंध्र में एक एकड़ बेच सकते थे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में अपनी बैठकों के दौरान नायडू द्वारा की गई टिप्पणियों का जिक्र करते हुए कहा, अब स्थिति बदल गई है, लोग अगर तेलंगाना में एक एकड़ जमीन बेचते हैं तो वे आंध्र में 100 एकड़ जमीन खरीद सकते हैं। उन्होंने कहा कि नायडू आईटी क्षेत्र का समर्थन करते थे लेकिन उन्होंने भी स्वीकार किया था कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कृषि क्षेत्र में जबरदस्त काम किया है।

# बारामूला में पुलिस ने 403 ड्रग तस्करों को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**श्रीनगर।** पुलिस ने इस साल जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में 403 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 12.28 करोड़ रुपये की ड्रग बरामद की है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर तक पुलिस ने नारकोटिक्स ड्रग एंड फोटोट्रॉफिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत 231 मामले दर्ज किए हैं, जिसके कारण 403 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 62 कुख्यात ड्रग तस्कर शामिल हैं। इन लोगों के खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अतिरिक्त ड्रग तस्करों की 2.1 करोड़ रुपये की संपत्ति भी कुर्क की गई है, जिनमें तीन घर, तीन वाहन और 1.2 करोड़ रुपये की नकदी शामिल है। जब्त किए गए मादक पदार्थ में 3.47 करोड़ रुपये मूल्य की 2.670 किलोग्राम ब्राउन शुगर, 5.96 करोड़ रुपये मूल्य की 4.262 किलोग्राम हेरोइन, 56.22 लाख रुपये मूल्य की 11.245 किलोग्राम चरस तथा 1.16 करोड़ रुपये की कीमत के 194.492 किलोग्राम अनार का भूसा और भांग का पाउडर शामिल है। पुलिस ने इस साल सितंबर तक 28 वाहन भी जब्त किये हैं. बारामूला पुलिस ने हालाँकि, नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अपने निरंतर अभियान के तहत उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, क्योंकि हाल के महीनों में पंजीकृत मामलों की संख्या में काफी गिरावट आई है। पुलिस ने ड्रग तस्करों की 2.1 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की है, जिसमें तीन घर, तीन वाहन और 1.2 करोड़ रुपये की नकदी शामिल है।

# तुर्की संसद के पास आत्मघाती हमला

## आतंकी ने खुद को बम से उड़ाया, दो पुलिस अधिकारी घायल

एजेंसी



**अंकारा।** राजधानी अंकारा में तुर्की की संसद के पास हुआ विस्फोट एक आतंकवादी हमला था, जिसमें दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए हैं। देश के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने रविवार को ये बात कही। येरलिकाया ने कहा, दो हमलावर लगभग साढ़े नौ बजे एक वाणिज्यिक वाहन में आए और हमले को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि एक हमलावर ने मंत्रालय की इमारत के सामने खुद को उड़ा लिया और दूसरे को मार गिराया गया। यह विस्फोट संसद की कार्यवाही दोबारा शुरू होने से कुछ ही घंटे पहले हुआ। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, मीडिया ने पहले खबर दी थी कि संसद के पास विस्फोट की आवाज सुनी गई।

ऐसी भी खबरें हैं कि इलाके में गोलियों की आवाज सुनी गई, आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंच गईं। संसद के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### वियतनाम में बाढ़ के कारण 9 लोगों की मौत

हनोई ,01 अक्टूबर। वियतनाम के उत्तरी और मध्य क्षेत्रों में 26 सितंबर से 28 सितंबर तक आई बाढ़ में नौ लोगों की मौत हो गई,जबकि एक व्यक्ति लापता है और 10 अन्य घायल हुए हैं। प्राकृतिक आपदा रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति ने शनिवार को यह जानकारी दी। समिति ने बताया कि भारी बारिश के कारण आई बाढ़ ने घरों, सड़कों, धान और अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। साथ ही मुर्गियां और मवेशी भी मारे गए। सामान्य सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार इस वर्ष के पहले नौ महीनों में देश में प्राकृतिक आपदाओं (मुख्य रूप से बाढ़ और भूस्खलन) में 98 लोग मारे गए या लापता हो गए और 103 अन्य घायल हुए हैं।

### पंजाब में आतंकियों ने पुलिस चेकपोस्ट पर किया हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के मियांवाली जिले में एक चेकपोस्ट पर आतंकवादी हमले के दौरान रविवार सुबह एक पुलिसकर्मी और दो आतंकवादी मारे गए। इसकी जानकारी पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक ने दी। पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक उस्मान अनवर ने स्थानीय मीडिया को बताया कि 10-12 आतंकवादियों के एक समूह ने कुंडल ईसा खेल इलाके में गश्त कर रही पुलिस के चेकपोस्ट पर हमला किया। पुलिस प्रमुख ने कहा, चौकी की छत पर मौजूद सुरक्षा गार्डों ने त्वरित प्रतिक्रिया दी और भीषण गोलीबारी के बाद हमले को नाकाम कर दिया। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में एक पुलिसकर्मी की जान चली गई, जबकि दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस प्रमुख के अनुसार, आतंकवादी घटनास्थल से भागने में सफल रहे और पड़ोसी उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के एक पहाड़ी इलाके में घुस गए, जहां पुलिस की टीम उनका पीछा कर रही थे।

# पाकिस्तान के साथ आतंकवाद विरोधी सहयोग के लिए तैयार ईरान

एजेंसी



**तेहरान।** ईरान के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी ने कहा है कि ईरान के सशस्त्र बल आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान के साथ किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए तैयार हैं। ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष मोहम्मद बकेरी ने शनिवार को बलूचिस्तान में एक धार्मिक सभा में घातक आतंकवादी बम विस्फोट पर चिंता व्यक्त करते हुए पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर को दिए संदेश में यह टिप्पणी की। इस विस्फोट में 50 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

बकेरी ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख, सशस्त्र बलों, सरकार और लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और दुखद घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। प्रांत के मस्तुंग जिले के कोरा खान इलाके में शुक्रवार को एक धार्मिक सभा के दौरान एक मस्जिद के पास विस्फोट हुआ।

पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक अन्य घायल हो गए। प्रारंभिक रिपोर्ट और पुलिस जांच से पता चला है कि यह एक आत्मघाती हमला था। अभी तक किसी भी समूह ने विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। शुक्रवार को अपने पाकिस्तानी समकक्ष आरिफ अल्वी को संबोधित एक संदेश में, ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम राईसी ने पाकिस्तानी सरकार और लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया और आतंकवादी बम हमले की निंदा की।

### नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने 25 लोगों को अगवा किया

**अबुजा।** नाइजीरिया में दक्षिण-पश्चिमी राज्य ओन्डो के ओसे स्थानीय सरकारी क्षेत्र में बंदूकधारियों ने अंतिम संस्कार के लिए जा रहे एक स्थानीय चर्च के गायक मंडल के कम से कम 25 सदस्यों का अपहरण कर लिया है। स्थानीय पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। ओन्डो में पुलिस के प्रवक्ता ओलुफुनमिलायो ओडुनलामी-ओमिसन्या ने घटित हुई घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पीड़ितों को बचाने और अपराध में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस के अपहरण विरोधी दस्ते और अन्य सामरिक टीमों को क्षेत्र में तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय में काम करते हुए कुछ पीड़ितों को बचाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# कनाडा बॉर्डर पर आसमान में मंडराया रहस्यमय ऑब्जेक्ट, अमेरिकी फाइटर जेट ने मार गिराया

एजेंसी



**वाशिंगटन।** पिछले कई दिनों से अमेरिका के आसमान में कई संदिग्ध वस्तुएं देखी जा रही हैं। ये वस्तु अब अमेरिका के अलावा कनाडा और केलिफोर्निया तक देखा जा चुका है। बता दें कि कनाडा बॉर्डर के पास मिशिगन में हूरोन झील के ऊपर एक और रहस्यमय वस्तु उड़ते हुए नजर आई है। इस रहस्यमय वस्तु को अमरिका के फाइटर जेट ने 12 फरवरी को शूट डाउन कर दिया है। अमरिकी हवाई क्षेत्रों में ऐसी रहस्यमय वस्तु दिखने की ये चौथी घटना है। अमेरिकी वायु सेना के जनरल ग्लेन वानहर्क, जिन्हें अमेरिकी हवाई क्षेत्र की सुरक्षा का काम सौंपा गया है, ने संवाददाताओं से कहा कि सेना यह पहचानने में सक्षम नहीं है कि ये रहस्यमय वस्तुएँ क्या हैं, वे कैसे ऊपर रहती हैं और वे कहाँ से आ रही हैं? नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड और नॉर्दर्न कमांड के प्रमुख वैनहर्क ने कहा, हम फिलहाल उन्हें ऑब्जेक्ट बुला रहे हैं, गुब्बारे नहीं। बता दें कि इन ऑब्जेक्ट्स का अब इंटेल कम्युनिटी और काउंटर इंटेलिजेंस कम्युनिटी जांच करेगी। अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 ने 12 फरवरी दोपहर 2:42 बजे इस रहस्यमय वस्तु को मार गिराया। पेंटागन के प्रवक्ता पैट्रिक राइडर ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि अमेरिका-कनाडा सीमा पर हूरोन झील के ऊपर मंडरा रहे फ्लाइंग ऑब्जेक्ट को मार गिराया है। इस घटना ने हाल के सप्ताहों में उत्तर अमेरिकी आसमान पर दिखाई देने वाली असामान्य वस्तुओं से चीन के साथ तनाव और बढ़ा दिया है। कनाडा से एक दिन पहले अमेरिका में 10 फरवरी को अलास्का के ऊपर एक अज्ञात ऑब्जेक्ट उड़ता हुआ नजर आया था, जिसे यूएस मिलिट्री ने मार गिराया। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इसको लेकर एक ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने लिखा, कनाडाई और अमेरिकी विमान साथ आए और एक यूएस एफ-22 ने ऑब्जेक्ट पर सफलतापूर्वक शूट किया। ट्रूडो ने कहा कि युकोन में कनाडाई सेना अब ऑब्जेक्ट के मलबे को रिकवर करेगी और उसकी जांच करेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हालिया घुसपैठ पर चर्चा की गई है।

# जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला दूसरा अमेरिकी शहर बना फ्रेस्नो

एजेंसी



**न्यूयॉर्क।** सिएटल के बाद, कैलिफोर्निया में फ्रेस्नो जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला दूसरा अमेरिकी शहर बन गया है। इस आशय के प्रस्ताव को नगर परिषद ने सर्वसम्मति से 7-0 से पारित कर दिया।

फ्रेस्नो सिटी काउंसिल की उपाध्यक्ष एनालिसा पेरिया ने इस सप्ताह एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, नागरिक अधिकारों की सुरक्षा के स्तर को एक बार फिर ऊपर उठाने के लिए मुझे अपने शहर पर गर्व है। हालांकि हम स्वीकार करते हैं कि भेदभाव रातोरात खत्म नहीं होगा, हमारे शहर ने जातिगत भेदभाव के खिलाफ नागरिक अधिकारों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए इस भेदभाव-विरोधी नीति को पारित करके साहसिक कार्रवाई की है। प्रतिबंध के लिए दबाव का नेतृत्व फ्रेस्नो के सिख निवासियों ने किया था, जो बाद में ओक्साकन वंश के लोगों से जुड़ गए, और कहा कि दोनों समुदायों ने वर्षों से एक साथ काम किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हजारों सिख और ओक्साकन्स, जिनमें से कई किसान या खेत मजदूर हैं, फ्रेस्नो काउंटी और सेंट्रल वैली में रहते हैं।

यह कहते हुए कि जाति अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को प्रभावित करने वाला एक जरूरी नागरिक अधिकार मुद्दा है, दलित नागरिक अधिकार समूह इक्वेलिटी लैब्स ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि इस नए अध्यादेश का कार्यान्वयन दक्षिण एशियाई और स्वदेशी एकजुटता के आश्चर्यजनक प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करता है।

फ्रेस्नो निवासी और स्थानीय सिख मंदिर, श्री गुरु रविदास सभा के अध्यक्ष, अमर डारोच ने कहा, इस ऐतिहासिक जीत के साथ फ्रेस्नो में इतने सारे लोगों के लिए आजादी लाना एक सम्मान और सपना है। डारोच ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, हममें से बहुत से लोग हैं जो वैश्विक जाति व्यवस्था से बचे हुए हैं। इक्विटी लैब्स के कार्यकारी निदेशक थेनमोझी साउंडराजन और कई जाति नेता 14 अक्टूबर की समय सीमा से पहले सीनेट बिल 403 पर हस्ताक्षर करने के लिए न्यूजॉम पर दबाव डालने के लिए तीन सप्ताह से भूख हड़ताल पर हैं।

### भारत के एक और दुश्मन का सफाया! हाफिज सईद के करीबी की हत्या

कराची। भारत के एक और दुश्नमन के खातमे की खबर सामने आई है। पाकिस्तान में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी कैसर फारूख की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई है। एक्स पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े फारूख की हत्या के बाद कुछ लोग भागते हुए नजर आ रहा है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि वीडियो कब का है और कितने बजे का है। फुटेज कराची की बताई जा रही है। कैसर फारूख एक मोस्ट वॉन्टेड आतंकी था। वह हाफिज सईद का करीबी बताया जाता है।

सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि कैसर फारूख कुछ लोगों के साथ चल रहा है तभी अचानक गोलियों की आवाज आती है। जैसे ही गोलियों की आवाज गूंजती है, आसपास खड़े लोग जान बचाकर भागने लगते हैं और छिपने के लिए जगह तलाशते हैं। जबकि एक व्यक्ति जमीन पर गिर जाता है। कहा जा रहा है कि वह शख्स आतंकी कैसर फारूक है।

कराची में कैसर फारूक नाम के शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि क्या वह भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक ही है या कोई और। दूसरी ओर रक्षा विशेषज्ञ उसे आतंकी कैसर फारूख ही बता रहे हैं।

अवधनामा
लखनऊ, सोमवार, 2 अक्टूबर, 2023


# महाकुंभ-2025 को भव्य, दिव्य और नव्य स्वरूप दे रही है सरकार

## ■ कुंभ -क्षेत्र का हुआ विस्तार, पूरक योजनाओं को धरातल में उतारने का प्रयास तेज

**गंगा-पंडाल**

**पहली बार कुंभ-क्षेत्र में 25 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए बनेगा गंगा-पंडाल**

*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में लगने जा रहे हैं महाकुंभ को लेकर योगी सरकार की तरफ से युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। एक तरफ जहां महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए कुंभ क्षेत्र का विस्तार किया गया है तो वही श्रद्धालुओं के कुंभ क्षेत्र में ठहरने से लेकर अन्य सुविधाओं को नए स्वरूप में विकसित किया जा रहा है।

प्रयागराज में 2019 में आयोजित किए गए कुंभ में देश-विदेश से आए 19 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की संख्या के बाद 2025 में आयोजित होने जा रहे हैं महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने का प्रशासन का अनुमान है। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद के मुताबिक भीड़ महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु ऑन की भीड़ को देखते हुए इस बार कुंभ क्षेत्र के बसावट में बदलाव किया गया है। उनके मुताबिक योगी सरकार ने फैसला किया है कि इस बार कुंभ में बसने वाले मेले का विस्तार 4000 हेक्टेयर से अधिक तक किया जाएगा। पिछले कुंभ में मेला क्षेत्र को 3200 हेक्टेयर में बसाया गया था।

प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में बसावट के क्षेत्र विस्तार के साथ इससे संबंधित पूरक व्यवस्थाओं में भी बदलाव किया गया है। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि इस बार

संगम की रेती पर संगम, अरैल से लेकर फाफामऊ के बीच 25 सेक्टर में महाकुंभ बसाया जाएगा। अलग- अलग सेक्टर का क्षेत्रफल भी विस्तारित किया जाएगा। कुंभ मेला क्षेत्र के एक सेक्टर से दूसरे सेक्टर जाने के लिए गंगा नदी में बनाए जाने वाले पॉन्टून पुल की संख्या में भी इस बार बढ़ोत्तरी होगी। महाकुंभ के लेआउट प्लान के अनुसार इस बार आठ अतिरिक्त पांटून पुल बनाए जाएंगे। पिछली बार 22 पांटून पुल बने थे, जबकि इस बार 30 पांटून पुलों का निर्माण होगा।

योगी सरकार महाकुंभ को स्वच्छता के मॉडल के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत करने की तैयारी कर रही है। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद बताते हैं कि इसके लिए 1.45 लाख शौचालय बनाए जाएंगे। साथ ही कुंभ क्षेत्र में 10 हजार सफाई कर्मी भी लगाए जाएंगे। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 25 हजार डस्टबिन, 800 सफाई गैंग और आईसीटी बेस्ड मॉनिटरिंग सिस्टम भी प्रस्तावित किया गया है। इसे मेला प्राधिकरण की ओर से स्वीकृति मिल चुकी है।

महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को कुंभ क्षेत्र में ठहरने के लिए भी योगी सरकार खास इंतजाम कर रही है। कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत के मुताबिक महाकुंभ के लिए टेंटेज के प्रस्ताव पर भी सैद्धांतिक सहमति बन गई है । इसके अंतर्गत 25,000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 हजार बेड का ÷गंगा पंडाल ÷ बनाने का प्रस्ताव है। इसमें संतों-

### क्षमा वाणी पूजा के साथ दस लक्षण महापर्व का समापन

प्रयागराज। आत्म शुद्धि, संयम व समर्पण के पर्व दसलक्षण पर्व के समापन के अवसर पर रविवार को तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली अंदावा में क्षमावाणी की पूजा हुई। मंदिर जी में मंत्रोच्चार के बीच भगवान ऋषभदेव का पंचामृत अभिषेक व पूजन किया गया।

भगवान की सर्वप्रथम शांतिधारा अरुण जैन, अंकुर जैन एवं अभिषेक जैन सपरिवार द्वारा एवं आरती श्रीमती आशा जैन द्वारा की गयी। वहीं, जैन धर्मावलंबियों ने सालभर में जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए एक-दूसरे से क्षमा याचना की। इस अवसर पर बाला जैन, खुशबू जैन, एवं निधि जैन द्वारा मधुर भजन भी प्रस्तुत किये गए एवं प्रश्न मंच का भी आयोजन किया गया जिसमे विजयी प्रतिभागियो को पुरस्कृत किया गया।

# जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज ÷एक तारीख एक घंटा÷ अभियान के अंतर्गत में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य सम्पर्क अधिकारी डॉ मंजू सिंह थी। कार्यक्रम का आरम्भ प्रातः 10 बजे से स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण की साफ सफाई द्वारा किया गया। उसके पश्चात बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ आशिमा घोष में मुख्य अतिथि डॉ मंजू सिंह का स्वागत किया। डॉ मंजू सिंह ने स्वयंसेविकाओं का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं तथा एन सी सी की कैडेट के द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एन एस एस, एन सी सी तथा गांधी अध्यन मंडल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी डॉ अंकित चतुर्वेदी ने किया।इस अवसर पर एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ शालिनी सिंह, डॉ निर्मला गुप्ता, डॉ ऐश्वर्या सिंह, गांधी अध्यन मंडल की प्रभारी डॉ माधुरी राठौड़, सदस्य डॉ विजयलक्ष्मी तथा डॉ अंजलि शिवहरे उपस्थित रही।

### प्रयागराज की बेटी ने किया नाम रोशन



**प्रयागराज।** जवाहर नवोदय विद्यालय खैराबाद सीतापुर में नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित सभागीय कला उत्सव प्रतियोगिता मे शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में प्रयागराज की बेटी वाणी मालवीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करेगी। वाणी ने राग मेघ मल्हार की द्रुत एक ताल मे प्रस्तुति दी थी। वाणी की प्रथम गुरु उनकी माँ श्रीमती जया मालवीय और उनके पिता सात्विक मालवीय है। वाणी ने डा0 इला मालवीय एवं स्व0 प0 विद्याधर मिश्र से भी संगीत की बारीकिया ग्रहण की है। वाणी वर्तमान में ज0 न वि0 कौशाम्बी मे कक्षा 10 की छात्रा है। वाणी का लक्ष्य अपने माता पिता का स्वप्न साकार करना और डॉक्टर बनना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश राठौर राज्य विकास मंत्री ने पुरस्कार वितरण किया।

# चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर वैज्ञानिक केसरवानी को किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** चांद पर चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग कराने वाले सुयोग्य प्रतिभा शाली वैज्ञानिक जो अपनी टीम के समस्त सहयोगी वैज्ञानिकों की सामुहिक प्रयास से चांद पर उस स्थान पर चंद्रयान को लैंड कराया जहां पर इससे पूर्व दुनियां के किसी देश चाहे रूस हो अमेरिका हो या चाइना नहीं संभव कर पाया।

वैज्ञानिक रवि केसरवानी को राजापुर व्यापर मण्डल के समस्त पदाधिकारियों ने जिसमे भारी संख्या में सम्मानित महिलाएं भी उपस्थित रही आज जोरदार स्वागत किया और सम्मानित चिन्ह भेंट किया।

इस अवसर पर प्रयाग व्यापार मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा चावला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण केसरवानी, सुशील खरबंदा, जिलाध्यक्ष मोहम्मद कादिर भाई, सरदार प्रीतम सिंह, शिव शंकर सिंह, ऋषि अरोरा, प्रयाग व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी मोहम्मद अकरम आदि उपस्थित रहे सभी ने वैज्ञानिक रवि केसरवानी को बधाई दी।

# पूरे जिले में चला स्वच्छता ही सेवा अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के पूर्व दिवस पर ÷स्वच्छता ही सेवा अभियान÷ के तहत रविवार को जनपद में ÷एक तारीख, एक घंटा, एक समय÷ श्रमदान- महासफाई अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में किया गया, जिसमें सांसद इलाहाबाद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी, सांसद फूलपुर श्रीमती केसरी देवी पटेल, महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन बाजपेई, विधान परिषद सदस्य के0पी0 श्रीवास्तव एवं सुरेंद्र चौधरी, नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा एम देवराज, प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार, नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग सहित नगर निगम व अन्य विभागों के अधिकारीगण सहित एनसीसी की छात्र-छात्राएं व भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद इलाहाबाद प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि हमारा जनपद प्रयागराज तीर्थनगरी है और इसे देश के टॉप-10 स्वच्छ नगरों की श्रेणी में लाना है, इसके लिए हमें जीरो गारबेज की नीति अपनानी होगी।

इस अवसर पर सांसद फूलपुर श्रीमती केसरी देवी पटेल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें यहां से यह संकल्प लेकर जाना है कि जो गंदगी करेगा, वह स्वयं उसकी सफाई करेगा।

इस अवसर पर महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने के लिए जो प्रयास किया था, आज वह एक जन आंदोलन का रूप ले रहा है और हमारे देश व समाज में परिवर्तन हो रहा है।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि गणों ने शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया।

तत्पश्चात शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क के गेट नंबर-3 पर स्वच्छता हेतु श्रमदान के लिए महासफाई रैली को माननीय जनप्रतिनिधि गणों ने हरी झंडी दिखाई व रैली का नेतृत्व करते हुए रैली के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। महा सफाई रैली शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क के गेट नंबर-3 से निकाली गयी तथा रैली मार्ग पर सफाई करते हुए कूड़ा-कचरा उठाया गया तथा स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### एनएसएस सदस्यों ने किया स्वच्छता श्रमदान

प्रयागराज। राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय संघटक इलाहाबाद विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 055 के संयुक्त तत्त्वावधान में आज ÷स्वच्छता ही सेवा÷ अभियान, ÷एक तारीख एक घंटा अभियान÷ के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक श्रमदान के रूप में किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो रंजना त्रिपाठी, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ कौमुदी श्रीवास्तव, शिक्षकगण डॉ नमिता यादव डॉ रेनू आनंद, डॉ शमेनाज़ बानो, डॉ प्रियंका शर्मा, डॉ प्रताप बहादुर पटेल एवं डॉ राजेंद्र कुमार, शिक्षणेतर कर्मचारियों सहित स्वयंसेविकाओं ने इस स्वच्छता अभियान को सफल बनाया।

### कुलभास्कर डिग्री कॉलेज में चला श्रमदान कार्यक्रम

प्रयागराज। कुलभास्कर आश्रम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज प्रयागराज में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 के दौरान÷ स्वच्छता की सेवा ÷ अभियान के अंतर्गत आज 1 घंटे का श्रमदान कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। प्राचार्य ने अपने संबोधन में बताया कि स्वच्छता जीवन का बहुत ही आवश्यक अंग है । विकसित समाज का पता स्वच्छता से ही लगाया जा सकता है। सभी लोगों को अपने घरों के साथ-साथ अपने पास पड़ोस को भी साफ रखना चाहिए। दूसरे वक्ता प्रोफेसर वी एन पाण्डेय ने बताया कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। भारत में 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई। गांधी जी ने स्वच्छता कों ÷सेवा का भाव÷ कहा था। इस स्वच्छता अभियान में प्राचार्य, प्रोफेसर सलीमुद्दीन, प्रोफेसर वी एन पाण्डेय, इंजीनियर आरपी सिंह, प्रोफेसर आर पी तिवारी, प्रोफेसर चंद्रशेखर चौबे , प्रोफेसर ऋतुराज श्रीवास्तव, प्रोफेसर एस पी विश्वकर्मा , प्रोफेसर जितेंद्र सिंह भदोरिया , डॉक्टर विकास सिंह डॉक्टर एक सी सिंह डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह, डॉक्टर अनुराग त्रिपाठी, डॉक्टर आदेश कुमार वर्मा, डॉक्टर प्रेमचंद ,डा अनिल कुमार, डॉ मनीष कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर एस पी यादव डॉक्टर मनोज कुमार सिंह आदि प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण तथा 152 स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने श्रमदान किया।

# सपा महानगर व्यापार सभा में तीन विधानसभा अध्यक्ष घोषित

*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** व्यापारी समाज को समाजवादी पार्टी से जोड़ कर उन्हें साथ शहर की तीनों विधानसभा अध्यक्षों की घोषणा की।

महानगर उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता की अध्यक्षता व महानगर महासचिव नगर उपाध्यक्ष बनाया गया। विकास गुप्ता को व्यापार सभा में महासचिव तो गणेश प्रसाद साहू को कोषाध्यक्ष की अहम ज़िम्मेदारी दी गई।



महानगर व्यापार सभा में महत्वपूर्ण पद देकर 2024 में लोकसभा चुनाव में अपनी पैठ मज़बूत करने को महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन ने प्रयागराज के प्रतिष्ठित व्यापारी व युवा नेतृत्व क्षमता रखने वाले अमित गुप्ता गोलू को पहले ही व्यापार सभा का महानगर अध्यक्ष घोषित कर दिया था। आज नगर कार्यालय चौक में अमित गुप्ता ने अपनी चालीस सदस्यों की कमेटी के रवीन्द्र यादव रवि के संचालन में नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के साथ फूल माला पहना कर बधाई दी गई। देवी लाल गुप्ता ,अजय कुमार शर्मा ,राजेश केसरवानी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तो राकेश गुप्ता , अब्दुल मन्नान , श्यामसुंदर केसरवानी ,गोपाल कृष्ण अग्रवाल , सुभाष चन्द्र यादव , अभिषेक गुप्ता , मोहम्मद अरशद ,पिन्टू निषाद को घनश्याम बाबू व कृष्ण गोपाल पांडे को वरिष्ठ सचिव की ज़िम्मेदारी दी गई। महानगर व्यापार सभा में राजनारायण विश्वकर्मा , जय कुमार निषाद , रितेश कुमार केसरवानी ,जीतू सोनकर ,वसीम अहमद , मोहम्मद अरमान कुरैशी , पंडित वीरेंद्र शर्मा ,प्रखर चड्ढा , अंकित जायसवाल , मिर्ज़ा मुस्तफा , हारुन ,मनोज गुप्ता , अश्विनी जायसवाल व मोहम्मद नादिर को सचिव नामित किया गया।

कार्यक्रम में राजेश गुप्ता, रवीन्द्र यादव रवि, अमरनाथ सिंह मौर्य, बब्बन द्बे, पीर मोहम्मद अज़हर, मोहम्मद गौस, मृत्युंजय पांडे, हरीशचंद्र श्रीवास्तव, पंकज साहू, सुधीर निषाद, सैय्यद आसिफ हुसैन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### गौना भाजपा मंडल द्वारा बूथ सशक्तिकरण बैठक आहूत की गई

**महरौनी (ललितपुर)।** भाजपा मंडल गौना की बूथ सशक्तिकरण की बैठक माँ गंगा देवी इण्टर कालेज सौजना में सम्पन्न हुयी। मंडल प्रवासी वंशीधर श्रीवास के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने की। बैठक में मण्डल प्रवासी ने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को 2024 लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय रहने के लिए व अपने अपने बूथों को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी को लग जाना चाहिए। पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील वैद्य ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमे हर बूथ को जीतने का काम करना है, बूथ को मजबूत बनाने के लिए समस्त कार्यकर्ताओं को अपने अपने बूथ के अन्यर्गत आने वाले समस्त परिवारों से सम्पर्क कर केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताते हुए उन्हें अपना बनाना है। मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने अतिथियों को मंडल गौना के समस्त बूथ अध्यक्षों से आग्रह किया कि में संगठन के समस्त पदाधिकारियों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत अपने अपने बूथ को मजबूती प्रदान करने का कार्यकर्ता ततपरता से कार्य करेंगे। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील वैद्य, विधानसभा मीडिया प्रभारी दिनेश विदुआ, ब्रजकिशोर चाचौदिया, एवम समस्त मंडल टीम सहित समस्त सेक्टर संयोजक, समस्त सेक्टर प्रभारी, समस्त बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे मण्डल उपाध्यक्ष साहब सिंह बुन्देला कोरवास, महिपाल सिंह बुन्देला गुढ़ा, रामनाथ रजक, शैलेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला, नवल गुर्जर, कमलेश कुशवाहा, पुष्पेन्द्र यादव, विवेक जैन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर खड्ड में पलटा, किशोर की मौत चालक घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर (खुटहन)।** शेख असरखपुर गांव की नहर पुलिया के पास रविवार को अनियंत्रित होकर एक ट्रैक्टर दस फिट नीचे खड्ड में पलट गया। उस पर सवार किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने जेसीबी बुलाकर नीचे दबे चालक व किशोर को बाहर निकाल अस्पताल भेजवाया । जहां चिकित्सक ने किशोर को मृत घोषित कर घायल चालक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेज दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पीएम हेतु भेज दिया। सीएससी पहुंचे किशोर के स्वजनों के रोने बिलखने से माहौल गमगीन हो गया। शेरपुर पथरा गांव निवासी ट्रैक्टर चालक रमाकांत बिंद उर्फ कल्लू थाना क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे से ईंट लादकर खेतासराय थाना क्षेत्र के मानी गुरैनी बाजार में उतार वापस लौट रहा था। ट्रैक्टर पर उसका पड़ोसी 16 वर्षीय कुंदन पुत्र



राजमनी बिंद भी सवार था। उक्त नहर पुलिया से आगे बढ़ते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के बायें तरफ दस फिट नीचे धान के खेत में उतर कर पलट गया। इंजन का चारों पहिया हवा में उठ गया। मौके पर जुटे ग्रामीण काफी मशक्कत के बाद भी उसके नीचे दबे दोनों युवकों को निकाल नहीं सके। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी बुलाकर किसी प्रकार से दोनों को बाहर निकाल अस्पताल भेजवाया। जहां चिकित्सक ने देखते ही कुंदन को मृत घोषित कर दिया। चालक की भी हालत गंभीर बनी हुई है।

### दूसरी बार जिला अध्यक्ष चुने गएसूर्य नारायण सिंह (मुन्ना)

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी, उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के अप्रूवल से सूर्य नारायण सिंह मुन्ना को पुनः आम आदमी पार्टी जनपद जौनपुर का जिलाअध्यक्ष नियुक्त किया गया।जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण से मुन्ना ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा मुझ पर विश्वास कर कर मुझे पुनः जनपद जौनपुर का जिला अध्यक्ष बनाया गया इसके लिए मैं समस्त पार्टी के पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं तथा उत्तर प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह भैया का बहुत-बहुत धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूं। और मैं यह शपथ लेता हूं कि पार्टी के प्रति मैं आजीवन पूरे निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य करता रहूंगा और आम आदमी पार्टी के कार्यों एवं सोच व विचारों को घर-घर जनपद वासियों तक पहुंचाने का कार्य करूंगा इसी के साथ जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी का गठन जनपद जौनपुर में सभी विधानसभा, नगर व बूथ स्तर तक हो चुका है और आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में हमें यह पूर्ण विश्वास है कि इंडिया की जीत होगी।

# आज हमारा, कल भी सुरक्षित होगा: मनमोहन जडिया

*अवधनामा संवाददाता*

**ललितपुर।** समाज कल्याण निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा वित्त पोषित एवं देहाती ग्रामोत्थान विकास समिति द्वारा संचालित पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धजन आश्रम में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस सम्मान समारोह का आयोजन



किया गया। इस अवसर पर आश्रम प्रबंधक द्वारा कार्यक्रम में शामिल हुये अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। तदोपरान्त उन्होंने आश्रम में निवासरत वृद्धजनों को मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। समारोह के प्रारंभ में संचालन समिति के सदस्य प्रतिष्ठित समाजसेवी मनमोहन जडिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की वृद्धजन आश्रम की यह महत्वपूर्ण योजना है। इस प्रकार के आयोजन दर्शाते हैं कि आज हमारा है और कल भी हमारा सुरक्षित होगा। वरिष्ठ पत्रकार/समाजसेवी अभय श्रीमाली ने कहा कि यह योजना लोगों को विश्वास दिलाती है कि हमारी देखरेख करना सरकार की जिम्मेवारी है। शहर की जानी-मानी शिक्षाविद सुषमा भगवानदास साद्य ने भी संबोधित करते हुये ऐसे आयोजनों से लोगों को प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. इम्तियाज अहमद, संचालन समिति सदस्य मनमोहन जड़िया, समाजसेवी अभय श्रीमाली, शिक्षाविद सुषमा, भगवानदास साद्य, के.पी.राजा ननौरा, मनीष पटवारी, शिक्षक पुष्पेन्द्र सैनी, वरिष्ठ पत्रकार अमित लखेरा, आश्रम प्रबंधक दामोदर शर्मा एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## त्यौहारों के मौसम में विद्युत विभाग की अकर्मण्यता के चलते जनता बेहालः बु.वि.सेना

# विद्युत विजीलेन्स की टीम अपने कर्तव्यों का सही पालन नहीं कर रही है

*अवधनामा संवाददाता*

**ललितपुर।** स्थानीय कम्पनी बाग में बु.वि.सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में विद्युत विभाग की अकर्मण्यता को लेकर तथा ललितपुर में विद्युत विजीलेन्स टीम द्वारा उपभोक्ताओं के शोषण और भ्रष्टाचार पर गहरी चिन्ता व्यक्त की गई। इस मौके पर विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सेना प्रमुख ने कहा कि इस भीषण गर्मी के मौसम में मामूली फाल्ट होने पर पूरी रात-रात भर बिजली गायब रहती है। बिजली न होने कारण सारी रात जनता जिनमें मासूम बच्चे भी शामिल हैं गर्मी के कारण बिलबिला उठते हैं। कहा कि फाल्ट होने और मरम्मत होने की स्थिति का पता लगाने के लिए जनता जब विभाग द्वारा दिये गये मोबाइल पर फोन करती है तो विद्युत विभाग के संवेदनहीन जिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं और परेशान नागरिक मन मसोस कर रह जाते हैं। यहां तक कि अधिशासी अभियन्ता



को भी फोन लगाने पर उनका फोन भी नहीं उठता है। अब ऐसी स्थिति में जनता अपनी गुहार किससे लगाये। उन्होंने कहा कि ऊपर से तो भरपूर बिजली जिले को मिल रही है परंतु ट्रान्सफार्मरों का उचित रखरखाव, मेन्टीनेन्स और स्थानीय फाल्ट के कारण बिजली घंटो तक गायब रहती है। कहा कि ललितपुर में तैनात विजीलेन्स की टीम का मुख्य उद्देश्य विद्युत चोरी और भ्रष्टाचार को रोकना है परंतु इससे उलट विद्युत विजीलेन्स की टीम खुद विद्युत चोरी को बढ़ावा देकर स्वयं भ्रष्टाचार करा रही है। सीधे-साधे उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी में फंसाकर फिर रुपये लेकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिशासी अभियन्ता ऑफिस जिला पंचायत और एस.डी ओ ऑफिस नझाई बाजार लिपिक स्तर से अधिकारी स्तर तक भ्रष्टाचार व्याप्त है। उपभोक्ताओं को डरा-धमकाकर मनचाहे रुपये वसूले जाते हैं। यह भी कहा कि विद्युत विभाग में मेन्टीनेन्स स्टॉफ की भारी कमी है। स्टॉफ की कमी के कारण जो फाल्ट लगभग आधा घंटे में दूर हो जानी चाहिए उसको दूर करने में चार पांच घंटे या कभी कभी पूरी रात लग जाती है। विद्युत विभाग को चेतावनी दी है कि वो अपनी अकर्मण्यता से बाज आकर अपने दायित्वों का उचित प्रकार से पालन करते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में बु.वि.सेना उग्र आन्दोलन छेड़ने के लिए बाद्ध हो जायेगी। बैठक में राजमल बरया, कदीर खां, राजकुमार कुशवाहा, बी.डी.चन्देल, प्रदीप, रामप्रकाश झा, मुन्ना त्यागी, अमरसिंह बुन्देला, विनोद साहू, भैय्यन कुशवाहा, हनुमत, रवि रैकवार, पुष्पेन्द्र शर्मा, अनिल अहिरवार, खुशाल बरार, नन्दराम कुशवाहा, गफूर खां, टिंकू सोनी, अमित जैन, कामता शर्मा आदि मौजूद रहे।

### स्वच्छता ही सेवा जागरूकता अभियान को लेकर दिखा उत्साह

*अवधनामा संवाददाता*

**ललितपुर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार क्षेत्रीय कार्यालय झांसी द्वारा स्वच्छता ही सेवा जागरूकता अभियान के तहत रक्सा झांसी के एक विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। स्वच्छता ही सेवा विषय पर गोष्ठी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और श्रमदाम किया गया तथा स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। इकाई प्रभारी वी.डी. शर्मा ने बताया की स्वच्छ भारत मिशन शहरी और ग्रामीण द्वारा संयुक्त रूप से 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा पखबाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े का उददेश्य सफाई मित्र सुरक्षा शिविर और सामूहिक स्वच्छता अभियान जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से देशभर में करोड़ों नागरिकों की भागीदारी बनाना है, जिससे हम अपने गांव शहर, स्कूल सार्वजनिक स्थल को साफ सुथरा रखने के लक्ष्य के प्रति फिर से प्रतिवद्ध हो स्वच्छ भारत मिशन एक सामान्य सरकारी कार्यक्रम के बजाय एक जन आन्दोलन बन गया है। और नागरिकों की जीवन शैली का भी मूलभूत सिद्धांत बन गया है जिससे देश को खुले में शौच के अभिशाप से मुक्ति मिली है।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के प्रबंधक संजय कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि आज हम स्वच्छता पखवाड़े के साथ-साथ अंतराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस भी मना रहे है। हमको जीवन में संसार के सारे सुख सरलता से प्राप्त हो जाये, इसके लिए हम सभी को बुजुर्गों के चरणों की सेवा से जुडना होगा। जीवन में बुजुर्गों के चरणों की सेवा निरन्तर होती रहेगी तो हमारे जीवन में आनन्द ही आनन्द होगा। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार रायकवार ने शिक्षा के साथ-साथ जीवन में संस्कारों को अपनाने एवं स्वच्छता के बारे में संकल्प सबसे पहले स्वयं से अपने परिवार से एवं मोहल्ले से तथा गांव से एवं अपने कार्य स्थल से लेना होगा।

# निर्यात के लिए वंदे भारत को लगातार किया जा रहा अपडेट

**नई दिल्ली।** रेलवे की योजना घरेलू जरूरतों के अनुरूप देश में 475 वंदे भारत ट्रेनें चलाने के बाद निर्यात करने की है। कुछ देशों ने इसमें रूचि दिखाई है। यूरोप दक्षिण अमेरिका व एशियाई देशों में निर्यात की योजना पर काम किया जा रहा है। वंदे भारत के पहले संस्करण की ट्रेन 15 फरवरी 2019 को नई दिल्ली-वाराणसी मार्ग पर चलाई गई थी।

मेक इन इंडिया के संकल्प को विस्तार देते हुए वंदे भारत ट्रेनों को निर्यात के लिए अपडेट किया जा रहा है। गति एवं सुविधाएं बढ़ाकर इसे विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है। रेलवे की योजना घरेलू जरूरतों के अनुरूप देश में 475 वंदे भारत ट्रेन चलाने के बाद निर्यात करने की है। कुछ देशों ने इसमें रुचि दिखाई है।

देश में अभी वंदे भारत ट्रेनों की संख्या 34 हो गई है।रेलवे अगले तीन वर्षों में वंदे भारत ट्रेनों को यूरोप, दक्षिण अमेरिका एवं पूर्वी एशियाई देशों में निर्यात की योजना पर काम कर रहा है। इसलिए इसे विश्वस्तरीय बनाने का प्रयास लगातार जारी है। देश में अभी इसे ब्रॉड गेज ट्रैक पर चलाया जा रहा है। रेलवे कंपनियों का

**योजना**

**यूरोप दक्षिण अमेरिका व एशियाई देशों में निर्यात की योजना पर काम किया जा रहा है।**

प्रयास है कि संभावित निर्यात वाले देशों के मानक वाले गेज पर इसे चलाने के लायक बनाया जाए।

**कब शुरू हुई थी वंदे भारत**

वंदे भारत के पहले संस्करण की ट्रेन 15 फरवरी 2019 को नई दिल्ली-वाराणसी मार्ग पर चलाई गई थी। तबसे अब तक जितनी ट्रेनें चलाई गई हैं, उनके फीचर को अपडेट करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। पहली ट्रेन की तुलना में 34वीं ट्रेन में कई तरह की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। रफ्तार भी प्रति घंटा 140 किमी से बढ़ाकर 180 किमी तक कर दी गई है। अब इसे बढ़ाकर 220 किमी प्रति घंटा तक करने की तैयारी है।

ट्रेन के राइडर संकेतक को तीन कर




दिया गया है। इससे चलती ट्रेन में झटके कम लगेंगे। आवाज का मानक भी 65 डेसिबल तक ले आया गया है जो विमान की ध्वनि से लगभग सौ गुना कम है। सौ प्रतिशत स्वदेशी तकनीक से निर्मित यह देश की पहली सेमी हाई-स्पीड ट्रेन है, जिसमें सुरक्षा के लिए कवच प्रणाली भी लगाई गई है। यात्रियों की प्रतिक्रिया लेकर नई ट्रेनों में नई-नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं, जो यात्रा को अधिक सुगम बना सकेंगी।

सीटों को अत्यधिक लचीला बनाया जा रहा है। वाश बेसिन को गहरा किया जा रहा है, ताकि बोगियों में पानी न फैले। निर्यात के पहले विश्वस्तरीय बनाने के लिए जापान एवं जर्मनी समेत अन्य देशों की हाई स्पीड ट्रेनों का भी अध्ययन किया जा रहा है। वंदे भारत की वर्तमान ट्रेनों में बैठकर यात्रा की जा रही है। अब करीब दो सौ स्लीपर संस्करण की ट्रेनों की भी तैयारी की जा रही है। इसे दो वर्षों के अंदर पूरा कर लेना है।

रेलवे का कहना है कि 2025-26 तक 475 वंदे भारत ट्रेन चला लेने के बाद निर्यात की तैयारी है। इसलिए घरेलू मांग और निर्यात पर साथ-साथ काम किया जा रहा है।

**14 मिनट में साफ होगी पूरी ट्रेन**

रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस की साफ-सफाई को लेकर भी बड़ा निर्णय लिया है। पूरी ट्रेन को अब 14 मिनट के अंदर साफ कर दिया जाएगा। अभी तक इस कार्य में लगभग तीन से चार घंटे लगते थे। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 14-मिनट में चमत्कार योजना की शुरुआत रविवार को की। दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर उन्होंने ट्रेन में बैठे यात्रियों को संबोधित करते हुए पीएम के स्वच्छता ही सेवा अभियान का संदेश भी दिया। उनका कहना है कि ट्रेनों की त्वरित सफाई का क्लीन-अप प्रोटोकॉल वंदे भारत से प्रारंभ किया जा रहा है। बाद में अन्य ट्रेनों में भी ऐसी व्यवस्था लागू की जाएगी। जापान में हाई स्पीड बुलेट ट्रेन को मात्र सात मिनट में साफ कर लिया जाता है।

## पेंशन और हेल्थ के लिए सबसे ज्यादा परेशान हैं भारत के बुजुर्ग

**नई दिल्ली।** भारत में बुजुर्गों की सबसे बड़ी चिंता पेंशन और स्वास्थ्य को लेकर है। सरकारी हेल्पलाइन एल्डरलाइन पर इस साल बुजुर्गों ने




पेंशन संबंधी समस्याओं से जुड़ी सूचना और सामाजिक कल्याण योजनाओं देखभाल केंद्रों अस्पतालों और चिकित्सकों समेत कई मुद्दों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इसको लेकर आंकड़े जारी किये। आंकड़ों के अनुसार उनके हेल्पलाइन पर कुल 13086 फोन प्राप्त हुईं।

भारत में बुजुर्गों की सबसे बड़ी चिंता पेंशन और स्वास्थ्य को लेकर है। सरकारी हेल्पलाइन एल्डरलाइन पर इस साल बुजुर्गों ने पेंशन संबंधी समस्याओं से जुड़ी सूचना और सामाजिक कल्याण योजनाओं, देखभाल केंद्रों, अस्पतालों और चिकित्सकों समेत कई मुद्दों के बारे में जानकारी ली। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 14567 पर 87,218 फोन आईं। एल्डरलाइन एनजीओ भागीदारों के सहयोग से देश भर में परेशानियों का सामना कर रहे बुजुर्गों की सहायता के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की एक पहल है। आंकड़ों के अनुसार, हेल्पलाइन वर्तमान में 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में संचालित की जा रही है।

**हेल्पएज इंडिया क्या है**

हेल्पएज इंडिया उन एनजीओ में से एक है, जिसने मंत्रालय को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों दिल्ली, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, पंजाब, आंध्र प्रदेश, गुजरात जम्मू कश्मीर और लद्दाख में जनवरी 2023 से सितंबर 2023 तक हेल्पलाइन संचालित करने में मदद की। उसे हेल्पलाइन पर कुल 13,086 फोन प्राप्त हुईं, जो राष्ट्रीय हेल्पलाइन पर प्राप्त कुल काल का लगभग 25 प्रतिशत है।

आंकड़ों के अनुसार, लगभग 21 प्रतिशत फोन में वरिष्ठ नागरिकों ने वृद्धाश्रम, देखभाल केंद्रों, अस्पतालों, चिकित्सकों और देखभाल सुविधा देने वालों के बारे में जानकारी मांगी। वहीं, 33 प्रतिशत फोन में कानूनी मुद्दों, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन और भरण-पोषण अधिनियम के संबंध में मार्गदर्शन मांगा गया।

हेल्प एज इंडिया के मिशन प्रमुख डॉ इम्तियाज अहमद ने कहा कि अन्य के तहत वर्गीकृत 41 प्रतिशत से अधिक काल में सहायक उपकरणों, दवा और छोटे घरेलू कामों के लिए सहायता मांगी गई और पड़ोसियों के साथ विवादों के समाधान के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि लगभग चार प्रतिशत काल बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार से जुड़े मुद्दों से संबंधित थीं। उन्होंने कहा कि 73 प्रतिशत फोन करने वाले पुरुष थे, जबकि 27 प्रतिशत महिलाएं थीं।

## टाइटन आई+ उत्तर प्रदेश में 14 वर्ष तक के बच्चों की आंखों की जांच करेगा

नेत्र स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करने और बच्चों के सीखने के परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से, टाइटन आई+ ने उत्तर प्रदेश में 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए नेत्र जांच कार्यक्रम की घोषणा की है। कंपनी लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, वाराणसी, आज़मगढ़ सहित यूपी क्षेत्र के अन्य क्षेत्रों में 500 से अधिक छात्रों की स्क्रीनिंग करने की योजना बना रही है। यूपी आई स्क्रीनिंग चैप्टर अखिल भारतीय आई स्क्रीनिंग अभियान का हिस्सा है जिसका लक्ष्य भारत के 300+ शहरों में 11000+ स्कूलों तक पहुँचना है। विशेष रूप से कोविड-19 के कारण उच्च स्क्रीन एक्सपोज़र के बाद बच्चों में मायोपिया बढ़ रहा है और यह कंपनी द्वारा ऐसी स्थितियों का बहुत पहले निदान करने में मदद करने का एक प्रयास है।

इसके साथ ही, टाइटन आईकेयर डिवीजन ने 14 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए टाइटन Titan Eye+ Dash Contest 2023 भी लॉन्च किया है, जहां बच्चे ड्राइंग, गायन, नृत्य, जादू जैसी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए किसी भी प्रारूप में अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं। प्रतिभागी 1,00,000/- रुपये के शानदार पुरस्कार जीत सकते हैं। और भाग्यशाली विजेता को ब्रांड का चेहरा बनने का मौका भी मिलेगा। प्रतियोगिता 24 सितंबर 2023 को शुरू हुई और 15 अक्टूबर 2023 तक चलेगी।

## टीडीआर फाइल करने पर मिलता है पूरा रिफंड




**नई दिल्ली।** यात्रियों की हर सुविधा का ख्याल रखती है। इसका उद्देश्य यात्रियों का ट्रेन में विश्वास मजबूत करना और उन्हें अच्छा यात्रा अनुभव प्रदान करना है। एक ऐसा ही विकल्प टिकट डिपॉजिट रसीद भी है जो यात्रियों को पूरी टिकट राशि आसानी से वापस पाने की अनुमति देता है। चलिए जानते हैं आप इसका फायदा कैसे उठा सकते हैं।

भारतीय रेलवे अपने यात्रियों की हर संभव सुविधाओं का ख्याल रखती है। ऐसा इसलिए ताकि यात्रियों का भरोसा रेलवे पर बना रहे और उन्हें अच्छी यात्रा का अनुभव हो सके। हालांकि अगर आपको यात्रा के दौरान कुछ परेशानियां आती है तो इसका भी हल रेलवे ने यात्रियों को दिया है।

एक ऐसी ही सुविधा टिकट जमा रसीद यानी (ञ्छ्रक्र) की भी है जहां यात्री अपने टिकट के पूरे पैसे आसानी से रिफंड पा सकते हैं। आज हम आपको यही बताने जा रहे हैं कि आप किस स्थिति में टीडीआर फाइल कर सकते हैं और कैसे अपना रिफंड क्लेम कर सकते हैं।

**कौन-कौन सी स्थिति में फाइल कर सकते हैं टीडीआर?**

जब ट्रेन 3 घंटे से ज्यादा लेट हो और यात्री ने यात्रा नहीं किया हो।

जब आपकी सीट किसी कोच में हो और वो कोच ट्रेन में नहीं लगाया गया हो और आपको निचली श्रेणी में यात्रा करनी पड़े।

जब ट्रेन की एसी काम न करे।

जब टीटीई आपसे अधिक किराया वसूले।

जब आपने आंशिक रूप से यात्रा की हो।

जब ट्रेन का मार्ग बदला गया हो और यात्री ने यात्रा ना करे।

जब ट्रेन का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है और ट्रेन बोर्डिंग स्टेशन पर ना आए।

जब ट्रेन का मार्ग बदल दिया गया है और ट्रेन गंतव्य स्टेशन तक ना जाए।

जब ट्रेन गंतव्य से पहले ही समाप्त हो जाए।

कैसे फाइल करें टीडीआर?

सबसे पहले आप अपने आईआरसीटीसी अकाउंट में लॉग इन कर लें।

इसके बाद आपक टिकट हिस्ट्री पर क्लिक करें।

फिर आप टिकटों की सूची जहां यात्रा की तारीख बीत चुकी है वहां जाएं।

फिर उस पीएनआर का चयन करें जिसके लिए टीडीआर दाखिल किया जाना है और ÷फाइल टीडीआर÷ बटन पर क्लिक करें।

टीडीआर रिफंड का दावा करने के लिए टिकट विवरण से यात्री का नाम चुनें।

कारण प्रपत्र सूची बॉक्स का चयन करें या यदि आप अन्य का चयन करते हैं तो कारण टाइप करें।

फिर सबमिट बटन पर क्लिक करें।

यदि ÷अन्य÷ विकल्प चुना जाए तो नया टेक्स्ट बॉक्स खुल जाएगा।

आप कारण का विवरण भर सकता है और फिर सबमिट बटन पर क्लिक कर सकता है।

टीडीआर दाखिल करने को पूरा करने के लिए पुष्टिकरण दिखाया जाएगा।

यदि विवरण की पुष्टि हो गई है तो अलर्ट विंडो में ÷ओके÷ पर क्लिक करें।

बस इसके बाद आपका टीडीआर सफलतापूर्वक दाखिल कर दिया गया है।

आखिर में आपको टीडीआर एंट्री कन्फर्मेशन पेज पर पीएनआर नंबर, लेनदेन आईडी, संदर्भ संख्या, टीडीआर स्थिति, कारण दिखाया जाएगा।

# गूगल ड्राइव की तरह करें वॉट्सऐप का इस्तेमाल

## जरूरी फाइल्स के लिए नहीं होंगे परेशान, सिंगल टैप में होगा काम

WhatsApp Trick क्या आप जानते हैं वॉट्सऐप का इस्तेमाल केवल चैटिंग के लिए नहीं बल्कि बहुत से जरूरी कामों के लिए भी किया जा सकता है। अगर आप उन यूजर्स में से हैं जो अक्सर काम की फाइल्स को डिजिटली ठीक से संभालना भूल जाते हैं या किसी तरह की जानकारी को याद नहीं रख पाते हैं तो वॉट्सऐप का इस्तेमाल कर सकते हैं।

मेटा के पॉपुलर ऐप वॉट्सऐप का इस्तेमाल हर दूसरा यूजर करता है। क्या आप जानते हैं वॉट्सऐप का इस्तेमाल केवल चैटिंग के लिए नहीं बल्कि बहुत से जरूरी कामों के लिए भी किया जा सकता है।

अगर आप उन यूजर्स में से हैं जो अक्सर काम की फाइल्स को डिजिटली ठीक से संभालना भूल जाते हैं या किसी तरह की जानकारी को याद नहीं रख पाते हैं तो वॉट्सऐप का इस्तेमाल कर सकते हैं।




**वॉट्सऐप को गूगल ड्राइव की तरह करें इस्तेमाल**

कई बार हम चीजों को भूल जाने के आदी होते हैं। किसी दोस्त के जन्मदिन की तारीख हो या कोई काम का डॉक्यूमेंट वॉट्सऐप के जरिए सब को संभाल कर रखा जा सकता है।

गूगल ड्राइव की जगह काम की जरूरी फाइल्स को आप वॉट्सऐप के जरिए संभाल कर रख सकते हैं।

**वॉट्सऐप को गूगल ड्राइव की तरह कैसे करें इस्तेमाल**

वॉट्सऐप का इस्तेमाल हम अक्सर दूसरों से चैट करने के लिए करते हैं, लेकिन क्या आपने कभी खुद का मैसेज किया है। जी हां, यह सुनने में थोड़ा समझ से बाहर लग रहा होगा, लेकिन ये तरीका आपके काम का हो सकता है। चीजों को संभाल कर रखने के लिए आप खुद को मैसेज कर सकते हैं।

**वॉट्सऐप पर कैसे खोजें अपना नंबर**

अगर आपने खुद के फोन में अपने नाम से नंबर सेव किया होगा तो वॉट्सऐप पर खुद को खोजा जा सकता है। आप वॉट्सऐप कॉन्टेक्ट्स में खुद को रूद्म नेम से पाते हैं।

जैसे ही आप चैट बॉक्स पर क्लिक करते हैं, दूसरी चैट की तरह खुद को भी मैसेज कर सकते हैं। खुद को काम की जरूरी फाइल सेंड करने से लेकर याद रखने वाली किसी जानकारी को टाइप कर रख सकते हैं।

## नए महीने में टीसीएस, डीमैट और जन्म प्रमाण पत्र से जुड़े नियम बदले



**नई दिल्ली।** नई तिमाही की शुरुआत के साथ 1 अक्टूबर 2023 से कई नए नियम बदल रहे हैं। ये नियम हम सभी को प्रभावित करने वाले हैं। ऐसे में उनकी जानकारी जरूरी है।

अक्टूबर महीने की शुरुआत के साथ ही हम एक नई तिमाही में प्रवेश कर रहे हैं। नई तिमाही की शुरुआत के साथ 1 अक्तूबर 2023 से कई नए नियम बदल रहे हैं। ये नियम हम सभी को प्रभावित करने वाले हैं। ऐसे में उनकी जानकारी जरूरी है।

म्यूचुअल फंड खातों में नॉमिनी जोड़ने की आखिरी तारीख 30 सितंबर 2023 की तय की गई थी। ऐसे में एक अक्तूबर से जिन खातों में नॉमिनी नहीं जोड़ा जाएगा उन्हें डेबिट फ्रीज किया जा सकता है।

क्रेडिट कार्ड पर 7 लाख रुपये से अधिक के विदेशी खर्च पर एक अक्तूबर से 20 प्रतिशत टीसीएस लगेगा। हालांकि, अगर इस तरह का खर्च चिकित्सा या शैक्षिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है, तो टीसीएस पांच प्रतिशत ही लगाया जाएगा। विदेशों में शिक्षा के लिए ऋण लेने वालों के लिए सात लाख रुपये की सीमा से ऊपर 0.5 प्रतिशत की दर से टीसीएस देना होगा।

# इस हफ्ते में खुल रहे हैं वैलिएंट लेबोरेटरीज समेत कई कंपनी के आईपीओ

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लिस्ट होने के लिए कंपनी निवेशकों के लिए आईपीओ खोलती है। आईपीओ में निवेश की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कंपनी अपने शेयर स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट होते हैं। कल से शुरू होने वाले कारोबारी हफ्ते में कई कंपनी अपने आईपीओ खोल रहे हैं। अगर आप भी शेयर बाजार में निवेश करते हैं तो जानिए कि कौन-सी कंपनी अपना आईपीओ खोल रही है।

कल से अक्टूबर माह का पहला कारोबारी हफ्ता शुरू होगा। जब भी कोई नया महीना शुरू होता है तो उसमें कई वित्तीय बदलाव होते हैं। इस हफ्ते कई कंपनी अपना आईपीओ खोल रही है। शेयर बाजार में आईपीओ का सिलसिला अभी भी थमा नहीं है। इस हफ्ते भी बाजार में जोर-दार हलचल देखने को मिल सकती है।

आइए, आज हम आपको उन कंपनियों के आईपीओ के बारे में बताते हैं जो इस हफ्ते निवेशकों के लिए आईपीओ खोल रही है।

**वैलिएंट लेबोरेटरीज आईपीओ**

वैलिएंट लेबोरेटरीज का




आईपीओ निवेशकों के लिए 27 सितंबर 2023 को खुला था। यह आईपीओ 3 अक्टूबर को बंद हो जाएगा। कंपनी ने अपना आईपीओ का प्राइस बैंड 133 रुपये से 140 रुपये निर्धारित किया है। कंपनी के शेयर इस महीने स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

**प्लाज़ा वायर्स आईपीओ**

प्लाज़ा वायर्स ने निवेशकों के लिए अपना आईपीओ 20 सितंबर 2023 को खोल दिया था। कंपनी के आईपीओ में निवेश करने की आखिरी तारीख 4 अक्टूबर 2023 है। कंपनी ने अपने आईपीओ का प्राइस बैंड 51 रुपये से 54 रुपये तय किया है। कंपनी के आईपीओ पहले दिन 4.73 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

**अन्य कंपनी के आईपीओ**

अगर आप शेयर बाजार में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं तो आपको बता दें कि उप्युक्त आईपीओ के अलावा कई एसएमई कंपनी के आईपीओ निवेशकों के लिए खुल रहे हैं।

गोयल साल्ट, सुनीता टूल्स का आईपीओ निवेशकों के लिए 3 अक्टूबर 2023 को बंद होगा। यह




आईपीओ 26 सितंबर को खुला था।

इस हफ्ते 3 अक्टूबर 2023 को ई फैक्टर एक्सपीरियंस, विन्यास इनोवेटिव टेक्नोलॉजीज और कैनरी ऑटोमेशन का आईपीओ बंद होगा। यह आईपीओ 27 सितंबर को खुला था। विवा ट्रेड कॉम, आकांक्षा पावर एंड इंफ्रास्ट्रक्चर का आईपीओ 29 सितंबर 2023 को खुला था। यह आईपीओ 4 अक्टूबर 2023 को बंद हो जाएगा। विष्णसूर्या प्रोजेक्ट्स एंड इंफ्रा, प्लाडा इन्फोटेक सर्विसेज और कर्णिका इंडस्ट्रीज का आईपीओ 29 सितंबर को खुला था और 5 अक्टूबर 2023 को बंद होगा।

यह शेयर होंगे लिस्ट

इस कारोबारी हफ्ते वैभव ज्वैलर्स, जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर, मंगलम अलॉयज, ऑर्गेनिक रीसाइक्लिंग सिस्टम, डिजीकोर स्टूडियो, साक्षी मेडटेक और पैनल्स और इंस्पायर फिल्म के स्टॉक बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। इसका मतलब है कि इन कंपनी के शेयर बाजार में ट्रेड करेंगे।

## आज से महंगा मिलेगा कमर्शियल गैस सिलेंडर

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि की घोषणा की है। सूत्रों के मुताबिक, रविवार यानी एक अक्तूबर से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 209 रुपये बढ़ जाएगी। इस बढ़ोतरी के साथ दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 1731.50 रुपये में मिलेगा। बता दें, एक सितंबर को तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में 158 रुपये की कटौती की थी। इसके बाद दिल्ली में 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत घटकर 1,522 रुपये हो गई थी। अगस्त महीने की शुरुआत में भी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 99.75 रुपये की कटौती की थी।

इस तरह, पिछले दो महीनों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में करीब 258 रुपये की कटौती की गई थी।

## बाजार अफवाहों के सत्यापन को लेकर नए नियमों की समयसीमा बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेबी के द्वारा बाजार अफवाहों को रोकने के लिए सख्त हुए नियमों पर लिस्टेड कंपनियों को कुछ राहत मिल गई है। सेबी ने इन नियमों की समय सीमा बढ़ा दी है।



भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयर बाजार में जारी अफवाहों से स्टॉक पर पड़ने वाले असर को देखते हुए सूचीबद्ध कंपनियों को राहत दी है। सेबी ने रविवार को इन इकाइयों के लिए सख्त नियमों की समय सीमा बढ़ा दी है, ताकि वह इन अफवाहों का समय पर सत्यापन कर सकें।


सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के तहत इन नियमों ने बाजार पूंजी के लिहाज से शीर्ष 100 सूचीबद्ध इकाइयों पर एक अक्तूबर, 2023 से प्रभावी होना था। इसी तरह बाजार पूंजी के लिहाज से शीर्ष 250 सूचीबद्ध कंपनियों को अनिवार्य रूप से बाजार की अफवाहों का सत्यापन और पुष्टि, खंडन या स्पष्टीकरण करना था।

अब, सेबी ने बाजार पूंजी के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध संस्थाओं के लिए नए नियमों को लागू करने की तारीख को एक फरवरी, 2024 तक और बाजार पूंजी के लिहाज से शीर्ष 250 सूचीबद्ध संस्थाओं के लिए एक अगस्त, 2024 तक बढ़ाने का फैसला किया है।

# एमसी स्क्वायर ने एक और हरियाणवी हिप हॉप मास्टरपीस माशूका लॉन्च किया

**लखनऊ।** मशहूर हरियाणवी हिप हॉप सेनसेशन एमसी स्क्वायर अपने लेटेस्ट रिलीज माशूका के साथ एक बार फिर संगीत जगत में धूम मचाने के लिए वापस आ गए है। हरियाणा के लोक संगीत, विशेष रूप से रागनी, में अपनी जड़ों के प्रति सच्चे रहते हुए, एमसी स्क्वायर इस पारंपरिक शैली में एक कंटेम्परेरी ट्विस्ट दिया है, जो कि इसे म्यूजिकल मास्टरपीस बनता है। ये दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है, यह एक ऐसा मिश्रण है जो कल्चरल बाउंड्री को पार करने के लिए तैयार है।

माशूका एक म्यूजिकल जर्नी है जो एकतरफा प्यार की एक सम्मोहक स्टोरी को बयां करती है, जहां एक युवक अपनी प्रेमिका का प्यार जीतने के लिए अपना दिल खोल देता है। एमसी स्क्वायर के हार्ट हीटिंग रैप के बोल एक शानदार कहानी बयां करते हैं, जिसमें वह अपनी प्रेमिका का




ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करने और प्यार की तलाश में अपनी कार में अनगिनत घंटे बिताने के संघर्ष को व्यक्त करता है।

हरियाणवी और हिप हॉप एलिमेंट्स के अपने सिग्नेचर ब्लेंड के साथ, एमसी स्क्वायर एक ऐसा ट्रैक पेश किया है है जो न केवल भावनात्मक रूप से गूंजता है बल्कि बेहद आकर्षक भी है। माशूका एक चार्ट-टॉपिंग हिट बनने की ओर अग्रसर है जो ट्रेडिशनल और मॉर्डननिटी के बीच की खाई को पाटता है, जो सीमाओं से परे संगीत तैयार करने के लिए एमसी स्क्वायर की बेजोड़ प्रतिभा को प्रदर्शित करता है।

अपने नए ट्रैक के बारे में उत्साहपूर्वक बात करते हुए एमसी स्क्वायर ने कहा, ÷सबसे पहले मैं लाडो के लिए मिले प्यार से अभिभूत हूं। माशूका के साथ, यह एक भावनात्मक यात्रा है। यह प्यार की निरंतर खोज और उस रिलेशन को बनाने के लिए हम किस हद तक जाने को तैयार हैं, इसके बारे में है। यह मेरी सिग्नेचर स्टाइल, हरियाणवी जड़ों के साथ-साथ मॉर्डन हिप हॉप का मिश्रण है जो मुझे प्रभावित करता है। मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि मेरे फैंस इस फ्यूजन का एक्सपीरियंस करे।

## स्वच्छ सारथी क्लब के अंतर्गत रैली निकाली गयी



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सेवा समिति बनवारी लाल इंटरमीडिएट कॉलेज देवरिया में प्रधानाचार्य डॉ अजय मणि त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तत्वावधान में स्वच्छ सारथी क्लब के अंतर्गत एक रैली निकाली गई, एवं विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गयी। उक्त अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ अजय मणि त्रिपाठी ने मृजया रक्ष्यते रूपम, विद्या योगेन रक्ष्यते सूक्ति के माध्यम से स्वच्छता एवं योग पर बल दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आवाहन किया, कि वे अपने व्यक्तिगत, सार्वजनिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखकर एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं, और समाज को रोग मुक्त बनाने में मदद कर सकते हैं।

### परिषदीय विद्यालयों में चला स्वच्छता अभियान

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सेवा पखवाड़ा के क्रम में स्वच्छ शहर स्वच्छ गांव बनाने हेतु प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से *स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान* करने का आह्वान किया गया जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के लिए उनकी जयंती के पूर्व संध्या पर एक स्वच्छंजलि होगी। स्वच्छता के लिए श्रमदान के क्रम में *कंपोजिट विद्यालय बटुलही* विकास क्षेत्र बैतालपुर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यालय में शिक्षक एवं छात्र, छात्राओं द्वारा विद्यालय के कक्ष एवं परिसर को साफ सफाई किया गया। विद्यालय परिसर में एकत्र एवम कूड़ा प्लास्टिक को जलाकर नष्ट किया। तत्पश्चात बच्चों में मिष्ठान, फल का वितरण हुआ। संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक मीरा देवी ने बच्चों को प्लास्टिक से बने किसी भी वस्तु को प्रयोग करने से मना किया।

## नपाध्यक्ष ने टीम के साथ किया श्रमदान

### पीएम के जन्मदिवस से गांधी जयंती के बीच मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो



नगर में सफाई अभियान चलाते नपा अध्यक्ष विनय जायसवाल

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से गांधी जयंती के बीच मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के क्रम में रविवार को पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष विनय जयसवाल की अगुवाई मे सफाई महाभियान संकल्प के साथ नगर के मानस कॉलोनी स्थित श्री बुढ़िया माता मंदिर परिसर में श्रमदान किया। इस दौरान मंदिर क्षेत्र में झाड़ू लगाने के अलावा नवनिर्मित छठ घाट सीढ़ियों की धुलाई व सफाई, झाड़ियों की कांटछांट भी की गई।

नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि शासन से मिले निर्देश के अनुपालन में शनिवार को नगरपालिका बोर्ड बैठक आहूत कर सर्वसम्मति से नगर को पूर्ण स्वच्छ और स्वास्थ्य बनाने के उद्देश्य से सफाई महाभियान से सम्बंधित प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही सभी सभासदों के साथ सफाई महाभियान को लेकर शपथ भी ली गयी। पीएम मोदी के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर उन्होंने कहा कि स्वयं देश के मुखिया ने हाथ मे झाड़ू लेकर भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने का बीड़ा उठाया है जिसे नगर की गली गली तक सफल बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगरपालिका सफाई अनुभाग की विशेष टीम का गठन कर हर वार्ड में इस अभियान की सफलता के लिए पूरे नगरपालिका तंत्र को लगाया गया है। अध्यक्ष ने सेवा पखवाड़ा के तहत 154 घण्टे के सफाई महाभियान को प्रभावी ढंग से गली गली तक पहुंचाए जाने के लिए नपा के सफाई नायकों और सफाई सेवकों की लगन और कर्मठता को भी सराहा। कार्यक्रम के दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से ईओ सन्तराम सरोज, सफाई निरीक्षक रियाजुद्दीन, रवि प्रताप सिंह, सफाई नायक अनिल मौर्य, अरुण सिंह, अब्दुल लतीफ, घनश्याम, अनिल रावत, दिनेश चौधरी, सुनील के अलावा अरुण सिंह, नीरज गोंड, सन्तोष चौहान, राजेश जायसवाल, मानस मिश्र, आकाश वर्मा, कुंदन सिंह, अंकित पटेल, विशाल गुप्ता, विशाल श्रीवास्तव, अभय तिवारी, आदर्श जायसवाल, पंकज सिंह, शुभम सिंह मंथन, नीरज मिश्र, भरत चौधरी, जयप्रकाश मद्धेशिया के अलावा नपा के अन्य कर्मचारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कसया के इंस्पेक्टर व हाईवे चौकी प्रभारी सहित पांच पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

अवधनामा ब्यूरो

- बारह रविअव्वल के दिन जुलूस के दौरान लापरवाही पर हुई कार्रवाई

**कुशीनगर।** ईद मिलादुन्नबी पर बृहस्पतिवार को कसया में निकले जुलूस में हुए उपद्रव के मामले में शुक्रवार की देर रात कसया थाने के इंस्पेक्टर, हाईवे कसया चौकी इंचार्ज, एसआई, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया। जुलूस के दौरान लापरवाही पर एसपी धवल जायसवाल ने यह कार्रवाई की है। वहीं, उपद्रव करने वालों की तलाश में बृहस्पतिवार को रात भर पुलिस ने दबिश दी। मामले में पुलिस ने 16 नामजद सहित कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। शुक्रवार को पुलिस ने 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें से आठ नाबालिग हैं।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि कसया थाने के इंस्पेक्टर डॉ आशुतोष तिवारी, कसया के हाईवे चौकी प्रभारी शशांक राय, एसआई धीरेंद्र वर्मा, हेड कांस्टेबल दिवाकर मिश्रा और कांस्टेबल जितेंद्र खरवार को लाइन हाजिर किया गया है। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर कसया के गोला बाजार में बृहस्पतिवार को हुए उपद्रव में पुलिस ने 16 नामजद सहित कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने छह और लोगों को चिह्नित किया है। गोला बाजार और बगल के राम जानकी मठ पर दो थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गई है। हालांकि, वहां माहौल शांतिपूर्ण बना हुआ है। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर कसया नगर में बृहस्पतिवार को निकले जुलूस के दौरान गोला बाजार में हुए उपद्रव और पथराव के मामले में अभी उपद्रवियों की धर-पकड़ जारी है। वहीं घटनास्थल पर दो थानों प्रभारियों के साथ पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। वहां स्थिति में सुधार है। रोज की भांति नगर में सभी दुकानें खुली रहीं। पुलिस ने इस मामले में पूरी रात लोगों की धर-पकड़ के लिए दबिश जारी रखी तो वहीं कुछ लोग घर छोड़कर भागे हुए हैं। पत्थरबाजी के दौरान वायरल हुए वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस इस मामले से संबंधित व्यक्तियों की तलाश कर रही है। इस मामले में प्रिंस जायसवाल की तहरीर पर पुलिस 17 नामजद और करीब 25 अज्ञात लोगों पर धार्मिक उन्माद से संबंधित व अन्य विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई है। नगर के पिपरिया, नौका टोला, कसया, राम जानकी नगर में छापा मारकर उपद्रव में शामिल लोगों को पकड़ा गया है, जबकि कुछ लोगों का कहना है कि जिस तरह पुलिस की मौजूदगी नगर के प्रमुख जगहों पर हुई है, इसी तरह त्योहार के दिन भी चौकन्ना रही होती तो इस तरह की घटना नहीं होती। प्रशासन ने तभी रोक दिया होता तो बवाल यहां तक नहीं पहुंचता। घटना में शामिल लोगों की जांच पड़ताल की जा रही है। इस संबंध में कसया के सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि मामले में 19 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, उनमें आठ नाबालिग हैं।

## आईजीआरएस निस्तारण में रुचि न लेने पर डीएम ने ईओ का वेतन रोका

अवधनामा ब्यूरो

- पडरौना व तमकुहीराज के ईओ पर डीएम ने की कार्यवाई

**कुशीनगर।** आईजीआरएस के मामलो में निस्तारण हेतु रुचि न लेने वाले अधिकारियों का जिलाधिकारी ने वेतन बाधित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस मामलो के निस्तारण में किसी भी स्तर से लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

उन्होंने बताया कि आईजीआरएस निस्तारण आख्या अपलोड किए जाने हेतु दूरभाष के माध्यम से अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पडरौना/नगर पंचायत छितौनी तथा अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत तमकुहीराज को अवगत कराया गया। अवगत कराए जाने के बाबजूद भी संदर्भो का निस्तारण ससमय नहीं किया गया। संदर्भो के निस्तारण न किए जाने पर कार्यालय से पुनः निर्देशित किया गया कि दिनांक 26.09.2023 को प्रातः 10:00 बजे (जनता दर्शन) में निस्तारण आख्या के साथ उपस्थित हो। परन्तु उक्त तिथि को निस्तारण आख्या के साथ उपस्थित नहीं हुए।

आईजी0आर0एस0 जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में रूचि न लेने व शासकीय कार्यो में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने तथा उच्च अधिकारी के आदेशों के अवहेलना का दोषी मानते हुए अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद पडरौना/नगर पंचायत छितौनी तथा अधि0 अधि0 नगर पंचायत तमकुहीराज जनपद कुशीनगर का अग्रिम आदेश तक वेतन बाधित किया गया है।

### रिश्वत लेते चकबंदी लेखपाल विडियो वायरल मामले में निलंबित

बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी आलोक कुमार ने बताया कि अरविन्द कुमार चौरसिया, चकबन्दी लेखपाल के सम्बन्ध में बीते 29 सितम्बर को सोशल मीडिया में रिश्वत लेते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें लेखपाल किसी व्यक्ति से रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रहा है। यह घटना अत्यधिक गम्भीर है तथा इससे विभाग की छवि धूमिल हो रही है। उक्त घटना का संज्ञान लेकर तत्काल प्रभाव से आरोपी राजस्व लेखपाल अरविन्द कुमार चौरसिया को निलम्बित कर दिया गया। निलम्बन अवधि में अरविन्द कुमार चौरसिया बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी न्यायालय (कलेक्ट्रेट कुशीनगर) में सम्बद्ध रहेंगे। उपरोक्त प्रकरण की जॉच हेतु चकबन्दी अधिकारी, कसया विनय प्रकाश श्रीवास्तव को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो अपनी जांच पूर्ण कर एक पक्ष में अपनी जॉच आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

### वृद्ध महिला को मिला ज़रूरत का सामान

**गोरखपुर।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धाजन दिवस पर सभी बुजुर्गों को चरण वंदन तथा अच्छे जीवन की इंडियन ह्यूमन राइट संगठन द्वारा शुभकामनाएं दी गई । रविवार को दीवान बाजार निवासी सुहागिन देवी को पूर्व मेयर डॉक्टर सत्या पांडे के नेतृत्व में वृद्ध महिला को अंगवस्त्र साड़ी ,रसद सामग्री,आटा, चावल ,आलू प्याज आदि एवं खाने का सामान वितरित किया गया। इस पुनीत कार्य के लिए पूर्व मेयर श्रीमती सत्या पांडे जी का इंडियन ह्यूमन राइट ऑर्गनाइजेशन की तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद आभार ज्ञापित किया गया। किसी गरीब परेशान व असहाय लोगों की मदद के लिए संगठन हर समय मदद करने के लिए तैयार रहता है । संगठन इसी तरह का देश हित में समाज हित में कार्य करता चला आ रहा है। इस पुनीत कार्य में शामिल होने वाली मुख्य रूप सत्या पांडेय,इंडियन ह्यूमन राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद रजी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद शहाब हुसैन, महानगर अध्यक्ष अनिल जायसवाल, राजू शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष मेहदी हसन, डॉक्टर राशिद हुसैन, बदरुल हक ,मीडिया प्रभारी तनवीर आलम, फैसल हुसैन उपस्थित रहे।

## स्वच्छता अभियान के प्रति गांव-गांव मुहल्ले में आमजन को प्रेरित करें: मंत्री



श्रमदान करते प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद में स्वच्छता ही सेवा, कचरा मुक्त भारत, स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत रविवार पर जनपद के प्रभारी मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी जी के विचारों को साकार करने हेतु वर्ष 2014 में स्वच्छता अभियान की शुरुआत किया गया था। आज पूरे देश मे इस



कस्बा के एक विद्यालय परिसर में सफाई करते चेयरमैन व ईओ

को कुशीनगर नगर स्थित बुद्धा घाट रामाभार स्तूप से सटे ग्राम अनिरुद्धवा कसया में मंडलायुक्त गोरखपुर अनिल ढिंगरा, जिलाधिकारी कुशीनगर उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल, सीडीओ गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति उप्र सतीश चन्द्र शर्मा, सांसद विजय दुबे और विधायकगण कसया व फाजिलनगर द्वारा वृहद स्तर पर श्रमदान करते हुए साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर अभियान को चलाकर महात्मा गांधी जी के सपने को साकार करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में देश की आधी आबादी खुले में शौच करती थी, जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियों सहित इंसेफेलाइटिस से हर वर्ष हजारों की जान चली जाती थी, और आज हमे खुशी है कि मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान के परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि ये अभियान गांव-गांव, मुहल्ले में चलता रहे तथा हिरण्यवती नदी के सफाई का कार्य स्थानीय प्रशासन व जन सहभागिता से पूर्ण करा लिया जाय। सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि महात्मा गांधी जी का जो लक्ष्य था, उसे हम मजबूती के साथ निश्चित रूप से साकर करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के माध्यम से चरितार्थ कर ऐतिहासिक कार्य सम्पन्न किया। मण्डलायुक्त गोरखपुर अनिल ढींगरा द्वारा इस अवसर पर उपस्थित जन समूह को गंदगी दूर करने, स्वच्छता हेतु हर सप्ताह में 2 घण्टे का समय देने, अपने घर, परिवार, गांव, कार्यस्थल पर साफ सफाई रखने सहित अन्य को प्रेरित करने का शपथ दिलाया गया। इस अभियान की शुरुआत प्रभारी मंत्री सहित जन प्रतिनिधियों व जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई, तथा समस्त जन प्रतिनिधियों सहित डीएम एसपी, सीडीओ के साथ अन्य अधिकारियों द्वारा श्रमदान भी किया। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न तहसीलों में उपजिलाधिकारी पडरौना, तमकुहीराज, हाटा, कप्तानगंज एवं अन्य कर्मचारियों आदि द्वारा भारत कचरा मुक्त भारत स्वच्छता अभियान, स्वच्छता पखवाड़ा के दृष्टिगत श्रमदान देते हुए अपने अपने कार्यालयों सहित परिसर की साफ सफाई किया गया।

- प्रत्येक व्यक्ति का सप्ताह में दो घण्टे का समय स्वच्छता के लिए हो निर्धारित: कमिश्नर
- अपने आस-पास के स्थानों को स्वच्छ रखने सहित स्वास्थ्य के प्रति रहें सचेत: डीएम

### जल जीवन मिशन टीम ने किया जागरूक




स्वच्छता के प्रति जागरूक करते जलनिग्म की टीम

**कुशीनगर।** एक दिन, एक घंटा एक साथ चला स्वच्छता अभियान के तहत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान व विकासखंड नेबूआ नौरंगिया के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जिसमें सिरसिया कला, पीपरपाती, मठिया खुर्द, बभनौली, मोतीछपरा आदि सहित कई गांवों में कार्यक्रम आयोजित किया गया तो वही नेबूआ नौरंगिया विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायतो एवं राजस्व ग्रामो में जल जागरुकता के समस्त टीमों की गाड़ियो को खण्ड विकास अधिकारी उषा पाल और एडीओ पंचायत मोहन सिंह के कर कमरों द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए रवाना किया गया। इस कार्यक्रम के मौके उपस्थित सभी प्रशिक्षकों द्वारा सभी गतिविधियों जैसे जल प्रबंधन की बैठक, स्वच्छता संबंधी प्रदर्शनी की बैठक, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला तथा फिल्म प्रदर्शनी कार्यक्रमों द्वारा जन जागरूकता पर संक्षिप्त चर्चा हुई। वही योग्य प्रशिक्षको द्वारा ब्लाक परिसर में एक सामाजिक भौतिक मानचित्रण के माध्यम से जल संरक्षण व एफएचटीसी पानी सप्लाई आदि पर चर्चा हुई। वही कार्यक्रम का संचालन एडीपीसी राजीक अली व अंकुश सिंह, एडीपीसी अहमद खान, राजमंगल सिंह, हरिओम सिंह, आजाद खान, अरविंद यादव आदि के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

### चेयरमैन व ईओ ने श्रमदान कर चलाया सफाई अभियान

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** चेयरमैन, ई ओ व सभासदों द्वारा कस्बे के स्कूलों व मंदिरों में सफाई कर श्रमदान किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर रविवार को मथौली कस्बा के चौक चौराहों व सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों, मंदिरों पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान कर सफाई कार्य किया। चेयरमैन नवरंग सिंह ने कहा कि गांधी जी सफाई के प्रति लोगों को सदैव जागरूक किया करते थे। स्वच्छता से ही गांधी जी के सपनों को साकार किया जा सकता है। इस लिए हम सभी लोग सफाई पर विशेष ध्यान दे।

### भटनी रेलवे स्टेशन पर श्रमदान और पौधारोपण

**भटनी।** स्वच्छ भारत के निर्माण में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत भटनी रेलवे स्टेशन पर एक अक्टूबर एक घंटा एक साथ अभियान के तहत रेल कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित पार्क की सफाई के लिए श्रमदान किया गया। पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत भटनी बलराम जयसवाल ने श्रमदान से पूर्व पौधारोपण किया, नो टू सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए जागरूकता संदेश दिया और कॉटन बैगों का वितरण किया। शत्रुघ्न गुप्ता ,पर्यावरण संरक्षक पीपल, बरगद और पाकड़ का पौधा दान करते हुए बताए कि वर्तमान परिवेश में पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है इसका प्रमुख कारण पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और प्राकृतिक संशाधनों का अनियंत्रित दोहन है। यदि समय रहते कुछ करना है तो पौधारोपण और उसकी सुरक्षा पर जन जन को ध्यान देना पड़ेगा। विनोद श्रीवास्तव, पूर्व ब्रांड अम्बेसडर,स्वच्छ भारत मिशन भटनी ने कहा कि जब तक धरातल पर पर्यावरण की संरक्षा के लिए कार्य नहीं होगा।

## सरकार सभी लोगों के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है: सूर्य प्रताप शाही

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में आज ब्लॉक तरकुलवा अंतर्गत ग्राम पंचायत नारायणपुर में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने राज्य सरकार की विभिन्न विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर सत्यापन किया तथा ग्रामवासियों से संवाद भी किया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाएं बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। सरकार सभी लोगों के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है।

पीएम आवास योजना से गरीबों को अपना घर मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड से गरीबों का निःशुल्क इलाज हो रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। सरकार जन समस्याओं का निस्तारण के प्रति संवेदनशील है और यही वजह है कि समस्त जिला प्रशासन आज जनता की समस्याओं को निस्तारण के लिए ग्राम पंचायत में उपस्थित है। सदर सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की योजनाओं से सभी वर्गों का विकास हो रहा है। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कृषि मंत्री को बताया कि ग्राम पंचायत नारायणपुर के कुल आबादी 5,707 है। ग्राम पंचायत में वृद्धावस्था पेंशनरों की संख्या 198, विधवा पेंशनरों की संख्या 76, दिव्यांगजन पेंशनरों की संख्या 29, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत घरेलू गैस कनेक्शन प्राप्त करने वाले लोगों की संख्या 670 है। इससे पूर्व कृषि मंत्री ने फीता काटकर जन चौपाल स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित स्थलों का निरीक्षण किया तथा 2 वर्षीय बच्चे का अन्नप्राशन किया।

## वृक्षारोपण कर लोगो को दिया गया जागरूकता का संदेश




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** 11 एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा की मौजूदगी में रीजनल रिस्पांस सेंटर आरआरसी गोरखपुर के निरीक्षक गोपी गुप्ता की अगुवाई में आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर ज्योति इंटर कालेज नाहरपुर के प्रांगण में शुक्रवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम के द्वारा लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। एनडीआरफ के निरीक्षक गोपी गुप्ता ने बताया की आज वृक्षारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता को बढ़ाना है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करने की अपील की जिससे पर्यावरण को साफ एवं स्वच्छ रखा जा सके। इस दौरान एनडीआरफ के निरीक्षक राम यज्ञ शुक्ला, उपनिरीक्षक जयप्रकाश कुमार, एवं अन्य रेस्क्यूर, एवं ज्योति इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य रवि प्रकाश यादव , अध्यापक इम्तियाज हुसैन खान, रश्मि सिंह ,मधु उपाध्याय ,अजय कुमार यादव ,गीतू कुमारी,अमरेन्द्र कुमार एवं अन्य अध्यापक और स्कूल के समस्त बालक एवं बालिकाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों को लगाया गया। बताते चलें की वृक्षारोपण अभियान सरकार द्वारा वातावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए लगातार चलाया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक लोगों को शामिल करके पृथ्वी की हरियाली को बढ़ाने का भरसक प्रयास किया जा रहा हैं। कार्यक्रम के द्वारा जितने अधिक पेड़ पौधे होंगे उतना ही अच्छा वातावरण बना रहेगा।

## दवा के साथ पौष्टिक आहार से शीघ्र स्वस्थ हो रहे है टीबी रोगी: सीएमओ

अवधनामा संवाददाता



### टीबी मरीजों को इन्हों ने लिया गोद

गोद लेने में प्रमुख रूप से सर्जन डॉ सूर्यभान कुशवाहा, डॉ सुधीर तिवारी, डॉ राजेश मद्धेशिया , सुनील कुमार, अमित श्रीवास्तव, एबीएसए जयप्रकाश मौर्य, एडीओ पंचायत अनवारुल हक, एलटी अखिलेश सिंह, सन्तोष सिंह, चीफ फार्मासिस्ट सत्येन्द्र मिश्र, अनिरुद्ध चौरसिया, आदित्यनाथ सिंह, डॉ फैजल अब्बास, डॉ अहमद सरफराज, डॉ नेहा खरे, डॉ रागिनी मिश्रा, डॉ दीपक मिश्र, डॉ मधु, डॉ धर्मेंद्र अमन प्रमुख रहे।

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम व प्रधानमंत्री के 2025 तक टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत रविवार को नगर पंचायत मथौली में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयुष्मान भव कार्यक्रम में 21 निक्षय मित्रो द्वारा कुल 51 टीबी रोगियों को पोषण की पोटली दी गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी कुशीनगर डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि टीवी बीमारी के मरीजों की 6 माह तक दवा चलता है निक्षय मित्र बनकर हम सभी को टीवी रोगियों को पौष्टिक आहार देना चाहिए। टीबी रोगी दवा के साथ पौष्टिक आहार लेने से शीघ्र स्वस्थ होता है। उन्होंने ने कहा कि आप सभी के सहयोग से ही प्रधानमंत्री जी के टीबी मुक्त भारत 2025 के सपने को साकार कर सकते है। विशिष्ट अतिथि डीटीओ डॉ. एस.एन.त्रिपाठी ने कहा कि निक्षय मित्र बनकर इस बीमारी के मरीजों की सेवा कार्य में आगे आए । टीबी रोगियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को। निभाए एवं साथ ही टीबी रोगियों के परिवार जनों के जांच कराने हेतु प्रेरित करे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी चिकित्साधिकारी मोतीचक डॉ. राजेश कुमार मद्धेशिया ने कहा कि टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक आहार देना पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा की इस कार्य मे सभी सक्षम लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि आप सभी के सहयोग से हम टीबी मुक्त मोतीचक बनाने में अग्रणी रहेंगे। कार्यक्रम को सर्जन डॉ. सूर्यभान कुशवाहा, एमोटीसी डॉ. सुधीर तिवारी, व्यापार संघ के अध्यक्ष प्रमोद उर्फ टैम्पू जयसवाल, बीपीएम सुनील कुमार, एआरओ राकेश मद्धेशिया ने भी सम्बोधित किया।

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं: मनीष

### बीआरडी मेडिकल कॉलेज की टीम का रहा सराहनीय योगदान

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय सैंथवार स्वाभिमान मोर्चा के बैनर तले पडरौना में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। शिविर में मेडिकल कालेज के चिकित्सकों की टीम का सहयोग सराहनीय रहा। रविवार को नगर के कटकुइयाँ मोड़ स्थित कैलोरी रेस्टोरेंट में आयोजित शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पडरौना के विधायक मनीष जायसवाल ने कहा रक्तदान सभी दान से बड़ा होता है। संकट काल मे यही रक्त मानव जीवन की रक्षा करता है। विधायक श्री जायसवाल ने कहा ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए।

उन्होंने कहा राष्ट्रीय सैंथवार स्वाभिमान मोर्चा के सामाजिक सरोकार समाज मे दिखने लगा है। मोर्चा के कार्यकर्ताओं का उत्साह समाज के युवाओं को ऊर्जान्वित करेगा। विधायक ने रक्तदान करने वाले दानवीरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का योगदान गोरखपुर, बस्ती मण्डल ही नहीं प्रदेश के सभी जिलों में दिखने लगा है। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनूप सिंह, जूनियर शिक्षक संघ के मंत्री कुन्जेश्वर सिंह, मोर्चा के अनिल कुमार सिंह, रजनीश सिंह, सुधीर सिंह, राजेश मल्ल, उदयभान सिंह, शेषनाथ सिंह, देवव्रत सिंह, राघवेंद्र मल्ल, आभा पांडेय, रेणुबाला सिंह, सभासद पीयूष सिंह, अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह, डॉ व्यास सिंह, रत्नेश सिंह, उपेंद्र सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### इन्होंने किया रक्तदान

राष्ट्रीय सैंथवार स्वाभिमान मोर्चा के बैनर तले आयोजित रक्तदान शिविर में विशाल सिंह, नितेश कुमार सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, रेनुबाला सिंह, विंध्यवासिनी सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, गिरिजेश कुमार सिंह, लाल प्रताप सिंह, अभिनव कुमार सिंह आदि ने रक्तदान करके मानवता का महान कार्य किया।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में लिया हिस्सा, कहा

# स्वच्छता में ही ईश्वर करते हैं निवास



- साफ़ सुथरे और स्वच्छ समाज में ही स्वस्थ दिमाग विकसित होता है
- डॉ. राजेश्वर सिंह ने भाजपा कार्यकार्ताओं में भरा जोश

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रविवार को श्रमदान में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लिया। हजरतगंज स्थित लॉरेंस टेरेस कॉलोनी पार्क में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई कार्यक्रम में सहभागिता की और वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक ने लखनऊ को देश के स्वच्छतम शहरों में प्रमुख स्थान दिलाने हेतु अथक परिश्रम करने वाले स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया।

इस दौरान उन्होंने बताया कि गांधी जी ने कहा था स्वच्छता उतनी ही जरुरी है जितनी स्वतंत्रता है। स्वच्छता ईश्वर के समान है, जहां स्वच्छता होती है, वहां ईश्वर का वास होता है और जहां ईश्वर होते हैं, वही सुख, शांति और समृद्धि होती है। स्वच्छता सर्वेक्षण में साल 2017 में लखनऊ की रैंक 269 थी लेकिन 2021 में लखनऊ को देश में 12वां स्थान पर पहुंच गया। कूड़ा मुक्त शहरों में लखनऊ को थ्री स्टार रेटिंग है। 15 हजार से अधिक सफाईकर्मी जो हमारे कोरोना योद्धा भी है, उनका आभार। साथ ही विधायक ने बताया कि हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सिर्फ हम अपना घर साफ़ करके स्वस्थ नहीं रह सकते हमें अपनी सराउंडिंग और देश को भी साफ़ रखना होगा, साफ़ सुथरे और स्वच्छ समाज में ही स्वस्थ दिमाग विकसित होता है और एक स्वस्थ दिमाग ही देश के विकास में पूर्णरूप से सहयोग दे सकता है। आगे विधायक ने बढ़ते प्रदूषण के प्रति जागरूक होने के बारे में बताते हुए कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखना हमारा दायित्व है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ही सरोजनीनगर के स्कूलों में बच्चों को तारा शक्ति केंद्रों में बने इको फ्रेंडली बैग का वितरण निशुल्क किया जा रहा है ताकि आने वाली हमारी पीढ़ी सुरक्षित तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहे। कार्यक्रम में मा. विधान परिषद सदस्य उमेश द्विवेदी, विधायक पलिया, खीरी रोमी सहनी एवं आयकर महानिदेशक (अन्वेषण) उत्तर प्रदेश- उत्तराखंड रमेश नारायण परबन समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद उपस्थित रहे। **विधायक कार्यालय पर सम्मान समारोह:** भारतीय जनता पार्टी आदर्शों पर बनी पार्टी है, भारत को भविष्य की ओर ले जाने वाली पार्टी है, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित पार्टी है। भाजपा में कोई पद नहीं होता, यह दायित्व है, जनसेवा का, राष्ट्रोत्थान का। आज हमारे शीर्ष नेतृत्व के कारण ही भारत का विश्व में परचम लहरा रहा है। यह सब बातें सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहीं। मौका था विधायक के आशियाना आवास पर नवनियुक्त नवनियुक्त अध्यक्ष अवध क्षेत्र, जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष का स्वागत-सम्मान समारोह का। इस कार्यक्रम में डॉ. राजेश्वर सिंह ने अवध क्षेत्र अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को सम्मानित किया। साथ ही अपने उद्बोधन से पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में जोश भरा और भाजपा को आगामी चुनाव में विजयी बनाने का संकल्प लिया।

# भाषा विवि में स्थापना दिवस का आगाज





अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में स्थापना दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम का आगाज़ हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन. बी सिंह एवं सभी शिक्षकों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में एक घंटे का श्रमदान किया गया। तदोपरान्त माननीय कुलपति प्रो. सिंह द्वारा जिम्नेजियम में श्रीफल को फोड़ कर खेलकूद कार्यक्रमो का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रो. सिंह ने कहा कि खेल के बिना जीवन अधूरा है, खेलमय जीवन ही जागृति है और जीवन का सुधार है। इसीलिए कहते हैं जीवन दायित्व का खेल है और खेल में जीवन दायित्व की प्राण संजीवनी शक्ति है। खेल मनुष्य के हर अंश को स्वस्थ रखने का कार्य करता है। इसके बाद माननीय कुलपति जी ने जिम्नेजियम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ चेस और टेबल टेनिस खेला और स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्जलन बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला जी द्वारा माननीय कुलपति की अध्यक्षता में किया गया। उसके उपरांत विद्यार्थीयों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।साथ ही पुष्प गुच्छ, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अथितियों का स्वागत सम्मान किया गया। सत्रारंभ में बोलते हुए विशिष्ठ अतिथि श्री अजय कुमार सिंह, जोनल हेड, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज ने कहा कि भारत एक युवा राष्ट्र है। हमारी अर्थव्यस्था विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है। ज्ञान की शक्ति को बढ़ाने के लिए हैप्पीनेस को बढ़ाना होगा। हमे अपना इकोसिस्टम स्वस्थ विकसित करना चाहिए। वहीं दूसरे विशिष्ठ अतिथि अरुण माथुर ऐलऐमऐ ने विश्वविद्यायों के विद्यार्थियों के लिए स्टार्टअप बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जॉब्स और व्यापार के बेसिक मंत्रों के बारे में बताया। माथुर ने कहा कि हम अपने व्यक्तित्व के मालिक हैं। हमें अपनी उद्यमिता को बढ़ाना होगा। माथुर, अध्यक्ष लखनउ मेनेजमेंट एसोसिएशन ने बताया कि तत्पश्चात कार्यक्रम में अपने वक्तव्य में बोलते हुए विशिष्ठ अथिति डीके वर्मा, स्टेट करियर काउंसलर ने बताया कि स्थापना दिवस मनोरंजन का नहीं संकल्प का दिवस है। हमें अपने आपको वर्तमान में जीना चाहिए। विद्यार्थियों को जॉब्स से अधिक कैरियर पर ध्यान देना चाहिए।



उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना नैरोबी केन्या में प्रवास के दौरान भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों, भारतीय मूल के सांसदों एवं अप्रवासी भारतीयों से भेंट की। आप सभी महानुभावों से देश एवं उत्तर प्रदेश में चल रही उत्तरोत्तर विकास यात्रा के बारे विस्तृत संवाद किया।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने वे पहले थे। इन्हें अपनाने से पूरे विश्व में शान्ति और सद्भाव स्थापित होगा, जिसकी आज बहुत आवश्यकता है। उनकी शिक्षा का अनुसरण ही गांधी जी के प्रति हम सभी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सत्य और अहिंसा के माध्यम से महात्मा गांधी के नेतृत्व में चला भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन विश्व के इतिहास में विलक्षण है। गांधी जी ने अपना पूरा जीवन देश और मानव सेवा में व्यतीत किया। चरखे, खादी और स्वदेशी के माध्यम से उन्होंने स्वावलम्बन और श्रम की गरिमा को रेखांकित किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि साफ-सफाई, ईश्वर की आराधना के समान है। इसलिए उन्होंने लोगों को स्वच्छता अपनाने की शिक्षा दी। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती पर उनका आदरपूर्वक स्मरण करते हुए प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शास्त्री जी की जयन्ती की पूर्व संध्या पर आज यहां जारी एक सन्देश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने आजादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई। शास्त्री जी ने देश को यशस्वी नेतृत्व भी प्रदान किया।

# मुकेश शर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मना



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, विधान परिषद सदस्य के जन्मदिन के अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारीयों, कार्यकर्ताओं और सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी ने विभूति खंड आवास पहुंचकर बधाई और शुभकामनाएं दी। आवास पर दिन भर वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकताओं का बधाई देने का तांता लगा रहा।

शुभकामना देने पहुंचे कार्यकताओं में महानगर नव नियुक्त अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, सुनील यादव, रामअवतार कनौजिया व मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी और उपस्थित सभी में लड्डू वितरण किया। प्रातः मुकेश शर्मा ने हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया उसके बाद सदर कैंट गुरुद्वारा में मत्था टेका और गुरु वाणी सुनने के पश्चात लंगर में सेवा की और प्रसाद ग्रहण किया। महानगर उपाध्यक्ष विवेक सिंह तोमर, अशोक तिवारी, टिंकू सोनकर, जया शुक्ला, नगर मंत्री अमोद कुमार, कोषाध्यक्ष हेमंत दयाल, कार्यालय मंत्री दीपू शुक्ला व युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सीता नेगी, महामंत्री रीना चौरसिया, नगर मंत्री उन पांडे, लखविंदर सिंह के साथ बड़ी संख्या में पहुंची महिला कार्यकताओं ने भी शुभकामना प्रदान करते हुए लंबी उम्र की लिए प्रार्थना की।

मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, अजय सोनी, सत्येंद्र सिंह, विनायक पांडे, शैलेंद्र सिंह डब्बू, सचिन वैश्य ने गणेश प्रतिमा भेंट कर दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की। प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओपी श्रीवास्तव,नगर निगम बोर्ड उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता,पार्षद रणजीत सिंह, मानसिंह, शिवपाल सांवरिया, भूपेंद्र सिंह, संतोष राय ने माता की चुनरी उढा कर राम दरबार चित्र भेंट किया।

युवा मोर्चा महामंत्री अभिषेक गुप्ता और अमित त्रिपाठी ने अपने साथियों के साथ बड़ी माला पहनाई और युवा मोर्चा कार्यकताओं ने जगह-जगह गरीबों व जरूरतमंदों में भजन व फल वितरण किया और लड्डू बांटे।

## ऐशबाग प्रशिक्षण केंद्र पर श्रमदान किया गया



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 1/10/23 को एनई रेलवे मजदूर यूनियन के पदाधिकारीयों द्वारा ऐशबाग रेलवे स्टेशन, ऐशबाग प्रशिक्षण केंद्र पर श्रमदान किया गया और स्टेशन और कर्मचारियों को सफाई के प्रति जागरूक किया और उन्हें स्टेशन साफ रखने के लिए शपथ एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के पदाधिकारीयों द्वारा दिलाई गयी मंडल मंत्री आर एन गर्ग ने कहा की रेल भारतीय नागरिक की सम्पति है इसे साफ स्वछ रखना हमारी ज़िम्मेदारी है और स्टेशन पर डस्टबिन की संख्या बढ़ाने के लिए प्रशासन को पत्र लिख कर मांग की जाएगी इस अवसर पर मोहम्मद नसीम ने बताया की आल इण्डिया स्तर पर एन ई रेलवे मजदूर यूनियन सफाई अभियान चला रही है जिससे हमारे देश के स्टेशन अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहोच जाये अभियान मे मंडल मंत्री आर एन गर्ग, आर डी यादव,मनोरंजन यादव, अरविन्द वर्मा, मोहम्मद नसीम, सरोज कुमार, अनिल कुमार, आशीष मिश्रा जीतेन्द्र यादव, भईया लाल, राम नरेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## कर्बला मुजफ्फर अली में महफिल व मस्जिद तिब्बती में जश्ने सादेकीन आज

**लखनऊ।** फलक से दुरुद सलाम आ रहे है, रसूल आ रहे हैं इमाम आ रहे हैं। पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब (स.) व हजरत इमाम जाफर सादिक (अ.स.) की विलादत की पूर्व संध्या पर कर्बला मुजफ्फर अली मदरसा गोसाईगंज में सोमवार को दोपहर 3 बजे जुलूस-ए-मोहम्मदी (स.) व जश्ने इमाम जाफर-ए-सादिक (अ.स) का आयोजन किया जाएगा। महफिल का आगाज तिलावते कलाम पाक से कारी यूनुस अब्बास करेंगे। महफिल को मौलाना सैफ अब्बास नकवी खिताब करेंगे। इसके बाद शायर अपने कलाम पेश करेंगे। इसी तरह तिब्बती मस्जिद बाग मक्का में सोमवार को शाम 7 बजे जश्ने सादेकीन शीर्षक से एक महफ़िल का आयोजन होगा। जश्ने का आगाज तिलावते कलामे पाक से कारी सलमान रिजवी व संचालन अफजल अब्बास काजमी करेंगे। जश्ने महफिल को मौलाना सैफ अब्बास नकवी खिताब करेंगे।

# गंगा समग्र अवध प्रांत गोमती की दारुल सभा लखनऊ में बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** गंगा समग्र अवध प्रांत की गोमती भाग की बैठक दारुलशफा लखनऊ में आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष ने मां गंगा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं से समाज में जनजागरण कर सभी जलतीर्थ व नदियों को स्वच्छ व निर्मल बनाने के लिए समाज को जगाए जाने की अपील।

उन्होंने गोमती नदी को बचाने के लिए सरकार व समाज को मिलकर कार्य करने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि गंगा को निर्मल रखने के लिए गोमती व सहायक नदियों को साफ रखना होगा क्योंकि यह सभी नदिया अंत में गंगा जी में मिलकर सभी शहरों का कचरा गंगा में डाल देती हैं गंगा समग्र सभी नदियों को अविरल व निर्मल बनाने के लिए बीड़ा उठाया है।हमें आशा है कि कुछ दिनों में हम इसमें सफलता कर लेंगे। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी जिलो से आए कार्यकर्ताओं से जिले में अपने संगठन की समितियां बनाकर सभी जलतीर्थो नदियों झीलों तालाबों सरोवर को कब्जा मुक्त व प्रदूषण मुक्त करने के लिए संगठित रूप से कार्य करने का आवाहन किया।आज की बैठक का सफल संचालन आयोजक गोमती भाग संयोजक अनुराग पाण्डेय ने किया।इस कार्यक्रम में सभी जिला संयोजक ने राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री रामाशीष जी को अंग वस्त्र पुष्पगुच्छ व पट्टिका देकर सम्मानित किया। भाग संयोजक अनुराग पांडे ने सभी जिला संयोजक को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में मुख्य रुप से बाराबंकी जिला संयोजक विवेक त्रिवेदी सह-संयोजक अमित बाजपेई लखनऊ महानगर दक्षिण भाग के संयोजक रुद्र देव दुबे ग्रामीण जिला संयोजक अवधेश तिवारी लखीमपुर सह जिला संयोजक आदर्श जी उपस्थित रहे।

# द एमएसजी फाउंडेशन ने गरीब बच्चों साथ मनायी गाँधी जयंती





- पत्रकार वकार रिजवी की याद में मेडिकल कैंप का आयोजन
- द एमएसजी फाउंडेशन ने निशुल्क मैडिकल कैंप एवं हेल्थ चेकअप कराया

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा गाँधी जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया और इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार वक़ार रिज़वी की याद में निशुल्क मैडिकल कैंप लगाया गया और लोगों को मुफ्त दवाएं वितरित की गई वहीं मेडिकल कैंप में लोगों का चेकअप भी फ्री किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अमील शम्सी प्रदेश उपाध्यक्ष बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा, हुर अब्बास समाज सेवी, आलम रिज़वी पत्रकार, फरहीन फातिमा समाज सेविका, अली मोहम्मद, खलील अहमद आदि मौजूद रहे। इस मेडिकल कैंप में डॉक्टर टीम में डॉ. आसिफ खान, डॉ. अबुल क़ासिम, डॉ. मोहम्मद उस्मान, डॉ. ऐमन कुलसूम मौजूद रहीं। अमील शम्सी ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की समाज में इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए जिससे जरूरतमंदों की जरूरत पूरी हो सके। इस मौके पर फाउंडेशन के संस्थापक मोहम्मद सादिक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का शुक्रिया अदा किया।

## सबमर्सिबल बोरिंग का उद्घाटन हुआ



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ पश्चिम के लोकप्रिय विधायक अरमान खान अपने क्षेत्र में विकास की मुहिम में सत्यपुरम कालोनी बालागंज में अपनी विधायक निधि से कराए गए सबमर्सिबल बोरिंग का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जो ज़िम्मेदारी मुझे सौंपी है उसके अनुरुप मैं अपने प्रयास एवं विधायक निधि से क्षेत्र का विकास करूंगा।इस उदघाटन अवसर पर कन्हैया माधवपुर से पार्षद राम नरेश चौरसिया भी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम सत्यपुरम वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित किया गया था। सोसायटी के समस्त पदाधिकारी आदित्य तिवारी, अख्तर हुसैन, सैयद अख्तर अब्बास,राजेश माखिजानी, राजीव टंडन, सुरेश कपूर, सैयद रफत आलम, सुनील कुमार, मन्नीलाल, हाजी मोहदम्मद रिजवान, उज़ैर हैदर,रजी हसन इत्यादि लोग उपस्थित रहे। सोसायटी के अध्यक्ष एवं सचिव ने विधायक एवं पार्षद का स्वागत और आभार व्यक्त किया।

## प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अफ्हाम-ए-जमा सोसाइटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साएम मेहदी से मुलाकात कर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वर्ष 2019 में बनाए तीन तलाक के कानून का हम स्वागत करते हैं। यह कानून शिया मुसलमानों पर भी लागू किया जा रहा है, जबकि एक साथ बोले गये तीन तलाक का चलन शिया मुसलमानों में नहीं है और न ही शिया मुसलमानों में तीन तलाक का कोई वजूद है।

# स्वच्छता सतत चलने वाला जनान्दोलन : धर्मपाल सिंह

अवधनामा संवाददाता







**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को प्रदेश के शहरों, गांवों, गली, मोहल्लों, मठ-मंदिरो, विद्यालयों तथा सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छताग्रह के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छताग्रह का संदेश लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने राजधानी लखनऊ में स्वच्छता अभियान की अगुवाई की और सड़को पर निकलकर सफाई करते हुए जनमनास को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से प्रारम्भ हुए सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित स्वच्छता अभियान में प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने स्वच्छता अभियान से स्वच्छ भारत-सुन्दर भारत-स्वस्थ भारत-समृद्ध भारत का संदेश दिया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने आलमबाग लखनऊ में प्राइमरी पाठशाला से स्वच्छता अभियान प्रारम्भ किया। इससे पूर्व संविधान शिल्पी 'भारत रत्न' डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। श्री चौधरी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उत्कृष्ट मार्गदर्शन में देश व प्रदेशवासियों ने स्वच्छता का शिष्टाचार से आत्मीकरण किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जब स्वच्छ भारत के लिए देशवासियों का आवाह्न किया तो देश के नागरिकों ने आगे बढ़कर स्वच्छता को जन आंदोलन बना दिया। आज देश के जनमानस के विचार और व्यवहार में स्वच्छता का भाव मजबूती के साथ दृढ़ हुआ है। जिससे देश की तस्वीर बदली है और इस बदली हुई तस्वीर की चमक पूरा विश्व देख रहा है।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने आज लखनऊ के फैजुल्लागंज वाल्मीकि बस्ती में स्वच्छता अभियान को गति प्रदान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता के लिए राष्ट्र का आवाह्न करते हुए बताया कि स्वच्छता किस प्रकार देशवासियों के स्वास्थ्य व समृद्धि तथा देश की सुदृढ़ अर्थव्यवथा की कारक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सतत चलने वाला जनान्दोलन है इसलिए इस आन्दोलन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में हमारी रचनात्मकता एवं सहयोगात्मकता से राष्ट्रव्यापी आन्दोलन की सफलता सुनिश्चित होगी।

## सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सेवाए अब घर बैठे प्राप्त सकते हैं

**लखनऊ।** सेवायोजन विभाग,उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सेवामित्र व्यवस्था के माध्यम से नागरिक कई तरह की सेवाए जैसे इलेक्ट्रीशियन,प्लंबर, कारपेंटर, मैकेनिक, मैनपावर सर्विसेज, सैलून, नर्सिंग, पेंटर, टूर्स एंड ट्रेवल्स, मोबाइल रिपेयर, लॉन्ड्री आदि घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं साथ ही सेवाप्रदाता फर्मस एव कुशल कामगार भी इस व्यवस्था के अंतर्गत अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इन सेवाओं का लाभ सेवामित्र पोर्टल sewamitra.up.gov.in अथवा सेवामित्र मोबाईल एप्लीकेशन या ट्रॉलफ्री कॉल सेंटर नंबर 155330 के माध्यम से उठाया जा सकता हैं। सेवामित्र व्यवस्था के अंतर्गत कौशल प्राप्त युवाओं को सेवाप्रदाता एजेंसी के माध्यम से स्वावलंबन के अवसर प्राप्त हो रहे हैं साथ ही इसमें डेवर्क और प्रोजेक्ट वर्क के अंतर्गत स्टार्टअप के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं,यह व्यवस्था पेशेवरों को डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने और नागरिकों को उचित कीमत पर स्त्यापित सेवाए प्रदान कर सरकार के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के अनुरूप है।

# अमरोहा अदब की बस्ती है



अवधनामा संवाददाता

**अमरोहा।** देश के जाने माने डा आज़ादार हुसैन ख़ान ने आज अपने नौगांवा दौरे के दौरान अमरोहा पहुंच कर यहां की प्रख्यात दरगाह हज़रत शाह विलायत के मज़ार पर हाज़री दी, इस दौरान कारवाने खुलूस के सदस्यों ने उनको अमरोहा की तारीख़ पर लिखी हुई किताबे पेश की। डा आज़ादार हुसैन ख़ान ने कहा की अमरोहा अदबी बस्ती है, इस शहर ने पूरी दुनिया में अपना नाम रोशन किया है। दरगाह शाह विलायत पूहंचने पर डा आज़ादार हुसैन ख़ान और उनके परिवार ने चादर पोशी के बाद बिच्छू हाथ में लेकर देखा, दरगाह पर उनकी दस्तार बंदी की गई। इसके बाद उन्होंने शहर के इमाम बारगाहो और डा अज़ीम अमरोही की कबर पर हाज़री दी, इस दौरान डा अज़ीम की किताब सलामे अज़ीम मेहमानान को पेश की गई। अंत में डा आज़ादार हुसैन ख़ान ने कमाल अमरोही के घर जाकर कमाल साहब की एतिहासिक चीजों के दर्शन किए। डा आज़ादार हुसैन ख़ान ने कहा की कमाल अमरोही जैसा नाम कई सदियों में पैदा होता है, खानदाने कमाल अमरोही ने अमरोहा का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। उन्होंने कहा की अमरोहा अदबी बस्ती के तौर पर पूरी दुनिया में जानी जाती है, जॉन एलिया और कमाल अमरोहवी ने दी इस शहर को अनोखी पहचान दी है।

# जनपद में उत्साह के साथ मना स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** शहरों और गांवो को स्वच्छ बनाने हेतु सार्वजनिक कार्यो को प्रेरित करने तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के लिए उनकी जयन्ती की पूर्व सन्ध्या पर एक स्वच्छांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आहवान पर आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों व नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में ग्राम पंचायतों, ब्लाकों, तहसील व जिला स्तर पर ''एक तारीख एक घण्टा स्वच्छता के लिए श्रमदान'' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस स्वच्छता अभिदान का मुख्य फोकस कूड़ा करकट वाले संवेदनशील क्षेत्रों और अधिक आवाजाही वाले स्थानो पर वास्तविक रूप से सफाई



गतिविधियों को संचालित करने पर गांव और शहर सुन्दर और स्वच्छ होंगे। नगर की हृदय स्थल घण्टाघर पार्क में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने शासन द्वारा नगर विकास के लिए नामित नोडल अधिकारी उप निदेशक नगर विकास सुनील यादव, नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल व अन्य पार्टी पदाधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन, स्वैच्छिक संस्थाओं के पदाधिकारी व सदस्यगण, समाजसेवी, व्यापारियो व उद्यमियों, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी सदर डॉ. पूजा यादव, ई.ओ. प्रमिता सिंह व अन्य अधिकारियों तथा आमजन के साथ श्रमदान में भाग लिया। इस अवसर पर डीएम ने अन्य अतिथियों एवं अधिकारियों के साथ नगर पालिका परिषद बहराइच की ओर से तैयार कराये गये स्वच्छता गीत का विमोचन कर कार्यक्रम स्थल पर स्थापित किये गये बैनर पर हस्ताक्षर कर स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की।

''एक तारीख एक घण्टा स्वच्छता के लिए श्रमदान'' कार्यक्रम अन्तर्गत रेलवे ट्रैक के आस पास की झाडियों/कचरा एवं रेलवे स्टेशन, बस अडडा, टोल प्लाजा व आस-पास के क्षेत्रों में सड़क के किनारे की पटरियों, तालाब, पोखर, पुलो के नीचे, बाजार, गलियों, पूजा स्थलो के आस पास का क्षेत्र, सार्वजनिक एवं निजी कार्यालयों के आस पास के क्षेत्र, मुख्य पर्यटन स्थल, वन्य जीव क्षेत्र, गौशाला, आवासीय मुहल्लों, अस्पताल, आंगनबाडी केन्द्रों, स्कूलों एवं कालेजों के आस पास के क्षेत्र, पार्को, खुली जगहों, मुख्य चौराहों एवं गन्दी बस्तियों आदि स्थलों पर विशेष सफाई एवं सिंगिल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध के साथ अन्य विकल्प हेतु जागरूक किया गया।

## गांधी जी के विचार आज भी प्रसागिक है: शाहनाज



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** एक अक्टूबर को फिरंगी महल चौक स्थित वहीदुल्ला हाल में बज्म ए खवातीन द्वारा गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर पयाम ए इंसानियत विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी सदारत बेगम शाहनाज सिदरत ने किया। मुख्य अतिथि डा. निकहत जहां थी अपने संबोधन में बेगम शाहनाज ने कहा गांधी जी के त्याग और बलिदान तथा सत्य अहिंसा के विचार समाज के लिए आज भी उतनी ही ज़रूरी है जितनी पहले थी खास तौर पर तब जब समाज में आपसी भाई चारा काम हो रहा है उन्होंने सभी से प्यार और देश प्रेम से रहने और इंसानियत का पैगाम दिया था हमारा आज का प्रोग्राम इसी मानवता के संदेश पराधरित है। हमे एक ऐसा समाज बनाना है जहा नफरत न हो बल्कि आपसी भाई चारा और सभी धर्मो के लोगो में सौहार्द हो और हमारी राष्ट्रीय एकता सभी के लिए सर्वपरी हो। कार्यक्रम के आखिर में नबी ए करीम पर एक तराना भी पेश किया गया। कार्यक्रम में उक्त के आलावा तंजीम खान, मंजू शुक्ला दीक्षित शाहीन नुसरत, जावरिया, फरीदा आदि मुख्य रूप से मौजूद थी।

## 14 मतदाताओं को डीएम ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 01 अक्टूबर 2023 को अन्तराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर शतायु (100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके) मतदाताओं को जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 14 मतदाताओं को पुष्प गाला, शाल, आयोग द्वारा निर्धारित प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। अन्तराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 14 मतदाताओं में श्रीमती कस्तूरी देवी श्रीमती शकुन्तला देवी रामखिलावन सिंह सुरेश वटेश्वर श्रीमती हफीजन श्रीमती माया देवी श्रीमती रामलली श्रीमती तकदीर वेगम नेकराम श्रीमती रामवती श्रीमती मुन्नी देवी श्रीमती रामकली टीकाराम को सम्मानित किया गया।



## प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम, किए गए पुरस्कृत

**बांदा।** क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जमकर पसीना बहाते हुए विभिन्न खेलों के दौरान स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों से कहा गया कि हमेशा प्रयास करने से जीत हासिल होती है। खेलने से शरीर हमेशा स्वस्थ रहता है। जसपुरा के मिनी स्टेडियम में चल रही क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन मेजबान टीम मधुसूदन दास आदर्श इंटर कालेज जसपुरा का दबदबा रहा। इसके अलावा एकलव्य इंटर कॉलेज झंझरी पुरवा, डा. भीमराव अंबेडकर अमारा, राजकीय हाईस्कूल गडरिया, राजकीय हाईस्कूल बरेहटा, परमहंस रणछोड़ दास आदर्श इंटर कॉलेज खपटिहा कला, राजकीय हाईस्कूल गुगौली, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तिदवारी, सत्य नारायण इंटर कॉलेज तिदवारी,मन्नालाल बालिका इंटर कॉलेज नरजिता,पंडित जवाहरलाल नेहरु इंटर कॉलेज चंदवारा तथा राजकीय इंटर कॉलेज पैलानी के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में 400 मीटर में मेजबान टीम की सीमा ने प्रथम और लक्ष्मी दूसरे स्थान पर रही।

# शिक्षण कार्य के उपरान्त गेट में लगाएं ताला: जिला अल्पसंख्यक अधिकारी

### मदरसे में बाहरी लोगों के आवागमन की करें रजिस्टर में इन्ट्री

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा (हमीरपुर)।** हर मदरसा मूल रूप से धार्मिक शिक्षा का केन्द्र होता है जहाँ शिक्षा ग्रहण करनें वाले विद्यार्थियों को धर्म सिखाया व पढ़ाया जाता है। अधिकांश मदरसों में एक शाखा यतीम खाना की होती है जहाँ गरीब, अनाथ व बेसहारा बच्चों के रहन-सहन खान-पीन के प्रबन्धन के साथ साथ धार्मिक शिक्षा दी जाती है। इस प्रकार के सभी इदारे मुस्लिम समुदाय के द्वारा दी जानें वाला दान, सदका, जकात आदि से चलते हैं लेकिन यह भी सच है मुस्लिम समुदाय के दान से चलनें वाले अधिकांश शिक्षण संस्थान निजि स्वार्थ के लिए आपसी विवादों मे घरे रहते है इसी प्रकार का मदरस रहमानिया अनवारुल उलूम यतीम खाना मौदहा भी है। यह क्षेत्र का सब से पुराना शिक्षा केन्द्र है लेकिन उक्त मदरसे और विवाद का चोलीदामन का साथ रहा



है जहाँ कुछ दिन पूर्व मारपीट का ऐसा विडियो वायरल हूआ जिस नें पूरे समाज को झिझोर कर दिया। दैनिक समाचार पत्रों व टीवी चैनलों मे खबर इतनी प्रमुखता से दिखाई व छपी कि आला आधिकारीयों नें तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जांच हेतु भेजा था। इसी सम्बन्ध में आज जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल नें मदरसे में पहुंच कर मिडिया की उपस्थिति में जांच की अधिकारी नें यतीम खाना के अध्यापक सना उल्ला से उन की समिति के सम्बन्ध मे कई प्रशन किये जिन का सन्तोष जन उत्तर न मिलने पर अधिकारी नें कहा कि एक सप्ताह के भीतर अवामी इमदाद कमेटी के सभी प्रपत्र, आमदनी व खर्च रजिस्टर आदि प्रस्तुत करें। पूर्व सभा मुन्ना गुरू नें शिकायत की कि मदरसे में विगत दस वर्षो से देर रात तक बाहरी लोगों की बैठक होती है जिस पर अधिकारी नें कहा कि आज से मदरसे में कोई बैठक नही होनी चाहिए अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। एक सवाल हथौड़े की तरह दिमाग में चोट मारता है कि आखिर शिक्षा के केन्द्र जहां धर्म के नाम पर करोड़ों रुपये इकठ्ठे किये जाते है वहां एक नेत्रहीन गरीब, बेसहारा बुजुर्ग को एक सरकारी अध्यापक द्वारा लात घूसों से न सिर्फ मारा बल्कि उसे घसीटा गया जिस का वीडियों मदरस में लगे सीसीटीवी कैमरे कैद होगया और उसे कमेटी के ही लोगों नें वायर भी कर दिया जो इतना वायरल हो गया।

## स्वच्छता रैली और राष्ट्रीय उद्यान में साफ सफाई अभियान का नेतृत्व किया



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 1 अक्टूबर 1 घंटे स्वच्छता अभियान श्रमदान के लिये कि गई अपील के अंतर्गत राजधानी लखनऊ के अलीगंज में आई.टी.बी.पी, पीआईबी,केंद्रीय संचार ब्यूरो और शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय ने संयुक्त रुप से स्वच्छता संकल्प,रैली और राष्ट्रीय उद्यान में साफ सफाई का अभियान चलाया। इस मुहिम में आम जनता भी शामिल हुई। स्वच्छता रैली से पूर्व आई.टी.बी.पी , पूर्वी फ्रंटियर , लखनऊ के उप महानिरीक्षक विश्वामित्र आनंद ने सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलाया और लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि एक तारीख, एक घंटा,माननीय प्रधानमंत्री जी का आह्वान है, श्रमदान के लिए भारत में 6.4 लाख से अधिक स्थल चयनित किये गये है.उन्होंने कहा कि हमारा देश भी पूर्णतया स्वच्छ हो, इसके लिए कई महापुरुषों ने सपने देखे थे और उन्हें साकार करने की भी कोशिश की थी लेकिन वह किसी कारण सफल नहीं हो पाए,लेकिन अब इस सपने के साकार होने का समय आ गया है। पत्र सूचना कार्यालय के अपर महानिदेशक श्री विजय कुमार ने सड़को और पार्को से प्लास्टिक और कूड़े को हटाया और आम नागरिकों से कहा कि स्वच्छ भारत केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह आम आदमी की वास्तविक चिंताओं और इस मुद्दे को दूर करने के उनके संकल्प को दर्शाता है। श्री विजय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा जनभागीदारी से जन आंदोलन की बात को दोहराया है।

## प्रभारी मंत्री ने स्वच्छता ही सेवा के तहत किया श्रमदान



**हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश मनोहर लाल जी ने स्वच्छता के लिए श्रमदान के महाभियान कार्यक्रम के तहत मुख्यालय स्थित चौरा देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर माननीय मंत्री सहित माननीय राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ,जनपद के नोडल अधिकारी / प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग डॉ शन्मुगा सुंदरम एमके ,जिलाधिकारी राहुल पांडे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर कुलदीप निषाद, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रमेश चंद्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव , मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला सहित भारी संख्या में जनपद वासियों ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत चौरा देवी प्रांगण में झाड़ू लगाकर ,पॉलिथीन कूड़ा आदि एकत्र कर श्रमदान किया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

## डीएम की पहल, स्वच्छता के महाभियान से जन-जन को जोड़ने के लिए उठाया कदम



**गोण्डा अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपदवासियों को स्वच्छता के महाभियान से जोड़ने के लिए अनूठी पहल की है। पहली बार जनपद में स्वच्छता के लिए प्लॉग रन का आयोजन किया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी के आवाह्न पर प्रस्तावित स्वच्छता के लिए श्रमदान और शासन की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत एक तारीख एक घण्टा स्वच्छता के लिए कार्यक्रम के तहत इसका आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी निबन्धक, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन श्रीमती कंचन वर्मा मौजूद रहेंगी। गुरुनानक चौराहे से सुबह 9 बजे प्रस्तावित इस कार्यक्रम में जनपद के गणमान्य नागरिकों के साथ विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी प्रतिभाग करेंगे। **यह रहेगा प्लॉग रन का रूट :** स्वच्छता प्लॉग रन कार्यक्रम की शुरुआत सुबह नौ बजे गुरुनानक चौराहे से की जाएगी। श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की ओर से नुक्कड़ नाटक के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। प्लॉग रन को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना दिया जाएगा। एलबीएस चौराहे से होती हुई यह प्लॉग रन गांधी पार्क तक जाएगी। यहां प्रतिभागियों द्वारा पार्क को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए श्रमदान किया जाएगा। टॉउन हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन

**सोनभद्र।** शासन के आदेशानुसार दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 को नगर पंचायत चुर्क-घुर्मा, सोनभद्र में ''स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा'' अभियान के अन्तर्गत दिनांक 15 सितम्बर, 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 को सुबह 10 बजे, 01 घंटे ''स्वच्छता के लिए श्रमदान'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत चुर्क-घुर्मा के 10 वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई का कार्य कराया गया एवं शपथ ग्रहण व चलते हुए कुड़ा उठान का कार्य किया गया। नगर के विभिन्न वार्डो में कार्ययोजना के अनुसार विशेष सफाई का कार्य किया गया। सभी वार्ड सदस्यों द्वारा स्थानीय नागरिकों के सहयोग से ''स्वच्छता के लिए श्रमदान'' के अन्तर्गत वृहद जागरूकता अभियान चलाकर नगर में सफाई कराया गया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर उक्त कार्यक्रम में सभी वार्ड के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि व नगर पंचायत चुर्क-घुर्मा, सोनभद्र के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# डीएम ने पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर में साफ सफाई, मरम्मत कार्य व कराये जा रहें सुन्दरीकरण कार्य का जायजा लिया, इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा की विद्यालय में बेहतर गुणवत्ता वाला टाइल्स लगाया जाये, इसमें किसी तरह की शिथिलता न बरती जाये, विद्यालय में कराये जा रहें मरम्मत कार्य की प्रगति में और तेजी लाये जाये, जरुरत के अनुसार अधिक वर्कर बढ़ाकर कार्य को पूर्ण कराये जाये, इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित सम्बंधितों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय में कराए जा रहे हैं सुंदरीकरण व मरम्मत कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाए, इसमें जो भी सामग्री उपयोग किया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाये, इस कार्य को और तेजी के साथ लगकर पूर्ण कराया जाए। निरीक्षण के



दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय के किचन का जायजा लिया, जहाँ साफ सफाई का अभाव मिला, जिस पर विद्यालय के प्राचार्या को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, इस दौरान जिलाधिकारी ने किचन में रखें खाद्य सामग्री व अन्य वस्तुओं का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया, तो पाया गया कि चावल और उड़द की दाल की क्वालिटी ठीक नहीं है, जिसे तत्काल वापस कर,अच्छी किस्म की चावल व दाल का प्रयोग विद्यालय के छात्राओं के लिए किया जाए, इसमें किसी तरह की शिथिलता न बरती जाए अन्यथा की स्थिति में संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में छात्राओं के लिए जो भी खाद्य पदार्थ व अन्य सामग्री का उपयोग किया जाए वह ब्रांडेड व गुणवत्तापूर्ण हो, ऐसी सामग्रियों को विद्यालय की छात्राओं के उपयोग में कदापि न लाया जाये, बेहतर गुणवत्तायुक्त व ब्रांडेड कंपनी का ही सामग्री व खाद्य पदार्थ को विद्यालय के छात्राओं हेतु उपयोग में लाया जाए।

## स्वच्छता के महाभियान में अपना योगदान दें: मधु पंडित

**मथुरा अवधनामा संवाददाता।** चंद्रोदय मंदिर प्रांगण स्थित हरे कृष्णा मूवमेंट के युवाओं द्वारा रविवार को स्वच्छता ही सेवा प्रकल्प के अंतर्गत कुसुम सरोवर से राधाकुण्ड के मध्य स्वच्छता के महाभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत के गणमान्य नागरिकों को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि वह स्वच्छता के इस महाभियान में अपना योगदान दें। इसी क्रम में वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर एवं अक्षय पात्र फाउण्डेशन के चेयरमैन श्री मधु पंडित दास जी के मार्गदर्शन पर 500 युवाओं ने इस स्वच्छता के महाभियान में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर मधु पंडित दास ने सोहनी सेवा करते हुए गोवर्धन क्षेत्र में निवास करने वाले नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाया एवं उन्हें अपने आस-पास स्वच्छता को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।

## भारत की विविधता ही दुनिया को दिशा दिखाएगी

**मथुरा अवधनामा संवाददाता।** संस्कृति विश्वविद्यालय के सातवें स्थापना समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचारक सुनील आंबेकर जी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अपनी सोच सबके बारे में सोचने की बनाएं। यही हमारी प्राचीन और कारगर तकनीकि है। आज भारत जिस विविधता के साथ आगे बढ़ रहा है वही विविधता के साथ चलने की तकनीकि सारी दुनियां को राह दिखाएगी। मुख्य अतिथि ने कहा कि आप सभी विद्यार्थी बहुत भाग्यशाली हैं जो संस्कृति विश्वविद्यालय में पढ़ रहे हैं। यह एक ऐसा विवि है जो देश के सांस्कृतिक मूल्यों को प्रमुखता देता है और इसी सोच के साथ आपका भविष्य बना रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आज देश में ऐसी अनेक घट रही हैं जिनपर हम सब गर्व कर सकते हैं। चांद के दक्षिणी क्षेत्र में पहुंचने वाला दुनियां का पहला देश भारत बना है। हमारा देश विश्व के सभी महत्वपूर्ण मंचों पर उपस्थित होता है। दुनिया का हर बड़ा देश भारत की ओर देख रहा है।

## खिरनीबाग धर्मशाला में हुई बैठक

**शाहजहांपुर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय एकता मंच के तत्वाधान में दुर्गापूजा कमेटी खिरनीबाग द्वारा हर वर्ष की भांति नवरात्र महोत्सव पर शिरोमणि अवार्ड का आयोजन 21 अक्टूबर को आयोजित होगा। इसके लिए 8 अक्टूबर को ऑडिशन भी होगा।खिरनीबाग स्थित धर्मशाला में आयोजित प्रेसवार्ता में दुर्गापूजा कमेटी के सांस्कृतिक सचिव अनूप गुप्ता ने बताया कि शिरोमणि अवार्ड प्रतियोगिता तीन वर्गों में भारतीय संस्कृति के अनुसार होगी। इसमें बाल वर्ग में तीन से सात वर्ष तक के बच्चे प्रतिभाग करेगे। यह प्रतियोगिता भक्ति नृत्य के रूप में होगी। जूनियर वर्ग में आठ से बारह वर्ष कर बच्चे लोक नृत्य में प्रतिभाग करेगे। सीनियर वर्ग में 13 से 20 वर्ष तक के प्रतिभागी शामिल होंगे।

## स्वच्छता के लिए श्रमदान कायक्रम का आयोजन

**सोनभद्र।** शासन के आदेशानुसार दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 को नगर पंचायत ओबरा, सोनभद्र में ''स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा'' अभियान के अन्तर्गत दिनांक 15 सितम्बर, 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 को सुबह 10 बजे, 01 घंटे ''स्वच्छता के लिए श्रमदान'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत ओबरा के 18 वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई का कार्य कराया गया एवं शपथ ग्रहण व चलते हुए कुड़ा उठान का कार्य किया गया। नगर के विभिन्न वार्डो में कार्ययोजना के अनुसार विशेष सफाई का कार्य किया गया। सभी वार्ड सदस्यों द्वारा स्थानीय नागरिकों के सहयोग से ''स्वच्छता के लिए श्रमदान'' के अन्तर्गत वृहद जागरूकता अभियान चलाकर नगर में सफाई कराया गया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती चांदनी प्रभारी अधिशासी अधिकारी श्री प्रभाकर सिंह सभी वार्ड के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि व नगर पंचायत ओबरा सोनभद्र के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# नोडल अधिकारी व जिलाधिकारी ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता कार्यक्रम में लिया हिस्सा

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** शासन के निर्देशों के क्रम में नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी व जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के अन्तर्गत कार्यक्रम का शुरूआत की गयी, मण्डलायुक्त/नोडल अधिकारी के नेतृत्व में म्योरपुर ब्लाक के सेन्धुरा मकसरा गांव में की गयी, इसी प्रकार से जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह के नेतृत्व में राबर्ट्सगंज नगर पालिका अन्तर्गत बढ़ौली चैक चैराहे से झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गयी।

इस अभियान के दौरान नोडल अधिकारी/ जिलाधिकारी, मा0 विधायक सदर श्री भूपेश चैबे, नगर पालिका अध्यक्ष राबर्ट्सगंज श्री रूबी प्रसाद, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी( वि0/रा0 ) श्री सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी



(न्यायिक) श्री सुभाष चन्द्र यादव, अधिशसी अधिकारी नगर पालिका श्री विजय कुमार यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री विशाल सिंह ने झाड़ू लगाकर श्रमदान कर स्वच्छता कार्यक्रम में अपनी जिम्मेदारी निभाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मण्डलायुक्त/नोडल अधिकारी डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने म्योरपुर ब्लाक के सेन्धुरा मकरा गांव में जुट से बने थैलों का वितरण किये और लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक के थैला आदि का प्रयोग न करें, प्लास्टिक के प्रयोग से अनेक प्रकार बीमारियॉ होने की संभावना रहती है, जनपद को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सभी मिलजुल कर अमूल्य सहयोग दें। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य से कूड़ा, करवट वाले संवेदनशील क्षेत्रों और अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर साफ-सफाई करके अपने गांव, शहर व अपने कार्यालय को स्वच्छ, सुन्दर हरित बनाना है, उन्होंने कहा कि जनपद के नगरीय क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# विधायक के साथ आमजन ने श्रमदान कर की सफाई



अवधनामा संवाददाता

**नरैनी।** एक तारीख एक घंटा एक साथ स्वच्छता अभियान के तहत विधायक ने नगरवासियों के साथ प्रसिद्ध मंदिर परिसर में श्रमदान करते हुए सफाई की। नगर पंचायत अध्यक्ष और सफाई कर्मियों सहित सभी कार्यकर्ताओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। रविवार को सुबह 10 बजे से कस्बा के प्रसिद्ध और प्राचीन कारून देवी मंदिर में सुबह 9 बजे से ही भाजपा कार्यकर्ताओं और नगर पंचायत के सफाई कर्मियों का जमावड़ा लग गया। विधायक ओममणी वर्मा की अगुवाई में नगर पंचायत के चेयरमैन मूलचंद्र सोनकर तथा भाजपा कार्यकर्ताओं और सफाई कर्मियों ने मिलकर श्रमदान करते हुए एक घंटे तक सफाई की। स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता डा. देवेंद्र सिंह भदौरिया, ओम प्रकाश पाण्डेय, कमलाकांत द्विवेदी, आशीष अवस्थी, राजेश चौरसिया, रविशंकर मिश्र, अनुपम त्रिवेदी, नागेंद्र मिश्र, योगेंद्र कुमार, राकेश दीक्षित, धर्मेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, दिलीप पाण्डेय, सुशील शर्मा, केशव पाण्डेय, कुलदीप त्रिपाठी, राघवेंद्र त्रिपाठी, हरीराम कबीर, उमेश विश्वकर्मा, प्रवीण गौतम, सभासद संतोष शिवहरे, नीरज कुमार, आदित्य त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र पाण्डेय और नगर पंचायत कर्मी एवं सफाई कर्मियों सहित लगभग एक सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

## स्वयं सहायता समूह को पोषाहार की आपूर्ति समय पर की जाए

**हरदोई अवधनामा संवाददाता।** विगत दिवस 30 सितम्बर 2023 को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ई कवच पोर्टल पर शत प्रतिशत फीडिंग करायी जाए। फीडिंग कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जाए। उन्होंने स्वयं सहायता समूह को पोषाहार की आपूर्ति समय पर की जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार शिफ्ट बढ़ाई जाएं। सैम व मैम बच्चों को सुपोषित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी सीडीपीओ अच्छी प्रगति के लिए बेहतर ब्लॉकों से अपनी तुलना करें। उन्होंने सभी बिन्दुओं पर विकास खण्डों की रैंकिंग बनाने के निर्देश दिए। खराब प्रगति वाले विकास खण्डों के सीडीपीओ की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी।

## शिक्षकों व शिक्षामित्रों ने श्रमदान कर की सफाई

**बिलगांव अवधनामा संवाददाता।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय बिलगांव भाग एक में शिक्षक स्टाफ द्वारा श्रमदान करते हुए विद्यालय की सफाई की गई। ग्रामीणों को भी श्रमदान के लिए प्रेरित किया। महुआ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलगांव के प्राथमिक विद्यालय भाग 1 में रविवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विद्यालय की प्रधानाचार्य शिखा खरे, सहायक शिक्षिका बीना भास्कर, अनीता और राकेश शर्मा शिक्षामित्र के अलावा आंगनबाड़ी कुसमा देवी, सहायिका रामकली आदि ने सुबह 10 से 11 बजे तक तक एक घंटे विद्यालय परिसर की श्रमदान करते हुए सफाई की। ग्राम पंचायत बिलगांव की गौशाला तथा सचिवालय में ग्राम प्रधान अनिल यादव, सचिव अनुरुद्ध पटेल, पंचायत सहायक आदर्श साहू आदि ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत श्रमदान किया। ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती राजकुमारी
ब्लाक प्रमुख, जसपुरा
महेश निषाद
प्रतिनिधि

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञानेन्द्र सिंह यादव
खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक जसपुरा (बाँदा)

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं
ओमप्रकाश पाल
ए.डी.ओ. पंचायत, ब्लाक जसपुरा (बाँदा)

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत महाबरा
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
सब्बो बीबी - प्रधान
शिवनिधान - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत गलौली
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
बृजेन्द्र सिंह - प्रधान
ओमप्रकाश पाल - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत अदरी
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
उजैर खान - प्रधान
ओमप्रकाश पाल - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत पड़ोहरा
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
ऊषा शिवहरे - प्रधान
ओमप्रकाश पाल - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत सिकहुला
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
सुरेन्द्र पाल - प्रधान
ओमप्रकाश पाल - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत नरजिता
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
शिवदर्शन प्रजापति - प्रधान
चंदन - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत गड़रिया
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
लीलावती - प्रधान
योगेश - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत गाजीपुर
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
राधेश्याम - प्रधान
ओमप्रकाश पाल - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत बरेहटा
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
उर्मिला - प्रधान
ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत कानाखेड़ा
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
विदेश सिंह (गुड्डन) - प्रधान
अभिनेन्द्र - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत पिपरोदर
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
मीरा देवी - प्रधान
शिवनिधान - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत नादादेव
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
रोहित कुमार - प्रधान
ओमप्रकाश पाल - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत जसपुरा
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
सुनीता सिंह - प्रधान
योगेश - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत तनगामऊ
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
शिवरानी - प्रधान
ओमप्रकाश - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत डाडामऊ
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
बरदानी प्रजापति - प्रधान
अभिनेन्द्र - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत गौरीकला
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
रामसजीवन यादव - प्रधान
चन्दन - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत इछावर
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
ममता - प्रधान
ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत नारायढ़
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
मुन्नू यादव - प्रधान
आनन्दमोहन शर्मा - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत खप्टिहाखुर्द
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
राजेश निषाद - प्रधान
ओमप्रकाश - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत सिन्धनकलॉ
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
शिवप्यारी - प्रधान
शिवनिधान - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत पडरी
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
आरती - प्रधान
अभिनेन्द्र - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत गडोला
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
लल्लू प्रसाद - प्रधान
चन्दन - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत लसड़ा
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
मन्जू सिंह - प्रधान
अभिनेन्द्र - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत मड़ौलीकलॉ
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
शिरोमन श्रीवास - प्रधान
शिवनिधान - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत चन्दवारा
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
अरविन्द सिंह फौजी - प्रधान
ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत गौरीखुर्द
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
पूनम सिंह - प्रधान
आनन्दमोहन शर्मा - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत झंझरीपुरवा
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
मूलचन्द निषाद - प्रधान
आनन्दमोहन शर्मा - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत नरौली
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
अमर सिंह यादव - प्रधान
ओमप्रकाश पाल - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत बड़ागांव
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
अनिल पाल - प्रधान
अभिनेन्द्र - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत अमारा
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
अशोक - प्रधान
ग्राम विकास अधिकारी

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत रामपुर
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
दयावती - प्रधान
चन्दन - सचिव

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को गांधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत सबाहदा
विकास खण्ड-जसपुरा (बांदा)
शहाबुद्दीन खान - प्रधान
आनन्दमोहन शर्मा - सचिव